kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-143 ❒ मंगलवार, 23 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस दु:खद समय में प्रभावित परिवारों की सहायता अपने परिवार की तरह करें। यह समय केवल संवेदना व्यक्त करने का नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों का संबल बनने का है। भाजपा कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि कोई भी परिवार स्वयं को अकेला महसूस न करे। पंकज चौधरी


महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में 17 सीटों में 16 पर भाजपा गठबंधन का कब्जा 11

पंजाब का औद्योगिक गौरव फिर बहाल करेंगेः नितिन नवीन 12


# कोचिंग में भीषण आग, 15 छात्रों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहां एक कोचिंग सेंटर में अचानक लगी भीषण आग ने कई जिंदगियों को लील लिया। इस दर्दनाक घटना में अब तक 15 छात्रों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही कोचिंग सेंटर के अंदर धुआं तेजी से फैल गया, जिससे छात्रों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। कई छात्र जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे, जबकि कुछ बच्चे मजबूरी में बाथरूम और छोटे कमरों में छिप गए। लेकिन घना धुआं और आग की तेज लपटों के कारण वे बाहर नहीं निकल सके।

स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी थी और कई छात्र अपनी जान गंवा चुके थे। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अलीगढ़ का दौरा बीच में रद्द कर राजधानी लौट आए। वह सीधे अलीगंज स्थित अग्निकांड स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आग से जली बिल्डिंग का निरीक्षण किया और बगल के भवन की छत पर जाकर भी स्थिति के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने शासन व प्रशासन के अधिकारियों से हादसे की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अग्निकांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अग्निकांड में जान गंवाने वाले बच्चों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी घोषित की। मुख्यमंत्री घटनास्थल से सीधे किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचे। वह यहां भर्ती कराए गए घायल बच्चों से मिले। उनसे भी आग लगने के कारणों और घटना के बारे में संपूर्ण जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने घायलों के परिजनों को भी हिम्मत बंधाई और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने केजीएमयू प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज के लिए भी निर्देशित किया। कुलपति प्रोफ़ेसर सोनिया नित्यानंद ने मुख्यमंत्री को घायलों के इलाज के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। मुख्यमंत्री जब केजीएमयू पहुंचे तो उनकी मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों के आंसू पोंछे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसी की जिंदगी तो नहीं लौटा सकते लेकिन विश्वास दिलाते हैं कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। सरकार परिजनों के साथ है। घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से गहरा दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। घटनास्थल व केजीएमयू का दौरा करते समय मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, विधायक नीरज बोरा, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा) अमित कुमार घोष, डीजी (फायर सर्विस) सुजीत पांडेय, लखनऊ के आयुक्त विजय विश्वास पंत व जिलाधिकारी विशाख जी आदि भी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि सोमवार को दोपहर बाद लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से कई बच्चों की मौत हो गयी और कई घायल हैं।



❒ अलीगंज अग्निकांड : मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 05-05 लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपये सहायता की घोषणा की

❒ मुख्यमंत्री योगी ने अलीगंज में अग्निकांड में जली बिल्डिंग देखी, बगल के भवन की छत पर जाकर भी किया मुआयना



### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाईः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) को खुद घटनास्थल का दौरा करने के कड़े निर्देश दिए। सीएम ने साफ किया है कि दोनों आला अधिकारी मौके पर जाकर व्यक्तिगत रूप से स्थिति का मुआयना करेंगे और इस पूरी लापरवाही पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री को सौंपेंगे।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, आर्थिक मदद का एलान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों को आर्थिक राहत देने का एलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार, घ्ख्रगटक्क(प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षेप

### उद्धव के छह बागी सांसद अब शिंदे के साथ

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सभी छह बागी लोकसभा सदस्य सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो गए। बागी सांसदों के इस कदम से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी में औपचारिक रूप से विभाजन हो गया। बागी सांसद शिंदे और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मुंबई में शिवसेना में शामिल हुए। इनमें संजय देशमुख (यवतमाल), संजय जाधव (परभणी), संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर पूर्व), नागेश पाटिल-आष्टीकर (हिंगोली), ओमप्रकाश राजे निंबालकर (धाराशिव) और भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने 2024 के आम चुनाव में महाराष्ट्र में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। विभाजन के बाद अब उसके पास सिर्फ तीन सांसद बचे हैं। सांसदों की संख्या के हिसाब से शिवसेना अब महाराष्ट्र की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उसके पास पहले से अपने सात सांसद हैं।

### केंद्र ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को तीन साल के लिए पुनर्नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को तीन साल के लिए फिर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। उनका नया कार्यकाल एक जुलाई से शुरू होगा। उनके अलावा पांच एडिशनल सॉलिसिटर जनरल को तीन साल और एक को छह माह के लिए फिर नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने शनिवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी, जो रविवार को सार्वजनिक हुआ है। इसके अनुसार, मेहता देश के दूसरे सबसे बड़े कानून अधिकारी के तौर पर तीन साल के नए कार्यकाल (या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो) काम करते रहेंगे। एसीसी ने उच्चतम न्यायालय के लिए पांच एडिशनल सॉलिसिटर जनरल को भी फिर से तीन साल के लिए नियुक्त किया है। इनमें विक्रमजीत बनर्जी और के. एम. नटराज की पुनर्नियुक्ति एक जुलाई, 2026 से, जबकि सूर्यप्रकाश वी. राजू, एन. वेंकटरमन और ऐश्वर्या भाटी की 30 जून, 2026 से लागू होगी।

### पुलिस मुठभेड़ की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर कर बिहार में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए भरत भूषण तिवारी की कथित गैर-न्यायिक हत्या की जांच के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ कमेटी बनाने और सीबीआई जांच का आदेश देने की मांग की गई है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ के सामने याचिका दायर करने वाले वकील विशाल तिवारी ने मामले को जल्द सुनवाई के लिए रखने का जिक्र किया। याचिका में सीबीआई जांच की भी मांग की गई है। पीठ ने तिवारी से कहा कि रजिस्ट्रार के सामने इसका जिक्र करें।

## कॉलेजियम कार्यवाही को लेकर 'भानुमति का पिटारा' नहीं खोलना चाहते : न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के एक न्यायिक अधिकारी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा, ''हम कॉलेजियम की कार्यवाही को लेकर कोई नया 'भानुमति का पिटारा' नहीं खोलना चाहते।''

याचिकाकर्ता ने याचिका में आरोप लगाया था कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए उनसे कनिष्ठ अधिकारियों के नामों की सिफारिश की गई है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ये ऐसे मामले हैं जिनमें आखिरकार उच्च न्यायालय के कॉलेजियम की अपनी संतुष्टि ही मायने रखती है। पीठ ने सवाल किया, ''क्या न्यायिक रूप से, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम से यह कह सकता है कि आप यह करें या वह करें और किसी नाम पर विचार करें? ऐसा नहीं किया जा सकता।



शीर्ष न्यायालय ने कहा, ''न्यायिक रूप से, हम उच्च न्यायालय कॉलेजियम या उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की कार्यवाही को लेकर कोई ऐसी स्थिति पैदा नहीं करना चाहते जिससे नयी और जटिल समस्याएं खड़ी हो जाएं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ता राज्य के सबसे वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी हैं और उनकी करीब 10 साल की सेवा शेष है। पीठ ने टिप्पणी की कि केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति वरिष्ठ है, इसका अभिप्राय यह नहीं है कि वह पदोन्नति की सिफारिश किये जाने के हकदार हैं। ● शेष पेज 11 पर

## जांच में 159 दवाओं की गुणवत्ता मिली खराब

नई दिल्ली। देश के विभिन्न निर्माताओं द्वारा बनाई गई 46 दवाओं के सैंपल केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला की जांच में मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों की औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं में भी 113 दवाओं के सैंपल मानकों के विपरीत यानी खराब गुणवत्ता के पाए गए हैं। मई में हुई इन दवाओं की जांच रिपोर्ट की स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी दी। नियमित रूप से होने वाली इस जांच के बाद ऐसी घटिया और नकली दवाओं की सूची को हर महीने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएसटीओ) के आधिकारिक पोर्टल पर जारी किया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में स्पष्ट किया है कि किसी दवा के सैंपल को घटिया तब घोषित किया जाता है, जब वह सरकारी प्रयोगशाला की जांच में तय किए गए किसी न किसी गुणवत्ता पैमाने पर फ़ेल हो जाती है। राहत की बात यह है कि यह खामी केवल जांचे गए विशेष बैच की दवाओं में ही पाई गई है, इसलिए बाजार में उपलब्ध अन्य दवाओं को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। जांच के दौरान ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिनों में अंतिम समझौते के लिए योजना पर बनी सहमति

एजेंसी

बर्गेनस्टॉक (स्विट्जरलैंड)। अमेरिका और ईरान के बीच अंतिम समझौते तक पहुँचने के मकसद से हुई बातचीत का पहला दौर 'सकारात्मक' रहा है और मध्यस्थ देशों कतर और पाकिस्तान ने कहा है कि बातचीत में ''उत्साहजनक प्रगति'' हुई है।

पिछले सप्ताह वाशिंगटन और तेहरान के बीच शुरुआती समझौते के बाद रविवार को स्विट्जरलैंड में बातचीत शुरू हुई। तकनीकी स्तर की बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी। कतर और पाकिस्तान ने सोमवार सुबह जारी एक संयुक्त बयान में घोषणा की ''उच्च-स्तरीय समिति'' बनाने पर सहमति बनी है, जो 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुँचने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। मध्यस्थों ने यह भी कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए ''संचार व्यवस्था'' और मध्यस्थता प्रयासों की देखरेख के लिए एक उच्च-स्तरीय



समिति बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची ने कहा कि इस बातचीत से लेबनान में संघर्ष को खत्म करने की दिशा में ''बड़ी प्रगति'' हुई है। बयान के अनुसार ईरान फारस की खाड़ी से ओमान सागर तक और इसके विपरीत दिशा में वाणिज्यिक जहाजों की ''बिना किसी शुल्क के सुरक्षित आवाजाही'' सुनिश्चित करने के लिए ''पूरी कोशिश'' करेगा। बातचीत के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के लिए दबाव बनाने का एक अहम जरिया रहा है। शनिवार को ईरान की मिलिट्री कमांड ने घोषणा की कि वह इस रणनीतिक जलमार्ग को बंद कर देगी। यह कदम लेबनान में इज़रायल के लगातार हमलों और अमेरिका द्वारा युद्ध खत्म करने के समझौते को ''लागू न कर पाने'' के जवाब में उठाया गया। मध्यस्थों के संयुक्त बयान में कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों के सुरक्षित आवागमन के उद्देश्य से ''घटनाओं और गलतफहमियों से बचने'' के लिए एक ''संचार लाइन'' स्थापित की गई है। दोनों पक्षों ने लेबनान में सैन्य अभियानों को समाप्त करने में सहायता के लिए कतर और पाकिस्तान की सहायता से अमेरिका, ईरान और लेबनान को शामिल करते हुए एक ''संघर्ष-निवारण सेल'' स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। स्विट्जरलैंड में वार्ता के समापन के बाद श्री अराघची ने कहा कि ईरान के तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंध हटा दिए गए हैं और विदेशों में फ्रीज हुई कुछ ईरानी परिसंपत्तियों को जारी कर दिया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि ''ईरान के लिए एक बड़ी पुनर्निर्माण ● शेष पेज 11 पर

## कीर स्टॉर्मर ने ब्रिटेन के पीएम पद से इस्तीफा दिया

एजेंसी

लंदन। कीर स्टॉर्मर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता पद से सोमवार को इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के चुनाव की समय-सीमा भी तय करते हुए कहा कि आने वाले हफ्तों में नए नेता का चयन कर लिया जाएगा और वह सितंबर तक पदभार संभाल लेंगे। स्टॉर्मर ने कहा कि लेबर पार्टी के नए नेता के चुने जाने तक वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे। उन्होंने सत्ता का सुचारू हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए नए नेता को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया। पिछले सप्ताह हुए एक अहम उपचुनाव में स्टॉर्मर के प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाले एंडी बर्नहैम की जीत के बाद उनके प्रधानमंत्री पद से हटने की पृष्ठभूमि तैयार हुई। माना जा रहा कि बर्नहैम प्रधानमंत्री बनेंगे,

प्रधानमंत्री कार्यालय '10 डाउनिंग



स्ट्रीट' से अपने संबोधन में भावुक स्टॉर्मर ने कहा कि 'मेरी पार्टी अब यह सवाल पूछ रही है कि क्या अगले आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए मैं सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं?' उन्होंने कहा कि 'मैंने उस सवाल पर अपनी संसदीय पार्टी का जवाब सुना है और मैं उस जवाब को सम्मान के साथ स्वीकार करता हूं। मैंने जो भी फैसला लिया है, उसमें हमेशा उस देश को प्राथमिकता दी है जिससे मैं प्यार करता हूं। इसीलिए मैं लेबर पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने सोमवार ● शेष पेज 11 पर

**सीएम ने फिरोजाबाद में 658 करोड़ से अधिक लागत की 81 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास**

## उत्सव को उपद्रव में बदलना ही सपा का काम : योगी

एजेंसी

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के एजेंडे में विकास नहीं है। समाज को बांटना, सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करना, गुंडागर्दी-माफियागिरी को प्रोत्साहित करना, गरीब कल्याण के कार्य न होने देना, विकास योजनाओं में रोड़े अटकाना और त्योहारों के पहले उत्सव को उपद्रव में बदल देना ही उसका काम रहा है। यूपी में 2017 के पहले के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। लेकिन, जनता के आशीर्वाद से डबल इंजन सरकार आज विकास व विरासत की यात्रा को बढ़ा रही है। यूपी अब अच्छी कानून व्यवस्था तथा विकास परियोजनाओं से पहचाना जा रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को कांच नगरी में 658 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 81 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इनमें टुंडला की 452 करोड़ और शिकोहाबाद की 206 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा नीम करोली की जन्मस्थली पर नागरिकों को विकास परियोजनाओं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके पीछे हमारे विधायकों की मेहनत है। शिकोहाबाद के विधायक भी हमारी तरह काम करते तो यह संख्या बढ़ सकती थी। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार 'एक जिला-एक उत्पाद', 'एक जिला-एक कुजीन', 'एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज' दे रही है, जबकि सपा 'एक जिला-एक माफिया' देती थी। हर जिले का चिह्नित माफिया जमीन पर कब्जा, गुर्गों के जरिए व्यापारियों से वसूली कर अराजकता पैदा करता था। प्रदेश को तबाह करने वाले माफिया सीना तानकर उपद्रव करते थे, लेकिन अब यूपी माफिया, गुंडा, उपद्रव मुक्त है। नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में है सब चंगा। सीएम ने सपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह पार्टी रामनवमी का विरोध करती थी। कांवड़ यात्रा व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उत्सवों पर रोक लगाती थी। गरीब को आवास, आयुष्मान, एलपीजी सिलेंडर, शौचालय आदि की कोई सुविधा नहीं देती थी। बिजली भी नहीं थी, क्योंकि सपा व कांग्रेस के लोग अंधेरे में रहकर डकैती डालते थे। ये लोग गरीब को तबाह करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार द्वारा किए जा रहे विकास का श्रेय जनता-जनार्दन को है। क्योंकि जब आप ईवीएम का सही बटन दबाकर अच्छे जनप्रतिनिधि चुनते हैं और वे कमल का फूल लेकर लखनऊ पहुंचते हैं तो विकास आता है। इससे फिरोजाबाद की यात्रा लोकल से ग्लोबल बनती है। यहां का ग्लास उद्योग नवाचार का नया केंद्र बना है। इसने चीन को पीछे कर दिया है। पहले होली, दीवाली, विजयदशमी आदि त्योहारों पर चीन के बने उत्पाद ही बाजारों में पहुंचते थे। लेकिन, जब यहां के कारीगरों ने नई तकनीक, डिजाइन व बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद बनाने शुरू किए तो त्योहारों, जन्मदिन व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों पर ग्लास की सुंदर मूर्तियां व कलाकृतियां भेंट की जाती हैं। गणपति, राम दरबार, राधा-कृष्ण, भगवान शिव, महात्मा बुद्ध आदि की शानदार प्रतिमाएं देखकर हर कोई अभिभूत होता है। यह प्रतिभा और कला पहले भी थी, लेकिन 2017 से पहले इन्हें प्लेटफॉर्म व प्रोत्साहन नहीं मिलता था। अब स्थानीय उद्यमी व कारीगर इस सुहाग नगरी को नई ऊंचाई दे रहे हैं। डबल इंजन सरकार उन्हें और प्रोत्साहित करेगी। पीएम मोदी जब अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष को ओडीओपी का ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

❒ हमारी नीयत साफ है, इसलिए नीति व नियंता भी मार्ग प्रशस्त करते हैं: सीएम

❒ अब त्योहारों व मांगलिक कार्यक्रमों में उपहार में चीनी उत्पादों के बजाए दी जाती हैं फिरोजाबाद के ग्लास की मूर्तियां: मुख्यमंत्री


❒ सीएम ने कहा- पीएम जब किसी राष्ट्राध्यक्ष को ओडीओपी उपहार देते हैं तो गौरवान्वित होता है यूपी



# योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति में रचा इतिहास, 32348 मेगावाट मांग पूरी कर बनाया राष्ट्रीय कीर्तिमान

❒ 21 जून की रात 10:48 बजे यूपी ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी पीक डिमांड सप्लाई

❒ बिजली आपूर्ति में उत्तर प्रदेश नंबर-1 बना, टूटा महाराष्ट्र का रिकॉर्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करते हुए देशभर में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने 21 जून को रात 10:48 बजे 32,348 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग की सफल एवं निर्बाध पूर्ति कर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश में अब तक की सर्वाधिक पीक पावर डिमांड पूरी करने वाला राज्य बन गया है। इससे पहले 13 मई 2026 को महाराष्ट्र ने 32,317 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग पूरी कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में बिजली व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और उपभोक्ता केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 21 जून को रात 10:48 बजे 32,348 मेगावाट रिकॉर्ड पीक डिमांड आपूर्ति की गई है। जोकि अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। यूपी पीक डिमांड बिजली आपूर्ति करने में लगातार सबसे आगे हैं। 20 जून को यूपी में 31549 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। 19 जून को भी प्रदेश में 30968 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी। इससे पहले 24 मई को यूपी में सबसे अधिक 31824 मेगावाट पीक डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। साल 2025 में 11 जून को 31486 मेगावाट पीक डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। इस तरह 21 जून 2026 को डिमांड बिजली आपूर्ति ने अभी तक के सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

### प्रचंड गर्मी में बिजली की मांग चरम पर

यूपी जैसे विशाल राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति करना एक बड़ी चुनौती रही है। लेकिन योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है। प्रदेश में बिजली अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार नए उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई है और पुराने उपकरणों को आधुनिक तकनीक से अपग्रेड किया गया है। उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड मांग को सफलतापूर्वक पूरा कर यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक मजबूत और सक्षम हो चुकी है।

### बिजलीकर्मी दिन-रात फील्ड में डटे

प्रदेश भर में बिजलीकर्मी दिन-रात मैदान में डटे हुए हैं। चाहे तूफानी रात हो, भारी बारिश हो या चिलचिलाती गर्मी, बिजलीकर्मी हर परिस्थिति में उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और सुचारु बिजली आपूर्ति करने में जुटे हैं। रात्रिकालीन मेंटेनेंस कार्यों के माध्यम से विभिन्न जिलों में बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और उपकेंद्रों की नियमित जांच की जा रही है। ट्रांसफार्मरों की सुरक्षित और प्रभावी कार्यप्रणाली बनाए रखने के लिए उनकी अर्थिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभागीय टीमों द्वारा नियमित रूप से अर्थिंग में पानी डालकर सिस्टम को सुरक्षित और स्थिर रखा जा रहा है।

# मोदी ने काशी को परिवार माना जबकि पिछली सरकारों ने सिर्फ वोट बैंक : डॉ. दयालु

❒ बहन मायावती और अखिलेश यादव की सरकारों ने पांच-पांच वर्ष तक प्रदेश में शासन किया, लेकिन काशी के विकास के लिए एक ईंट तक नहीं रखी गई: दयालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सोमवार को काशीवासियों से संवाद करते हुए कहा कि काशी के विकास को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों और वर्तमान सरकार के कार्यों में जमीन-आसमान का अंतर है।

डॉ. दयालु ने कहा, ''बहन मायावती और अखिलेश यादव की सरकारों ने पांच-पांच वर्ष तक प्रदेश में शासन किया, लेकिन काशी के विकास के लिए एक ईंट तक नहीं रखी गई। 18 वर्षों तक गंगा पर कोई नया पुल नहीं बना और रिंग रोड की चर्चा तक नहीं हुई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी को अपना परिवार मानकर 12 वर्षों में इसका कायाकल्प कर दिया।''

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सरकार तीन वर्षों तक ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) के लिए भूमि आवंटित नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने विकास कार्यों के बजाय अन्य परियोजनाओं को प्राथमिकता दी। श्मशान घाटों तथा मणिकर्णिका घाट के सुंदरीकरण जैसे कार्यों पर भी पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। केंद्र सरकार भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह करती रही, लेकिन राज्य सरकार का अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

आयुष मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 12 वर्षों में दर्जनों बार काशी का दौरा किया और प्रत्येक दौरे में विकास की नई सौगात दी। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, नमो घाट, कैंसर अस्पताल, रिंग रोड तथा गंगा पर नए पुल जैसी परियोजनाएं इसी अवधि की उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें केवल घोषणाएं करती थीं, जबकि भाजपा सरकार विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का काम कर रही है।

डॉ. दयालु ने कहा, ''कमल का फूल गरीबों के सम्मान का प्रतीक है। शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, पक्का आवास और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। काशी आज विकास का मॉडल बन चुकी है, क्योंकि यहां प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प और जनता का आशीर्वाद दोनों साथ हैं।''

## सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक घायल

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब युवक अपने बड़े भाई को छोड़कर वापस घर लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदर्श सोनी (19 वर्ष) पुत्र सत्येंद्र सोनी निवासी ग्राम हिलहा अपने बड़े भाई को हलोर छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय सुबह करीब 11 बजे जमुरावा गांव स्थित शिव मंदिर के पास सामने से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आदर्श गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद अज्ञात बाइक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। परिजन तत्काल घायल युवक को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में जांच के उपरांत हालत नाजुक पाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे एम्स रायबरेली भेज दिया, जहां उसका इलाज जारी है।

## प्रधानमंत्री आवास के अंतिम पात्रता सूची से नाम कटने पर ग्रामीणों पर रोष

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल छह माह बढ़ाकर उन्हें बड़ी सौगात देने का दावा कर रही है सरकार, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम पात्रता सूची में बड़ी संख्या में नाम कटने से ग्रामीण क्षेत्रों में असंतोष गहराता जा रहा है। ताजा मामला महराजगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत जमुरावां का है, जहां सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम सूची जारी होने के बाद सैकड़ों ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आपको बता दें कि, आक्रोशित ग्रामीण पंचायत भवन पहुंच गए और ग्राम प्रधान की गैरमौजूदगी में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पंचायत भवन परिसर में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि, आखिर ग्राम सभा से फीड किए गए सैकड़ों पात्र लोगों के नाम अंतिम सूची से किसके निर्देश पर हटाए गए और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। ग्रामीणों के अनुसार, 7 अप्रैल तक प्रकाशित प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में ग्राम सभा जमुरावां के 359 लोगों के नाम दर्ज थे, लेकिन शासन द्वारा जारी अंतिम सूची में केवल 165 लाभार्थियों के नाम ही शामिल किए गए हैं। इससे 194 पात्र लोगों के नाम सूची से गायब हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि, जिन लोगों को आवास मिलने की उम्मीद थी, वे अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं जो कच्चे और जर्जर मकानों में जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन उनका नाम अंतिम सूची से हटा दिया गया है। ग्रामीणों ने मांग करी कि, सूची में नाम कटने की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पात्र लाभार्थियों को उनका हक दिलाया जाए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि, यदि नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तो प्रशासन यह सार्वजनिक करे कि, किन मानकों के आधार पर इतने बड़े पैमाने पर नामों को सूची से बाहर किया गया। उनका कहना था कि, गरीबों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम पात्रता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। यदि किसी ग्राम सभा के ग्रामीणों को सूची को लेकर कोई आपत्ति है तो वे संबंधित विकासखंड कार्यालय में जाकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि, प्राप्त शिकायतों की जांच कर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। गौरतलब है कि, महराजगंज विकासखंड की 53 ग्राम पंचायतों में केवल जमुरावां ही ऐसी पंचायत नहीं है जहां प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम सूची को लेकर विवाद खड़ा हुआ हो। क्षेत्र की कई अन्य ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में पात्र लोगों के नाम अंतिम सूची से गायब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे योजना की पारदर्शिता और पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, यदि समय रहते प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो आंदोलन और तेज हो सकता है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक जांच और शासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि, आखिर गरीबों के सपनों के आशियाने की सूची से सैकड़ों नाम कैसे और क्यों गायब हो गए।

## भारतीय राज और समाज को अधिक लोकतांत्रिक होने की जरूरत: प्रो. आनंद कुमार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग मिशन परियोजना के तहत यूजीसी-एमएमटीटीसी के ईश्वर शरण पीजी कॉलेज द्वारा सोमवार को एक माह के गुरू दक्षता कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र में 'आधुनिक भारत में राज और समाज' विषय पर देश के जाने-माने समाजशास्त्री प्रो. आनंद कुमार ने कहा कि भारतीय राज और समाज को अधिक लोकतांत्रिक होने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय संविधान में निहित मूल्य राज्य और सामाजिक व्यवस्था को अधिक समतामूलक और जिम्मेदार बनाने पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में राज और समाज निर्माण को आजादी के पूर्व और आजादी के बाद दो हिस्सों में बांटकर देखा जा सकता है। आजादी के पूर्व भारत में राजनीति और समाज ब्रिटिश साम्राज्य के प्रभाव में थी और आजादी के बाद इसका निर्माण भारतीय संविधान द्वारा सृजित मूल्यों के आधार पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में हम आधुनिक भारत के निर्माण की प्रक्रिया को समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण और नागरिक निर्माण के क्रम में समझ सकते हैं। इसके लिए राज्य की ओर से प्रदान की जाने वाली शिक्षा, उसकी अर्थव्यवस्था, तकनीकी और उसका संविधान एक संसाधन की तरह कार्य करते हैं। उन्होंने भारत में नब्बे के दशक से शुरू हुई भूमंडलीकरण की प्रक्रिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों की विवेचना की और देश की राष्ट्रीय पहचान को शिक्षा, मीडिया और राजनीतिक दलों द्वारा सामूहिक रूप से मिलकर निर्मित करने का आह्वान किया। ईश्वर शरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य और मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग केंद्र के निदेशक प्रो. आनंद शंकर सिंह ने गुरु दक्षता कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं और मार्गदर्शन देते हुए कहा कि शिक्षक विद्या के जरिए तीनों लोकों को जीत सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को इस गुरू दक्षता कार्यक्रम में यह सीखना चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों के भीतर नागरिक गुणों का संचरण कैसे किया जाए जिससे एक बेहतर राष्ट्र निर्माण हो सके। फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के दूसरे सत्र में 'समाज विज्ञान और विकास के क्षेत्र में शोध प्रस्ताव' पर राजनीति शास्त्री, पीपल्स पल्स के निदेशक और चुनाव विश्लेषक डॉ. राजन पांडेय ने कहा कि वर्तमान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद समेत देश के अन्य शोध केंद्रित संस्थाओं और परिषदों द्वारा शोध को बढ़ावा देने हेतु प्रस्तावों को अनुमोदित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों का दायित्व क्लासरूम टीचिंग से बढ़कर भी है, उन्हें बेहतर शोध और विचार विमर्श के माध्यम से देश के अकादमिक परिदृश्य में हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने विषय के चयन, परिकल्पना, उद्देश्य, शोध प्रविधि, साहित्य की समीक्षा और निष्कर्षों को बेहतर शोध प्रस्ताव बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने राजनीतिक कंसल्टेंसी के क्षेत्र में डाटा संग्रहण, डाटा विश्लेषण और रणनीति निर्माण विषय पर कहा कि भारत में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी का क्षेत्र नया है और इस क्षेत्र में शोध की गुंजाइश अधिक है।

# पिछड़ा वर्ग के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगी नि:शुल्क ओ-लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण योजना : कोमिल द्विवेदी

❒ योगी सरकार की पहल से बेरोजगार युवक-युवतियों को मिलेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षण, 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी रूप से दक्ष और रोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से नि:शुल्क ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए सोमवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और डिजिटल कौशल विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

कोमिल द्विवेदी ने बताया कि योजना का लाभ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे युवक-युवतियों को मिलेगा, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपये से अधिक न हो। आवेदक के पास तहसील स्तर से निर्गत आय एवं जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2) निर्धारित की गई है तथा आवेदक की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट तथा ओबीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण पोर्टल पर 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक अभिलेखों सहित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन प्रयागराज में जमा करनी होगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने युवाओं से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने तकनीकी कौशल को विकसित कर रोजगार की नई संभावनाओं से जुड़ें। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पी.एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय ओरवा में हुआ योगाभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमानीगंज, अयोध्या। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पी.एम. कम्पोजिट विद्यालय ओरवा, विकास खंड अमानीगंज, जनपद अयोध्या में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीतबहादुर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। योग कार्यक्रम में शिक्षक अजय कुमार, अंचल मौर्य, राजेश वर्मा, शशि मलिका, कमलेश, अंजली द्विवेदी एवं शिवसागर ने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री उद्धवश्याम तिवारी, अभय सिंह एवं ओमदेवी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में योग अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। अंत में सभी ने नियमित योग करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से अनाथ और जरूरतमंद बच्चों को मिल रहा सहारा


कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) उन बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है, जिन्होंने अपने माता-पिता अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है। इसके साथ ही बालश्रम, भिक्षावृत्ति एवं वेश्यावृत्ति जैसी परिस्थितियों से मुक्त कराकर पुनर्वासित बच्चों को भी इस योजना के माध्यम से पारिवारिक वातावरण में बेहतर जीवन उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं, ऐसे युवक-युवतियां जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है, उन्हें 18 से 23 वर्ष की आयु तक स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पूरा करने के लिए प्रतिमाह 2,500 रुपये की सहायता दी जा रही है। योगी सरकार की इस पहल से बच्चों की शिक्षा और भविष्य सुरक्षित हो रहा है। वर्तमान समय में प्रदेशभर में कुल 1,03,611 बच्चे इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह सहायता किसी संबल से कम नहीं है। योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक मदद देना नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करना भी है।

योगी सरकार बाल संरक्षण और पुनर्वास को लेकर विशेष रूप से गंभीर नजर आ रही है। बालश्रम और भिक्षावृत्ति जैसी समस्याओं से मुक्त कराए गए बच्चों को परिवार आधारित वातावरण में पुनर्वासित कर मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और उनका सामाजिक विकास भी सुनिश्चित हो रहा है। योजना के तहत मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है। कई छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रही है। वहीं बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। सी. इंदुमति, निदेशक, महिला कल्याण विभाग ने सोमवार को बताया कि प्रदेश के सभी जिला प्रोबेशन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत आने वाले समस्त पात्र बच्चों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान कर उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। इसके लिए जिले स्तर पर व्यापक सर्वेक्षण, सत्यापन एवं जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पात्रता रखने वाला कोई भी बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# धोबहट गांव में सरकारी नाली हुई अतिक्रमण से मुक्त



❒ एसडीएम, पुलिस व प्रधान की मौजूदगी में हुई कार्रवाई, जल निकासी में थी बाधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के धोबहट गांव में कई वर्षों से अतिक्रमित सरकारी नाली को मुक्त कराया गया। गांव के कुछ लोगों ने नाली को पाट दिया था, जिससे बारिश के पानी की निकासी में गंभीर समस्या आ रही थी।

ग्राम प्रधान की शिकायत पर कोरांव एसडीएम संदीप तिवारी, नायब तहसीलदार रण विजय सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल अरुण सिंह और खीरी थाना की लेडियारी पुलिस चौकी से उपनिरीक्षक उमेश कुमार सहित राजस्व व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस कार्रवाई से जल निकासी की समस्या का समाधान हुआ है। उन्होंने नाली के ऊपर आरसीसी ढक्कन बनवाने का प्रस्ताव भी रखा है, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो और कोई खतरा न रहे। एसडीएम संदीप तिवारी ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि यदि कोई भी व्यक्ति सरकारी भूमि पर कब्जा या अतिक्रमण करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों को रोकने के लिए शहरों के अंदर और ग्रामीण इलाकों में निर्धारित होगी वाहनों की गति सीमा

❒ आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने मिलकर तैयार किया 'उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी' का ड्राफ्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर कई अभियान चला रही है। सड़क हादसों को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग मिलकर 'उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी' पर काम कर रहे हैं। इसके तहत हाईवे और एक्सप्रेसवे की तरह ही शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भी वैज्ञानिक आधार पर गति सीमा निर्धारित करना है। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की रोकथाम कर लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। पॉलिसी का फाइनल ड्राफ्ट जल्द ही प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। हाल में उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में स्टेट रोड सेफ्टी टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी के ड्राफ्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। नीति का उद्देश्य वैज्ञानिक और एविडेंस-बेस्ड अप्रोच के माध्यम से सड़कों पर सुरक्षित गति सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर को कम करना है(

इसके तहत केवल राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों की व्यस्त सड़कों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास के मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के लिए भी उपयुक्त गति सीमा तय की जाएगी। इससे अनियंत्रित गति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी।

आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने इस पॉलिसी के लिए प्रदेशभर में विस्तृत अध्ययन किया है। तैयार किए गए पॉलिसी ड्राफ्ट पर चर्चा के दौरान परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिन्हें शामिल करते हुए संशोधन किया जाएगा। इसके बाद परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी को प्रदेश सरकार के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजेगा। मंजूरी मिलने के बाद यह पॉलिसी प्रदेश के विभिन्न विभागों के सहयोग से लागू की जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़कों की प्रकृति और यातायात घनत्व के अनुरूप गति सीमा तय होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित पुलिस मुठभेड़ में घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित पूरामुफ्ती क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को रविवार देर रात नगर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपित ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षार्थ की गई कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि गोली से घायल मुशर्रफ पुत्र लाड़े मियां पूरामुफ्ती का निवासी है। इसके खिलाफ नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपित फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी। रविवार देर रात पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान फतेहपुरघाट से टिकरी जाने वाले मार्ग पर भट्टे से आगे तिराहे के पास वांछित आरोपित मुशर्रफ पुलिस टीम को दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किए जाने पर आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस उपायुक्त नगर ने बताया कि आरोपित द्वारा की गई फायरिंग के बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी। इसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी सिटी ने बताया कि आरोपित के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। घायल आरोपित को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है तथा उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप किया गया संशोधन : जयवीर सिंह

❐ होम स्टे नीति में बदलाव, अब 8 कमरे तक होंगे पंजीकृत और ऑटो रिन्यूअल की सुविधा भी शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । प्रदेश में लगातार बढ़ रही पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होम स्टे नीति-2025 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। नई व्यवस्था के तहत होम स्टे और बी एंड बी इकाइयों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सरल बनाया गया है तथा पंजीकृत इकाइयों को ऑनलाइन स्व-नवीनीकरण (ऑटो रिन्यूअल) की सुविधा भी प्रदान की गई है।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और स्थानीय लोगों को भी पर्यटन से जुड़ने के अधिक अवसर मिल सकें।

उन्होंने बताया कि संशोधित नीति के अनुसार शहरी क्षेत्रों में संचालित होम स्टे इकाइयों में अब न्यूनतम एक तथा अधिकतम आठ कक्ष (16 शैय्या) पंजीकृत कराए जा सकेंगे। पूर्व में अधिकतम छह कक्षों को ही किराये पर दिए जाने की व्यवस्था थी। साथ ही यह भी अनिवार्य किया गया है कि होम स्टे इकाई स्वामित्व अथवा विकास प्राधिकरण से लीज पर प्राप्त भूमि पर निर्मित आवासीय भवन में ही संचालित होगी तथा उसमें ओनर या उसका परिवार भौतिक रूप से निवास करेगा। बी एंड बी श्रेणी के अंतर्गत आवासीय अथवा लीज पर लिए गए भवनों में अधिकतम आठ कक्ष पंजीकृत किए जा सकेंगे। ऐसी इकाइयों में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आवास के साथ नाश्ता एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इकाई में केयरटेकर का निवास अनिवार्य होगा तथा लीज पर लिए गए भवन की लीज अवधि न्यूनतम तीन वर्ष होनी चाहिए। 16 शैय्या वाली डॉरमेट्री भी इस श्रेणी में पात्र मानी जाएगी। मंत्री ने बताया कि आठ कक्षों से अधिक क्षमता वाले आवासीय भवनों तथा होटल, मोटल और गेस्ट हाउस जैसी इकाइयों को इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत नहीं किया जाएगा। संशोधन के तहत पंजीकृत इकाइयों को बड़ी राहत देते हुए पोर्टल आधारित स्व-नवीनीकरण (ऑटो रिन्यूअल) की व्यवस्था भी लागू की गई है। अब इकाई संचालक अपने पंजीकरण की अवधि समाप्त होने से पूर्व विभागीय पोर्टल पर स्वयं नवीनीकरण करा सकेंगे। यह सुविधा पंजीकरण समाप्ति की तिथि से तीन माह पूर्व उपलब्ध रहेगी।

अपर मुख्य सचिव (पर्यटन) अमृत अभिजात ने बताया कि ये संशोधन प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण आवास क्षमता बढ़ाने के लिए यह कदम विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

# नगर निगम कार्यकारिणी समिति के छह सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

❐ विशेष अधिवेशन से पूर्व, महापौर ने पार्षदों के साथ की बैठक, निकाली पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ की कार्यकारिणी समिति के सेवानिवृत्त छह सदस्यों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में विशेष अधिवेशन एवं चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। चुनाव में छह पदों के सापेक्ष छह प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जाने के कारण सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

विशेष अधिवेशन से पहले भाजपा मुख्यालय के बगल स्थित 9 बंगला में मा0 महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी जी के साथ मा0 पार्षदगणों की बैठक में सहभागिता की। बैठक में संगठनात्मक विषयों, नगर विकास से जुड़े मुद्दों तथा विशेष अधिवेशन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के उपरांत मा0 महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी जी एवं मा0 पार्षदगणों ने नगर निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता एवं संगठनात्मक एकजुटता का संदेश दिया गया।

नगर निगम मुख्यालय में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान भाजपा से लालकुआं वार्ड से श्री सुशील तिवारी 'पम्मी' जी, तिलक नगर कुंडरी रकाबगंज वार्ड से राजीव बाजपेई , राजीव गांधी प्रथम वार्ड से संजय राठौर , न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड से विनोद यादव , फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड से रश्मि सिंह तथा समाजवादी पार्टी से पार्षद भरवारा मल्हौर वार्ड ममता रावत ने कार्यकारिणी समिति सदस्य पद हेतु अपना नामांकन प्रस्तुत किया।

निर्धारित छह पदों के सापेक्ष छह ही नामांकन प्राप्त होने के कारण सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके साथ ही नगर निगम कार्यकारिणी समिति के रिक्त छह पदों की पूर्ति हो गई। निर्विरोध निर्वाचन के उपरांत भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी विजयी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी समिति के सदस्य नगर निगम की नीतियों एवं विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे।

# जय गणपति जगवंदन गणनायक से शुरू हुई भक्ति राग सेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । त्रिसामा आर्ट्स ने चौक स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में ल्लभक्ति राग सेवाङ्क का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं संगीत प्रेमियों ने सहभागिता कर भक्ति संगीत का रसास्वादन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत युवा शास्त्रीय गायक आर्यन वर्मा की गणेश वंदना ल्लजय गणपति जगवंदन गणनायकङ्क से हुई। इसके पश्चात उन्होंने राग भीमपलासी में राधा-कृष्ण को समर्पित पारंपरिक बंदिश ल्लजा जा रे अपने मंदिरवाङ्क की मनोहारी प्रस्तुति दी। जिसको श्रोताओं ने काफी सराहा। आर्यन वर्मा ने प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित राजन मिश्र के लोकप्रिय भजन ल्लसाधो ऐसो गुरु भावेङ्क का सुमधुर गायन भी किया। भजन की आध्यात्मिक गहराई और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक



नाम संकीर्तन के साथ हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। तबले पर संगत सोहम मिश्र ने की ।

इस अवसर पर भक्ति राग सेवा के संस्थापक अभिषेक शर्मा तथा मंदिर के महंत डॉ. विवेक टागड़ी ने उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कलाकारों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की तथा भक्ति संगीत के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के इस प्रयास को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# लखनऊ कोचिंग सेंटर अग्निकांड : अभाविप ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी ने ली विद्यार्थियों की जान, दोषियों पर हो कठोरतम कार्रवाई : अभाविप

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड में कई विद्यार्थियों की दर्दनाक मृत्यु एवं अनेक विद्यार्थियों के घायल होने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अभाविप ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक, दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे विद्यार्थियों का इस प्रकार असमय काल-कवलित होना सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक निगरानी एवं नियामकीय तंत्र की गंभीर विफलता को दर्शाता है। प्रथम दृष्टया यह घटना अग्नि सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी, नियमित निरीक्षण की कमी तथा संबंधित संस्थान एवं प्रशासनिक तंत्र की गंभीर लापरवाही का परिणाम प्रतीत होती है।

इस दुःखद घटना के उपरांत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। किसी भी प्रकार की आपात सहायता, जानकारी, समन्वय अथवा आवश्यक सहयोग के लिए विद्यार्थी एवं अभिभावक अभाविप के हेल्पलाइन संपर्क सूत्र 9455172336, 9616418823, 8887583224, 8577046002 एवं 9454595537 पर संपर्क कर सकते हैं।

अभाविप ने जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देशभर में संचालित हजारों कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास, भवन मानकों एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि, ''अलीगंज में हुई यह दुःखद घटना पूरे विद्यार्थी समाज को झकझोर देने वाली है। अभाविप इस दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी विद्यार्थियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अवध प्रांत के प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा ने कहा कि, ''लखनऊ में हुई यह दर्दनाक घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और जिम्मेदार तंत्र की विफलता का परिणाम प्रतीत होती है। विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## बीस दिनों से कूड़ा न उठने पर नागरिकों का प्रदर्शन

लखनऊ । योगी सेना (भारत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम जोन-8 के अन्तर्गत अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड में बीते बीस दिनों से कूड़ा न उठने पर क्षेत्रीय नागरिकों ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट,अवध बिहार योजना में विरोध प्रदर्शन किया। विदित हो कि वार्ड में बीते लगभग बीस दिनों से कूड़ा न उठने से क्षेत्र में लोगों की स्थिति नारकीय हो गयी है, लोगों को जीना मुहाल हो गया है,लोगों को बीमारी का सामना कर रहे है जिसके बावजूद काफी कहने-सुनने के बाद नगर निगम के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंग रही है।

## लखनऊ अग्निकांड पर राजनाथ सिंह ने जताया दुख

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ के सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ के अलीगंज इलाके में कोचिंग सेंटर में अग्निकांड पर गहरा दुख जताया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं तुरंत लखनऊ प्रस्थान कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में तत्परता से जुटा है तथा पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज रात्रि 09.35 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचते ही सीधे अलीगंज स्थित घटना स्थल पर जायेंगे। इसके बाद केजीएमयू जाएंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में जनहानि पर गहरा दुख जताया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अलीगंज लखनऊ में आग लगने के कारण हुआ हादसा अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। इस हादसे में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

## प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ. अरुण कुमार सक्सेना

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने सोमवार को गौतमपल्ली स्थित मंत्री आवास पर पर्यावरणविद सुंदरम तिवारी द्वारा रचित पुस्तक ''देवकुंड'' का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त



पी.एन. द्विवेदी, क्षेत्र के मुख्य मार्ग सम्पर्क प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना और पर्यावरण गतिविधि के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि ''प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। 'देवकुंड' जैसी पुस्तकें समाज को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय धरोहर के संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश देती हैं।'' राज्य सूचना आयुक्त पी.एन. द्विवेदी ने कहा कि ''ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन समाज में पर्यावरण चेतना को नई दिशा प्रदान करता है तथा भावी पीढ़ियों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।''पर्यावरण गतिविधि के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय ने कहा कि '''देवकुंड' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरण का प्रभावी माध्यम है।'' क्षेत्र के मुख्य मार्ग सम्पर्क प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि आज पर्यावरण का संकट है। जल व जमीन प्रदूषित हो रही है। वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगायें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में सहायक आयुक्त राज्य कर श्याम सुंदर पाठक ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शुभम त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कुंवर देवेश देव सिंह, डॉ. मंजुला उपाध्याय, डॉ. रमेश त्रिपाठी, दुर्गेश त्रिपाठी, विशाल शुक्ला, शिवम पाण्डेय, राजेन्द्र सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रालोद ने लखनऊ कोचिंग सेंटर हादसे को बताया पीड़ादायक, मृतकों के प्रति जताया शोक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद)' के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने सोमवार को लखनऊ के अलीगंज में कोचिंग सेंटर में हुए हृदय विदारक अग्निकांड में निर्दोष छात्रों की असमय मृत्यु के समाचार को अत्यंत पीड़ादायक बताया है। उन्होंने कहा कि इस अपार दुख की घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव ने इस घटना पर शोक व्यक्त करने के साथ साथ प्रशासन से जवाबदेही तय करने और भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों और भवन निर्माण व प्रबंधन की कमियों का पता चल सके।

# राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव में लोक संस्कृति के रंग, कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय लोक कला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव का आयोजन वाइब्रेंट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से अटल पुरी, नीलमथा में किया गया। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक गायिका वंदना मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेविका हेमलता त्रिपाठी, राष्ट्रीय हिंदू सेना के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, कृष्ण देव त्रिपाठी तथा सेवा भारती की मंजू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में लोक गीत, संगीत और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वधा मिश्रा, विनय नारायण, श्रीप्रकाश पांडेय, दिनेश पांडेय, उमा त्रिपाठी, किरन सिंह, अखिलेश सिंह, रूमा राय, पूजा उपाध्याय, ममता उपाध्याय, बिट्टू दीक्षित, मनोज दुबे, रमा शुक्ला, मीरा, तेज बहादुर और नीतू राय समेत कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं।

संस्था की निदेशक एवं सचिव वंदना मिश्रा ने कहा कि लोक कलाएं भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने संस्कृति मंत्रालय के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता है और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है। महोत्सव में बड़ी संख्या में कला प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। समापन अवसर पर सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया तथा लोक कला एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का संदेश दिया गया।

# योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का किया अभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समाज सेवक एवं योग गुरु प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार सिंह उर्फ पी के सिंह ने कहा कि आज भारत देश में ही नहीं पूरे विश्व के लोग योग को अपना रहे हैं उन्होंने कहा कि आज की जीवन शैली के वजह से लोग मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे हैं योग ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनता है इस अवसर पर हवलदार सिंह ने कहा मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना एवं उसे अपनी दैनिक



दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। सूर्यभान सिंह ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग से जोड़ने का संकल्प दिलाया।

प्रमोद सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। कुंवर विजय सिंह ने सभी से नियमित योग अपनाने और योग के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया इस अवसर पर योग गुरु प्रदीप कुमार सिंह ओमप्रकाश श्रीवास्तव पप्पू श्रीवास्तव अरविंद मंसाराम हवलदार सिंह सूर्यभान सिंह प्रमोद सिंह कुंवर विजय प्रताप सिंह कुंवर जय सिंह डॉक्टर एसएन त्रिपाठी सार्थक प्रताप सिंह उपस्थित थे

# उत्तर प्रदेश ने विद्युत क्षेत्र में एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया: ए. के. शर्मा

❐ ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था से जुड़े हजारों कार्मिक 24 घंटे सतत निगरानी एवं समन्वय के साथ कार्य कर रहे है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश ने विद्युत क्षेत्र में एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में सर्वाधिक विद्युत मांग पूरी करने वाला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है। प्रदेश में बढ़ती विद्युत आवश्यकता के बीच 21 जून 2026 को रात्रि 10:47 बजे उत्तर प्रदेश ने सफलतापूर्वक 32,348 मेगावाट की अब तक की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा किया।

इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र द्वारा 13 मई 2026 को स्थापित 32,317 मेगावाट की उच्चतम विद्युत मांग के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, 21 जून को प्रदेश में 67.7 करोड़ यूनिट विद्युत ऊर्जा की खपत दर्ज की गई, जो उस दिन देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक रही।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने इसका श्रेय मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को दिया। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा मा. मुख्यमंत्री जी के सक्षम नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं। यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश न केवल देश की सबसे बड़ी आबादी की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है, बल्कि रिकॉर्ड स्तर की मांग को भी सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम हुआ है।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और लगातार बढ़ती बिजली की मांग के बावजूद प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन, राज्य लोड डिस्पैच केंद्र, उत्पादन निगम तथा विद्युत क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के समर्पण, दक्षता और अथक परिश्रम का परिणाम है। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था से जुड़े हजारों कार्मिक 24 घंटे सतत निगरानी एवं समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

## यूपीएसएसएससी के मुख्यालय पहुंचे जूनियर असिस्टेंट अभ्यर्थी

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के मुख्यालय के बाहर सोमवार को जूनियर असिस्टेंट अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू हुए तीन साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। इससे युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। हरदोई से आए एक अभ्यर्थी ने कहा कि फार्म भरने के बाद से ही लगातार आंदोलन करना पड़ रहा है। कभी वैकेंसी को लेकर, तो कभी परीक्षा कराने की मांग को लेकर और अब रिजल्ट जारी कराने के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थी समय-समय पर लखनऊ पहुंचकर प्रदर्शन करते हैं और आयोग व संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी बात रखते हैं। हालांकि हर बार उन्हें आश्वासन तो मिलता है, लेकिन अभी तक भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है और नियुक्तियां भी नहीं हुई हैं।

# रामभक्तों की श्रद्धा पर आघात करने वाले पापियों को रामजी दण्डित करेंगे : अम्बरीष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री और प्रवक्ता अम्बरीष ने श्री राम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट के चंदा प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश -दुनिया के करोड़ों रामभक्तों की श्रद्धा पर आघात करने वालों पापियों को रामजी दण्डित करेंगे। हमें रामजी पर, अपने नेतृत्व पर भरोसा है। अंततः श्रद्धा जीतेगी ,पापियों का शमन होगा और षडयंत्रकारी हारेंगे।

विहिप के प्रवक्ता ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि विश्वास और श्रद्धा की मजबूत चट्टान चंचु प्रहारों से नहीं दरकती। श्रीरामजन्मभूमि आन्दोलन के अनथक योद्धा जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पण कर यह लड़ाई लड़ी है और जो देश के कोने कोने में बैठे हैं वह आहत भी हैं और दुःखी भी लेकिन उनका अपने आंदोलन के सहकारियों और आंदोलन के नेतृत्व पर लेशमात्र भी अविश्वास नहीं है क्योंकि उनकी रामभक्ति परिस्थितिजन्य नहीं है। उन्हें विश्वास है शीघ्र ही नीर क्षीर की स्पष्टता दृष्टिगोचर होगी, अविश्वास का कुहासा छटेगा। लेकिन कुछ लोग ''थूको और भागो''गैंग तथा बरसाती मेंढकों की तरह अनायास प्रकट हो गए। अम्बरीष



ने लिखा कि हमारा किसी के प्रति मोह नहीं है न ही दुराव। हम रामजी के हैं लेकिन हमारे में सही और गलत देखने का विवेक है, किसी की दीर्घकालिक साधना और समर्पण पर हम प्रश्नचिन्ह नहीं लगा सकते।खासकर जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में खलनायक की भूमिका निभायी हो और निष्ठा भी संदिग्ध हो। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के महामंत्री चंपत राय के बारे में उन्होंने लिखा कि आत्मविलोपी व्यक्तित्व जिन्होंने अपने को खपा दिया देश और सामाज के लिए। श्रीरामजन्मभूमि के आन्दोलन का कोई भी पक्ष हो ,प्रबन्धन का और चाहे न्यायालयीन लड़ाई का, धुरी चम्पतराय ही रहे। वह अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रेरणा केन्द्र हैं।

# ब्लॉक मुख्यालय व राजापुर में मानक विहीन कार्यों का आरोप, जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। ब्लॉक मुख्यालय सकरन व क्षेत्र में विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप लगे हैं। ब्लॉक परिसर में कार्यालयों के कायाकल्प, मनरेगा सेल, कर्मचारी आवास व सभागार की मरम्मत में मानक विहीन कार्य कराने की शिकायतें सामने आई हैं।




### एक ही ग्राम पंचायत को प्राथमिकता का आरोप

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र पंचायत निधि से अधिकतर कार्य ग्राम पंचायत राजापुर व ब्लॉक मुख्यालय सांडा में कराए जा रहे हैं। आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में भी धांधली कर चुनिंदा फर्मों व ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है। इससे अन्य ग्राम पंचायतों के साथ भेदभाव की बात कही जा रही है।

### मानक विहीन निर्माण की शिकायत

आरोप है कि ब्लॉक परिसर में मनरेगा सेल, कर्मचारियों के आवास व सभागार में मरम्मत के नाम पर मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराए गए हैं। निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए हैं।

### ग्राम पंचायत के काम क्षेत्र पंचायत से भुगतान का आरोप

कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत स्तर के कार्यों को क्षेत्र पंचायत का कार्य दिखाकर भुगतान कराया जा रहा है। इससे निधि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

### ब्लॉक परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था के बावजूद भी जमकर लगाए गए समरसेबल

सरकारी धन को दुरूपयोग करते हुए अभी हाल ब्लॉक परिसर में लगाए गए समरसेबल जिसके जरिए बड़े बिलों को काटकर सरकारी धन को बर्बाद करने के लगे आरोप ज्ञात हों कि परिसर में 2इंडिया मार्का हैंड पम्प, 2 आर ओ वाटर कूलर, 1अदद समर सेबल व प्रत्येक आवास में नल की मौजूदगी होने के उपरांत भी अभी हाल ही में कई समरसेबल लगवाने का कार्य चहेते ठेकेदारों के द्वारा करवाया गया है जोकि प्रथम दृश्ट्या धन की बर्बादी के सिवाय कुछ भी प्रतीत नहीं हों रहा है।

### खंड विकास अधिकारी का बयान

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सकरन श्रीश कुमार गुप्ता से संपर्क किया गया। उन्होंने कहा कि ''सभी कार्य नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया से कराए गए हैं। शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच कराई जाएगी। यदि मानक विहीन कार्य मिला तो भुगतान रोका जाएगा और ठेकेदार पर कार्रवाई होगी। एक ही पंचायत में काम के आरोप की भी समीक्षा होगी।''

### क्या कहते हैं नियम

क्षेत्र पंचायत निधि के उपयोग के लिए खुली बैठक में प्रस्ताव पास होना अनिवार्य है। टेंडर 40 हजार से ऊपर के कार्यों पर e-tendering से होता है। मनरेगा कार्यों में मैटेरियल-लेबर अनुपात 60:40 रखना होता है। मानक विहीन कार्य पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट व रिकवरी का प्रावधान है।

### ग्राम पंचायत निधि से बनवाए गए शौचालय का वर्षों बाद भी नहीं खुला ताला

ब्लॉक मुख्यालय आने वाले आगंतुकों के लिए ग्राम पंचायत निधि से निर्मित कराए गए लाखों रुपयों के शौचालय का आज तक ताला ही नहीं खुल सका है जिसके चलते लोग शौच क्रिया आदि के लिए बाहर खुले में जाने को मजबूर हों रहे हैं। ब्लॉक परिसर में निर्मित कराए जा रहे नवीन सभागार के निर्माण में मानकों की जमकर अनदेखी के आरोप लग रहे हैं यही नहीं सभागार बनाने के नाम प्र करीब दर्जन भर हरे भरे अशोक के पेड़ों को भी मनमाने तरीके से कटवाकर जिम्मेदार ठेकेदार के द्वारा बेंचने के आरोप लग रहे हैं।

## श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, मानकों से समझौता नहीं : डीएम

- थरवरनगंज पहुंचे डीएम, निर्माण कार्य में सुरक्षा और गुणवत्ता पर कसा शिकंजा
- थरवरनगंज में निर्माणाधीन नाले का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। नगर पालिका लखीमपुर के मोहल्ला थरवरनगंज में निर्माणाधीन नाले पर हुई घटना के बाद सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के साथ नाले की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया गया कि रविवार को शटरिंग बांधने के दौरान नाले की एक ओर की मिट्टी धंस गई थी, जिससे कुछ श्रमिक चोटिल हो गए थे। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ओयल भेजकर उपचार कराया गया। मौके पर डीएम ने निर्माण एजेंसी और नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। इस मामले पर ईओ से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

डीएम ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने, नियमित निगरानी रखने तथा कार्य के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके निरीक्षण के बाद अधिकारियों में निर्माण कार्य को लेकर अतिरिक्त सतर्कता दिखाई दी।

## महिला सशक्तिकरण से बढेगा कृषि उत्पादन, महिलाओ को दक्ष बनाना है प्राथमिकता

- खेत बचाओ अभियान एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत कृषक गोष्ठी सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। खेत बचाओ अभियान एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विकास खंड खैराबाद के ग्राम सरैया सानी में एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन, उन्नत कृषि तकनीकों के प्रसार तथा कृषि लागत में कमी लाकर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के उपायों से अवगत कराना था। गोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से कृषि संबंधी समस्याओं पर संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीन केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान लखनऊ से प्रधान वैज्ञानिक डा. अनूप कुमार दीक्षित उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। लगातार रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग, जलभराव एवं भूमि क्षारीयता के कारण मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग, जैविक पदार्थों के समावेशन, हरी खाद, फसल चक्र तथा जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसान अपनी भूमि की सेहत का ध्यान रखेंगे तो उत्पादन लागत घटेगी और फसल की गुणवत्ता एवं पैदावार दोनों में वृद्धि होगी। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया, सीतापुर से गृह वैज्ञानिक डा. रीमा ने अपने वक्तव्य में ग्रामीण परिवारों में पोषण सुरक्षा, पोषण वाटिका की स्थापना, महिला सशक्तिकरण तथा घरेलू स्तर पर कृषि आधारित आय सृजन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कृषक परिवार को अपने घर के आसपास पोषण वाटिका विकसित करनी चाहिए, जिससे परिवार को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां उपलब्ध हों और बाजार पर निर्भरता कम हो। साथ ही उन्होंने महिलाओं की कृषि एवं पोषण प्रबंधन में भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कृषि विभाग से उपस्थित श्री शिव कुमार (एसएमएस) ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उन्नत बीज वितरण, कृषि यंत्रों पर अनुदान, फसल बीमा योजना तथा अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को समय-समय पर कृषि विभाग से संपर्क बनाए रखने एवं योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं श्री संजय अवस्थी (बीटीएम) ने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, समूह आधारित कृषि गतिविधियों तथा आधुनिक कृषि पद्धतियों के विस्तार की जानकारी प्रदान की।

ओजोन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक श्री विकास सिंह तोमर ने कृषकों को किसान उत्पादक संगठनों की भूमिका, सामूहिक विपणन, उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा बाजार तक सीधी पहुंच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि किसान संगठित होकर कार्य करें तो लागत में कमी और आय में वृद्धि दोनों संभव है। उन्होंने किसानों को समूह बनाकर कृषि उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोष्ठी के दौरान किसानों द्वारा धान, गन्ना, दलहन एवं तिलहनी फसलों में आने वाली विभिन्न समस्याओं, कीट एवं रोग प्रबंधन, उर्वरक प्रबंधन तथा जल संरक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से किया गया। किसानों ने विशेष रूप से मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती एवं लागत कम करने के उपायों में गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों ने किसानों से आह्वान किया कि वे खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों को समझते हुए अपनी भूमि, जल एवं पर्यावरण के संरक्षण को प्राथमिकता दें तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली को अपनाकर भविष्य की कृषि को सुरक्षित बनाएं। उपस्थित किसानों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा की।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में हुई। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान, पल्स पोलियो कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान का द्वितीय चरण 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा।

उन्होंने विशेष स्वच्छता अभियान चलाने और मलेरिया नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरतने, स्रोत नियंत्रण, छिड़काव तथा जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कहा कि आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के दिन जनपद के सभी संबंधित विद्यालय खुले रहें। उन्होंने पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाए जाने, अधिक से अधिक स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित कर उनका प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जून माह में जीरो पॉवर्टी अभियान, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान, आयुष्मान भारत योजना और योजनाओं आदि की समीक्षा की गई और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### उमस व चिलमिलाती धूप से लोगों का घर से निकलना हुआ दूभर

लहरपुर, सीतापुर । ग्रामीण आपको बताते चलें कि सूरज के तीखे तेवरों और भीषड़ उमस ने आम जनजीवन को पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया है सोमवार को लहरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों का अधिकतम तापमान 42,43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया पिछले लगातार 7 दिनों से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है ऐसे में भीषण गर्मी और उमस की वजह से लोग पूरी तरह से तिलमिलाए हुए है सुबह से ही गर्मी का अहसास होने लगता है जो पूरी रात तक बरकरार रहता है इस असहनीय गर्मी का सबसे ज्यादा प्रभाव घरों की महिलाओं पर पड़ रहा है इस चिल चिलाती दुपहरी में बंद किचन के अंदर खाना बना रही महिलाओं को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है गैस चूल्हे की आंच और ऊपर से इतनी उमस भरे माहौल ने महिलाओं का जीना मुश्किल हो गया है ।

## लूटी गई झुमकी व अवैध तमंचे के साथ 02 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना निगोही पुलिस ने लूटी गई झुमकी और अवैध तमंचे के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना निगोही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम ढकिया तिवारी में गौशाला से लगभग 200 मीटर आगे निगोही-शाहजहांपुर रोड से 02 लुटेरों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने लूटी गई झुमकी, दो मोबाइल, एक तमंचा और कुछ कारतूस बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव रामपुर ताहरपुर निवासी चांद पुत्र नसीर और महमूद पुत्र शहबाबू हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्त ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। शनिवार को दोनों लोग मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रास्ते में निगोही-शाहजहाँपुर रोड पर चीनी मिल से पहले मंदिर के पास एक मोटरसाइकिल खड़ी दिखाई दी, जिस पर एक महिला बैठी थी तथा उसके साथ आया व्यक्ति कुछ दूरी पर था। दोनों महिला के पास पहुंचे तथा निगोही का रास्ता पूछा। इसी दौरान मौका पाकर चांद ने महिला के दाहिने कान का झुमका झपट्टा मारकर खींच लिया और दोनों मोटरसाइकिल से भाग गए। महिला के पति ने अभियुक्तों की मोटर साइकिल का नंबर नोट कर लिया था। इस संबंध महिला के पति की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना निगोही के उपनिरीक्षक नितिन कुमार के साथ कांस्टेबल देवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## रेलवे लाइन के किनारे रहने वालों को नोटिस जारी, विरोध में सपा का प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महानगर के मोहल्ला मेहमानशाह, अब्दुल्लागंज, बंगश, जियाखेल, गर्रा फाटक, मानूजई और यूनुसखेल क्षेत्रों में रेलवे लाइन किनारे झुग्गी-झोपड़ियों में पिछले लगभग 25 वर्षों से रह रहने वाले लोगों को रेल प्रशासन ने नोटिस जारी किए हैं। जिसके विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में सैकड़ों लोग खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।



इस दौरान उत्तर रेलवे के डीआरएम और जीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। तनवीर खान ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के आशियांने बसाने की जगह उजाड़ने की कोशिश कर रही है। वर्षों से जो गरीब परिवार झुग्गी झोपड़ी में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। उन घरों को गिराकर बेघर करना चाहते हैं। कहा कि भाजपा सरकार में इन गरीबों दो वक्त की रोटी भी नहीं मिल पा रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्षों से निवास कर रहे गरीब परिवारों को उनकी जमीन और आशियाने से न हटाया जाए। इन बस्तियों में रहने वाले लोग लंबे समय से वहीं रहकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं और उन्हें हटाए जाने से उनके सामने आवास और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उत्तर रेलवे के डीआरएम व जीएम को तत्काल पत्र भेजकर गरीबों को न्याय दिलाया जाए। अन्यथा समाजवादी पार्टी गरीबों की झुग्गी- झोपड़ी को बचाने के लिए बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, रामसूरत यादव, विजय सिंह, अतिउल्ला सिद्दीकी, रामकुमार भोजवाल, जितेंद्र गौतम, संजीव वर्मा, जितेंद्र वर्मा, परवेज अंसारी, नाजिम फारूकी, मोनू कुरैशी, किरन कठेरिया, नसीम खान, जफरीन, मुकेश यादव, राजकुमार शर्मा, हफीज अंसारी, अरशद खान, संतोष पाल, फैसल, अजीम खान, राघवेंद्र मिश्रा, टिंकू सिंह, अनिल भास्कर, जबर सिंह, समर्थ यादव, ऋषभ सक्सेना, सर्वेश, सरताज इदरीसी, इमरान खान, असलम खान, रानू खान, आरिफ खान, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### इमली का पेड़ बन सकता है लोगों की जान का खतरा




**कमलापुर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वन रेंज सिधौली के अंतर्गत कमलापुर कस्बे से लगभग 300 मीटर दूरी पर स्थित मां वैष्णो फीलिंग सेंटर (भारत पेट्रोल पंप) के पास नेशनल हाईवे के किनारे सैकड़ो वर्ष पुराना जर्जर इमली का पेड़ लगा हुआ है।जो किसी भी वक्त आम लोगों की जान का खतरा बन सकता है। जहां पर कुछ आवासीय मकान बने हुए हैं। मकानों के बाहर बाइक मिस्त्री टेलर,ट्रैक्टर मिस्त्री, टायर मिस्त्री आदि की दुकानें संचालित हैं। सैकड़ो लोगों का आवागमन बना रहता है। लगभग 1 वर्ष पूर्व सूखी डाल गिरने से मकान के बाहर पड़ी टीन ध्वस्त हो गई थी। स्थानीय निवासी विष्णु कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया उक्त समस्यात्मक घटना से वन विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन आश्वासन देकर विभाग द्वारा टाल दिया जाता है। जिससे स्थानीय लोगों में विभाग की लापरवाही से दहशत का माहौल वना हुएआ है।कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं।

### बरातियों से भरी बस पलटी, 22 बराती घायल



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र में फर्रुखाबाद-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर ग्राम हीरानगर के पास एक बाइक सवार को बचाने में बरातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर रोड किनारे खाई जाकर पलट गई। हादसे में 22 बराती घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

रविवार रात थाना कलान क्षेत्र के गांव तिहाड़खेड़ा निवासी अनूप कुमार की बरात जलालाबाद के गांव टिकरी जानी थी। सभी बराती बस से निकले। थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र में फर्रुखाबाद-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर ग्राम हीरानगर में पेट्रोल पम्प के पास एक बाइक सवार को बचाने के फ़ेर में बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस रोड किनारे खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बस के दरवाजे और खिड़की से किसी तरह बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए 22 लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों में दूल्हा अनूप के चाचा बाबूराम, तहेरा भाई भूपेंद्र, शरदवीर, रिश्तेदार ओमकार, विकास आदि को चोटें आई हैं। एसपी ग्रामीण ने बताया कि हादसे में 19 लोग घायल हुए, जिनका सीएचसी में उपचार कराकर उनके गंतव्य को भेज दिया है। जबकि दो लोगों की गंभीर हालत देखकर रेफर किया गया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत, 10 वर्षीय बेटा घायल

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार रात थाना अल्हागंज क्षेत्र में बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर ततियारी मोड़ के पास भूसे से भरी पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई, जबकि उनका 10 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक का उपचार के लिए फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना अल्हागंज क्षेत्र के मोहल्ला बगिया निवासी 45 वर्षीय संतोष शर्मा अपनी 42 वर्षीय पत्नी किरण शर्मा और 10 वर्षीय पुत्र शोभित के साथ बाइक से मदनापुर क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान ततियारी मोड़ के पास उनकी बाइक को भूसे से भरी पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे संतोष शर्मा और उनकी पत्नी किरण शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका पुत्र शोभित गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खाई में पलट गई और चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल शोभित की गंभीर हालत देखकर फर्रुखाबाद रेफर किया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। दंपति की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं पशुपालन योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं संवर्धन के अनुश्रवण हेतु बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गो संरक्षण के साथ-साथ पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मोबाइल वेटरनरी यूनिट (पशु चिकित्सा वाहन) की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि 1962 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर पशुपालन विभाग की एंबुलेंस सेवा सीधे पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध होगी। उक्त सेवा के माध्यम से मौके पर ही पशुओं का उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उनकी उत्पादकता में भी वृद्धि हो सके।

# सीतापुर की बेटी सुगंधी ने रचा इतिहास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। कौन कहता है कि आसमां में छेद नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों इस कहावत को चरितार्थ किया है अपने जनपद सीतापुर के श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाली बालिका सुगंधी ने। जिसने अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर बैडमिंटन खेल में पूरे लखनऊ मंडल से एक मात्र बालिका बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वाधान में आवासीय क्रीड़ा छात्रावास हेतु आयोजित परीक्षा में चयनित होकर इतिहास रच दिया।

इसी क्रम में आज दिनांक 22.06.2026 को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने सुगंधी को अपना आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया तथा हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। सुगंधी को आवासीय क्रीड़ा छात्रावास, जनपद अयोध्या में कक्षा 11 में प्रवेश मिला है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाली अपने जनपद की पहली बालिका बैडमिंटन खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। सुगंधी ने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि अर्जित की है। सुगंधी ने सबसे पहले जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली शारीरिक और बैडमिंटन कौशल परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद लखनऊ मंडल, लखनऊ में आयोजित शारीरिक और बैडमिंटन कौशल परीक्षा उत्तीर्ण की। फिर दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जनपद प्रयागराज में किया गया जिसमें भी सुगंधी ने शारीरिक परीक्षा और बैडमिंटन की कौशल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात सुगंधी का चयन 15 दिवसीय (14 अप्रैल से 29 अप्रैल, 2026) केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ। केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन होने वाली शारीरिक और बैडमिंटन कौशल परीक्षा में सुगंधी ने अन्य 09 मंडलों के चयनित 15 खिलाड़ियों को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सुगंधी की इस उपलब्धि पर पूरे जनपदवासी एवं खेलप्रेमी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आयुष चौधरी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### सुगंधी की उपलब्धियों पर एक नजर

सत्र 2024-2025 में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सब जूनियर एकल श्रेणी में प्रथम स्थान।

सत्र 2024-2025 में मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सब जूनियर एकल श्रेणी में प्रथम स्थान।

सत्र 2024-2025 में 68वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सब जूनियर एकल में प्रतिभागिता।

सत्र 2024-2025 में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, जनपद सीतापुर एवं जनपद लखनऊ के द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय एवं जोनल स्तरीय तथा जनपद झांसी के द्वारा आयोजित राज्य बैडमिंटन की सब जूनियर प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया।

सत्र 2025-2026 में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जूनियर एकल एवं युगल श्रेणी में प्रथम स्थान।

सत्र 2025-2026 में मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जूनियर एकल एवं युगल श्रेणी में प्रथम स्थान।

सत्र 2025-2026 में 69वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता जूनियर एकल एवं युगल में प्रतिभागिता।

सत्र 2025-2026 में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, जनपद सीतापुर एवं जनपद लखनऊ के द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय एवं जोनल स्तरीय तथा जनपद प्रयागराज के द्वारा आयोजित राज्य बैडमिंटन की सब जूनियर प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया।

# मोदी सरकार ने बदायूँ की वर्षों पुरानी मांग की पूरी बदायूँ-लखनऊ रेल सेवा को मिली स्वीकृति : बी.एल. वर्मा

## मोदी सरकार की विकास यात्रा में बदायूँ को मिली नई उपलब्धि, लखनऊ रेल सेवा स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बदायूँ स्थित आर.के रिसॉर्ट (कृष्णा लॉन) में बदायूँ से लखनऊ के लिए नई ट्रेन संचालित होने के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता को केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने मीडिया के बंधुओं से वार्ता की। केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने बदायूँ से लखनऊ के मध्य रेल सेवा संचालन की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बदायूँ जनपद की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि बदायूँ से लखनऊ के लिए रेल सेवा संचालित किए जाने की मांग को लेकर वह लंबे समय से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष लगातार प्रयासरत थे। जनपदवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को उन्होंने कई अवसरों पर प्रमुखता से उठाया तथा रेल मंत्री से निरंतर संपर्क और संवाद बनाए रखा। उनके अथक प्रयासों, सतत अनुश्रवण एवं सकारात्मक पहल के



परिणामस्वरूप आज बदायूँ की जनता को यह बहुप्रतीक्षित सौगात प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 15312/15311 कासगंज-ऐशबाग (लखनऊ) एक्सप्रेस के संचालन की स्वीकृति मिलने से बदायूँ सहित पूरे क्षेत्र के यात्रियों को राजधानी लखनऊ तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। यह ट्रेन प्रातः 5:25 बजे बदायूँ स्टेशन पहुंचेगी, जिससे विद्यार्थियों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों एवं आम यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। इससे लोगों का समय बचेगा, यात्रा सुगम होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा उझानी मेरे ग्रह नगर होने के कारण रेल मंत्री से उझानी स्टेशन पर भी ठहराव की विशेष मांग की थी, जिसे स्वीकार किया गया है। उझानी में स्टॉपेज मिलने से हजारों यात्रियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा और उन्हें बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के प्रत्येक क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रेलवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं तथा यात्रियों की सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। बदायूँ-लखनऊ रेल सेवा की स्वीकृति इसी जनकल्याणकारी सोच और विकासवादी दृष्टिकोण का परिणाम है।उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। यही कारण है, कि आज रेलवे, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य देखने को मिल रहे हैं। बदायूँ को मिली यह नई रेल सुविधा भी उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने बदायूँ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा यह निर्णय जनपद के लाखों लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा। अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में मीडिया के बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा जनहित से जुड़े विषयों को जनता तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने बदायूँ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात जनपद के विकास और जनसुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, जिला मंत्री विश्वजीत गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अचल शर्मा एव मीडिया के बंधु उपस्थित रहे।

## ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 का प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सूचित करते हुए बताया कि जो युवा एक वर्षीय ओ लेवल एवं तीन माह का सी0सी0सी0 कम्प्यूटर का नि:शुल्क कोर्स करने के इच्छुक हो तथा योग्यता/शर्तो के अन्तर्गत जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट हो, अभिभावक की वार्षिक आय रू0 100000-(एक लाख रू0) से अधिक न हो, आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच हो, आवेदक बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न लेता हो वह कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0-118 विकास भवन, बदायॅू में सम्पर्क करके विभाग की वेवसाईट backwardwelfare.up.nic.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर समय सारिणी के अनुसार अन्तिम तिथि 10.07.2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं, तत्पश्चात आवेदक अपना ऑनलाइन आवेदन का छायाप्रति प्राप्त करके आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं हाईस्कूल तथा इण्टर की मार्कशीट की छायाप्रति लगाकर आवेदन पत्र दो प्रतियों में 10 जुलाई 2026 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0-118 विकास भवन, बदायॅू में जमा करा दें।

## जननी सुरक्षा योजना में 07 सीएचसी की प्रगति कम होने पर दिए सुधार के निर्देश

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन को सुगमता से सुलभ कराने के लिए कहा। उन्हौने बताया कि 01 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा, इसके लिए सभी अधिकारी अपनी तैयारी पूर्ण रखें। उन्होंने अधिकारियों से माइक्रो प्लान बनाकर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 28 जून से प्रारम्भ हो रहे पल्स पोलियो अभियान के कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तर, नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण, स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण, ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की संवेदीकरण आदि कार्य समय पर पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी बैठकर समय से पूर्ण कराकर अभियान को सफल बनाया जाए। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने 28 जून 2026 से पल्स पोलियो दिवस पर सभी प्राथमिक विद्यालय खोले जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी को पल्स पोलियो दिवस के दिन बूथ का उद्घाटन सम्बन्धित ग्राम प्रधान से करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय के सहयोग से चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर बनाते हुये ब्लाक स्तर पर महिला नसबंदी कैम्प का आयोजन कराया जाये।

जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना (जे0एस0वाई0) के भुगतान में 50 प्रतिशत से कम भुगतान करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (ब्लाक स्थित) इस्लामनगर, उझानी, दहगवां, उसावां, आसफपुर, जगत एवं समरेर अन्य सभी ब्लाकों को आगामी माह की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक तक 95 प्रतिशत से अधिक की उपलब्धि प्राप्त करें। राशन डीलर व पंचायत भवन पर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु माईक्रोप्लान के अनुसार टीमें गठित की जाये। जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, बदायॅू एवं समस्त सामु0 स्वा0 केन्द्रों का एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन करा लिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जिला पु0/म0 चिकित्सालय), समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त नोडल अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, ए0डी0ओ0 पंचायत आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## शिवानंद चौरसिया परिवार को न्याय दिलाने की मांग हुई तेज, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे

देवरिया । उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में स्वर्गीय शिवानंद चौरसिया के परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर चल रहा न्याय सत्याग्रह सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए परिवार की मांगों को न्यायोचित बताया और सरकार व प्रशासन के रवैये की आलोचना की। अजय राय ने अपने संबोधन में कहा कि शिवानंद चौरसिया के परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल सका है। जिला प्रशासन और सरकार को 10 जुलाई तक का समय देते हुए उन्होंने कहा कि यदि तब तक परिवार की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर प्रदेश भर में सहायता राशि एकत्र करने का अभियान चलाया जाएगा।

# उर्दू पत्रकारिता के इतिहास पर शोधपरक कृति अवध में उर्दू पत्रकारिता का विकास का हुआ विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। अवध सहित देशभर की उर्दू पत्रकारिता के इतिहास को समेटे शोधपरक पुस्तक अवध में उर्दू पत्रकारिता का विकासङ्क का भव्य विमोचन अल-हुदा इंग्लिश स्कूल के परिसर में आयोजित समारोह में किया गया। पुस्तक के लेखक डॉ. सुफियान अहमद अंसारी कासमी हैं, जिनके इस शोध कार्य पर वर्ष 2023 में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। समारोह के मुख्य अतिथि मशहूर आलोचक एवं शायर खलील अहसन (लखनऊ) ने कहा कि यह पुस्तक केवल अवध की उर्दू पत्रकारिता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भारत के विभिन्न प्रांतों में उर्दू पत्रकारिता के विकास, उर्दू के पहले दैनिक समाचार पत्र, भारत के पहले अखबार, हिंदी और फारसी पत्रकारिता के शुरुआती दौर सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को शोधपूर्ण ढंग से शामिल किया गया



है।उन्होंने कहा कि डॉ. सुफियान अहमद अंसारी ने अपने शोध में विषय के साथ पूरा न्याय किया है और पुस्तक में ज्ञान का महत्वपूर्ण संग्रह प्रस्तुत किया है। उन्होंने उनके शोध कार्य की सराहना करते हुए भविष्य की साहित्यिक और अकादमिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।विमोचन समारोह की अध्यक्षता शहर के वरिष्ठ धार्मिक विद्वान एवं ईदगाह के इमाम मौलाना वलीउल्लाह मजाहेरी ने की। कार्यक्रम का संचालन स्वयं डॉ. सुफियान अहमद अंसारी ने किया। समारोह की शुरुआत मौलाना कारी अब्दुल मतीन कासमी की तिलावत और मौलाना अब्दुल हसीब नदवी की नात से हुई। विशिष्ट अतिथि गोरखपुर के प्रसिद्ध कहानीकार डॉ. ओबैदुल्लाह चौधरी ने कहा कि बहराइच से उनका रिश्ता लगभग चार दशक पुराना है। पहले यहां कई साहित्यकार उर्दू की रोशनी को आगे बढ़ा रहे थे और अब डॉ. सुफियान अहमद अंसारी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहराइच की साहित्यिक पहचान को मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। अध्यक्षीय संबोधन में मौलाना वलीउल्लाह मजाहेरी ने डॉ. सुफियान अहमद अंसारी को उर्दू भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों पर बधाई दी। मुफ्ती अब्दुल रहीम कासमी ने कहा कि डॉ. सुफियान अहमद अंसारी उनके पुराने साथी हैं और उन्होंने जिस क्षेत्र में कार्य किया, उसमें अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मौलाना सिराज मदनी ने भी अपने विचार रखे। समारोह में मजहर सईद अलीग बहराइची, मुजीब सिद्दीकी करनैलगंज और अज्म गोंडवी ने अपनी कविताओं के माध्यम से डॉ. सुफियान अहमद अंसारी की साहित्यिक एवं अकादमिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।अल-हुदा इंग्लिश स्कूल के संस्थापक शफीक अहमद बागबान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि शहर के एक महत्वपूर्ण अकादमिक और साहित्यिक व्यक्तित्व की पुस्तक का विमोचन विद्यालय परिसर में हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तक में अवध और पूरे भारत की उर्दू पत्रकारिता के साथ-साथ बहराइच की पत्रकारिता का भी उल्लेख किया गया है। मौलाना अबुल कलाम आजाद एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी एवं पत्रकार सलीम सिद्दीकी ने की।

मुशायरे में खलील अहसन, मुजीब सिद्दीकी, डॉ. मुबारक बहराइची, जव्वाद वारिस, मजहर सईद बहराइची, जमाल अज़हर, कलीम बहराइची, डॉ. सगीर, अब्दुल्ला बहराइची सहित कई शायरों ने अपनी रचनाएं पेश कीं। कार्यक्रम में डॉ. मेराजुद्दीन, मौलाना सुहैल, मौलाना मुहम्मद इरफान, मौलाना वसीउल्लाह, मौलाना अब्दुल्ला नदवी, मौलाना मुनीर अहमद, मौलाना महमूद, हाफिज अब्दुल बारी सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय कायाकल्प एवं पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा में सख्त दिखे जिलाधिकारी, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, नामांकन बढ़ाने, दिव्यांग छात्रों की सुविधाओं एवं लंबित गैप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश**

सम्भल (बहजोई) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प, निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन, मध्यान्ह भोजन योजना, दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पीएम श्री विद्यालयों में गैप तथा वहां कराए गए एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अधिकाधिक छात्रों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने तथा पीएम श्री विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराने हेतु शिक्षकों को निरंतर प्रेरित एवं प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिनांक 23 जून 2026 को संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों (बीडीओ) एवं एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर विद्यालय कायाकल्प के अंतर्गत शेष गैप पर विस्तृत चर्चा करें तथा उसकी सूची हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि इसकी साप्ताहिक समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में गैप की सूची आगामी तीन कार्यदिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांग छात्रों, विशेषकर श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए शासनादेश के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा।

बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत तिथि भोज योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने तथा तिथि भोज कार्यक्रम की कार्यवाही उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के विद्यालयों में जिन एनजीओ के माध्यम से मध्यान्ह भोजन व्यवस्था संचालित की जा रही है, उनके संबंध में शासनादेश के अनुरूप सेंट्रल किचेन से संबंधित विद्यालयों की दूरी का विद्यालयवार विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालयों में अद्यतन लंबित गैप की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन कार्यों को रायफल क्लब अथवा ग्राम एवं नगर निधि से वित्तपोषित किया गया है, उनमें अब तक संतृप्तिकरण न होने के वास्तविक कारणों का परीक्षण किया जाए। साथ ही आगामी 15 कार्यदिवस के भीतर सभी शेष गैप को पूर्ण करने के लिए संबंधित पटल प्रभारी के साथ कार्ययोजना तैयार करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# बकरी पालन योजनाओं के लिए लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 समदर्शी सरोज ने बताया कि जनपद में बकरी पालन को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बकरी पालन योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। अनुसूचित जाति बकरी पालन योजना (राज्य योजना) अनुदान सं. 83 के अन्तर्गत 14 इकाइयों तथा बकरी पालन योजना (राज्य योजना) अनुदान सं. 15 के अन्तर्गत 10 इकाइयों का चयन किया जाना है। प्रत्येक इकाई में 05 मादा एवं 01 नर बकरी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक महिला एवं पुरुष बकरी पालकों का चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम प्रधान, पशुचिकित्साधिकारी तथा उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भूमिहीन महिला/पुरुष, विधवा एवं निराश्रित महिलाओं तथा कोविड प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति बकरी पालन योजना में अनुसूचित जाति के भूमिहीन महिला/पुरुषों, विधवा, निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उपलब्धता के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के महिला-पुरुषों तथा दिव्यांगजनों को भी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से उन्हें वरीयता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 20 प्रतिशत अतिरिक्त लाभार्थियों का चयन प्रतीक्षा सूची हेतु किया जाएगा। जिला स्तर पर उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारियों से प्राप्त सूची के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति बकरी पालन योजना के चयनित लाभार्थियों को 10 प्रतिशत अंशदान के रूप में 6,000 रुपये तथा सामान्य बकरी पालन योजना के चयनित लाभार्थियों को 4,500 रुपये जमा करने होंगे। निर्धारित धनराशि जमा करने का प्रमाण प्राप्त होने के उपरान्त ही लाभार्थी का अंतिम चयन किया जाएगा। साथ ही चयनित लाभार्थियों से 10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र लिया जाएगा, जिसमें बकरी इकाई को न्यूनतम तीन वर्ष तक संचालित करने का आश्वासन देना होगा। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम पशुचिकित्सालय अथवा उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में मोहर्रम के संबंध में हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने मोहर्रम में पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सम्बंध में पुलिस लाइन सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मोहर्रम परंपरागत तरीके से मनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की जाए। सोशल मीडिया पर निगरानी की जाए। किसी भी प्रकार की भ्रामक या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट डालने वालो के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मोहर्रम पर निकलने वाले ताजियों के साथ कोई भी अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा यह सुनिश्चित किया जाए। सोमवार को आहूत बैठक में उन्होंने बताया कि मोहर्रम 17 जून से प्रारंभ होकर दिनांक 26 जून तक मनाया जाएगा। मोहर्रम की 10 तरीख (अशुरा) 26 जून 2026 को होगा। नगर में नगर मजिस्ट्रेट बदायूं नगर क्षेत्र में तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में रहेंगे तथा अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि मोहर्रम को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए जनपद को विभिन्न क्षेत्रों में बांटा गया है प्रत्येक क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है कुल 23 मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं इसके अतिरिक्त 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा 12 अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को निर्देशित किया कि समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देशित करें कि वह मोहर्रम के अवसर पर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति, मुख्य मार्ग पर चूना डलवाना व समुचित साफ सफाई की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, जिन मार्गो से ताजिये निकलेंगे उन मार्गों को पहले से ही निरीक्षण कर गड्ढे इत्यादियों को सही करवा लिया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई व पेयजल आपूर्ति के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए कहा गया तथा जिला चिकित्सालय अन्य चिकित्सालय में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं हेतु शिफ्टवार डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की तनाती करने के लिए निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सुचारू विद्युत व्यवस्था व मुख्य अग्निशमन अधिकारियों को सुरक्षा हेतु अग्निशमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को मुख्य मार्गों पर निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने हेतु पर्याप्त कैटल कैचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित आईसीसीसी में नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, धर्मगुरु व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग की योजनाओं एवं तीर्थ स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा की, सितंबर तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई), । आज जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थों एवं 19 महाकूपों में से जिन तीर्थ स्थलों पर विकास कार्य प्रगति पर हैं, उनके संबंध में कार्यदायी संस्थाओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कुरुक्षेत्र तीर्थ के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए टॉयलेट ब्लॉक, चेंजिंग रूम, पेवर ब्लॉक, गेट एवं रेड सैंड स्टोन सहित अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

बैठक में वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की ड्राइंग एवं डिजाइन पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाएं। प्राचीन मनोकामना तीर्थ के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा कहा कि सितंबर माह तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ के विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई।

मनोकामना गेट एवं कुरुक्षेत्र गेट के निर्माण में सीएनसी कटिंग से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बहापुर पट्टी स्थित देवी माता मंदिर, बाकरपुर बनियाखेड़ा स्थित देवस्थान के पर्यटन विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई।

विकासखंड असमोली के ग्राम असमोली में स्थित बूढ़े बाबा के स्थान के पर्यटन विकास कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

बैठक में रायपुर कला स्थित चामुंडा देवी मंदिर, सम्भलेश्वर, सूर्यकुंड मंदिर, भुवनेश्वर तीर्थ एवं हंस तीर्थ के विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि नवीन स्वीकृत समस्त कार्यों को 30 सितंबर तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्थलों पर कराए जाने वाले समान प्रकृति के कार्यों की डिजाइन एक समान रखी जाए । डिजाइन में सम्भल की एक थीम रखी जाए।

बैठक में विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम गणेशपुर स्थित प्राचीन मनोकामना मंदिर श्री बांके बिहारी जी, ऐंचौड़ा कम्बोह के समीप द्वार तथा हरी बाबा धाम के विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रदीप कुमार टम्टा तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि ओम ट्रेडर्स, ललित कुमार, आदित्य श्रोतिया, ओम बिल्डर्स एवं एम.एस. बिल्डर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने संयुक्त रुप से सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन



### स्कूल बस एवं शादी समारोह वाहनों पर सख्ती

जांच के दौरान एक स्कूल बस, जो शादी समारोह में सवारियों को ले जा रही थी, उसकी परमिट एवं फिटनेस फ़ेल पाई गई।सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के कारण उक्त बस को भी सीज किया गया। इसी प्रकार शादी समारोह में उपयोग किए जा रहे चार अन्य वाहनों का भी चालान किया गया।इन सभी वाहनों में यात्री सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी पाई गई।

### खतरनाक ड्राइविंग पर कठोर कार्रवाई

अभियान के दौरान एक 6 सीटर बोलेरो वाहन में लगभग बीस यात्रियों को ठूंसकर खतरनाक एवं ओवरस्पीड तरीके से वाहन चलाते हुए पाया गया। यह गंभीर यातायात उल्लंघन एवं जनसुरक्षा के लिए खतरा होने के कारण उक्त वाहन को थाना इटियाथोक में सीज किया गया।प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा ओवरलोडिंग एवं खतरनाक ड्राइविंग से बचें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनपद में एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय के नेतृत्व में मुन्नन खां चौराहा पर सीओ ट्रैफिक गोण्डा एवं टीआई गोण्डा के साथ मिलकर संयुक्त सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम जांच प्रव र्तन अभियान चलाया गया।इस अभियान का उद्दे श्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम,यातायात निय मों के अनुपालन को सुनिश्चित करना तथा आमज न में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा ।

अभियान के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस (नो डीएल) बिना हेलमेट (नो हेलमेट) तथा अन्य याता यात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की ग हन जांच की गई।जांच के दौरान कुल 21 दोपहि या वाहनों को सीज किया गया।इसके अतिरिक्त 168 वाहनों का चालान किया गया,जो विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन में पाए गए।

# नाबालिग प्रेमिका से मिलने पहुँचे युवक को परिजनों ने पकड़ा, छेड़खानी पास्को का मुकदमा दर्ज




### पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा

नाबालिग लड़की के पिता ने मोतीगंज थाने में तह रीर देकर धानेपुर थाना क्षेत्र के उज्जैनी कला शेख पुरवा निवासी महफूज पर बेटी के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ छेड़खानी और पॉक्सो ए क्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कि या है।

### पुलिस बोली– वीडियो की भी हो रही जांच

मोतीगंज थाना प्रभारी यशवंत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर महफूज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच स्वयं उनके द्वारा की जा रही है।उन्होंने बताया कि महफूज के साथ आए दोनों दोस्तों को छोड़ दिया गया है, क्यों कि लड़की के पिता ने उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो भी इसी घटना से जुड़ा है, जिसकी जांच कराई जा रही है।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग प्रेमिका से मिलने पहुंचे एक युवक को उसके दो दोस्तों समेत परिजनों के गुस्से का सामना करना पड़ा।घटना 19 जून की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है।परिवार के सदस्यों ने घर से करी ब 50 मीटर दूर गन्ने के खेत में प्रेमी और प्रेमिका को पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को खेत से बाह र निकालकर जमकर पीटा गया।बताया जा रहा है कि युवक अपनी प्रेमिका से मिलने अपने दो दो स्तों के साथ पहुंचा था।जब परिजनों ने तीनों को पकड़ लिया तो प्रेमी ने अपने दोस्तों को बचाने की कोशिश की।इस पर परिवार के लोगों ने दोनों दो स्तों को भी पकड़ लिया और जमीन पर बैठाकर उनकी पिटाई कर दी।घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वीडियो में प्रेमी महफूज और उसके दोनों दोस्त जमीन पर बैठे दिखाई दे रहे हैं।तीनों परिवार के सदस्यों से माफी मांगते नजर आ रहे हैं।वायरल वीडियो के बाद मामला चर्चा में आया है।

# गोंडा रेलवे स्टेशन क़े मुख्य द्वार पर चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । रेलवे स्टेशन परिसर के निकट मुख्यमार्ग इन दिनों अवैध टैक्सी स्टैंड में तब्दील होता जा रहा है।स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर पा किंग क्षेत्र तक निजी टैक्सियों और ऑटो चाल कों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।अव्यव स्थित ढंग से खड़ी टैक्सियों के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है,बल्कि आ पात स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आवश्यक वा हनों के आवा गमन में भी परेशानी होती है।स्टेशन प्रशासन व आरपीएफ और जीआरपी की उदासीनता के चलते यह समस्या लगातार बढ़ ती जा रही है।यात्रियों का आरोप है कि कई बार मनमाना किराया वसूला जाता है और मना करने पर अभद्र व्यवहार भी किया जाता है,दि ल्ली से आए यात्री अमित और सूरज ने बताया कि स्टेशन से बाहर निकलते ही टैक्सी चालक घेर लेते हैं और हाथ में सामन की छीना झपटी करने लगते है न मुख्य गेट पर आरपीएफ और जीआरपी क़े कोई जवान मौजूद नहीं रहते है।और तय किराए से दोगुना पैसा मांगते हैं मजबू री में देना पड़ता है।प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# बेसमेंट में नियमों को ठेंगा दिखाकर खोल दी अस्पताल, कोचिंग और लाइब्रेरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । धड़ल्ले से संचालित हो रहे अस्पताल, होटल और कोचिंग सेंटर बेसमेंट में ही संचालित हो रहे है कैनविज टाइम्स की टीम जब इस इलाके में पहुंची तब अंबेडकर चौराहे के पास बेसमेंट में रेस्टोरेंट व हॉस्पिटल बेसमेंट में पाए गए। लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हादसे के बाद भी जिलाप्रशासन कुंभकर्णी के नींद में सोया हुआ है दिल्ली और लखनऊ जैसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।लखनऊ में हुए हादसे के बाद गोंडा में बेसमेंट में चलनेवाले दर्जनों से अधिक होटल,नर्सिंग होम,कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।कैनविज टाइम्स की पड़ताल में ऐसे होटल,नर्सिंग होम को चिंग संस्थानों में हर कदम पर जोखिम पाए गए। व्यस्ततम इलाकों में बेसमेंट में संचालित कई ऐसी अस्पताल, रेस्टोरेंट कोचिंग पाई गईं है जिनमें आने और जाने के एक ही रास्ते हैं और क्षमता से अधि क लोग मौजूद रहते हैं।गोंडा में




अधिकांश कोचिंग संचालकों ने अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमा ण पत्र भी नहीं लिया है।माना जा रहा है कि जिले में सैकड़ो से अधिक कोचिंग और लाइब्रेरी संस्थान संचालित हैं,जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक का र्यालय में केवल 54 संस्थान ही पंजीकृत हैं।शेष संस्थान बिना औपचारिक अनुमति और आवश्यक मानकों के बिना ही संचालन कर रहे हैं।इनमें से अ धिकांश संस्थानों में प्रवेश और निकास के लिए के वल एक ही द्वार बनाया गया है,जो किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में बड़ी समस्या बन सकता है।वही शिवा कंपटीशन हब के संचालक डॉ. अज य पाठक का कहना है कि प्रवेश व निकास के अ लग-अलग द्वार हैं।अग्निशमन यंत्र भी उनके सं स्थान में उपलब्ध है।स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि कई संस्थानों में अग्निशमन यंत्र आपातकालीन निकास,चेतावनी संकेतक और सुर क्षा उपकरण जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं तक उपल ब्ध नहीं हैं।संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षे त्रों में संचालित कई कोचिंग केंद्रों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंचते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।हाल में ही कोचिंग और शैक्षणिक संस्थानों में आगजनी तथा अन्य दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आने के बाद सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बढ़ी है।इसके बावजूद जिले में बड़ी संख्या में संस्थान नियमों से बेपरवाह नजर आ रहे हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.राम चंद्र ने कहा कि मंगलवार से जिलेभर में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा।इस दौरान कोचिंग और लाइब्रेरी संस्थानों के पंजीकरण, भव न की सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन संसाधन, प्रवेश-निकास व्यवस्था और अन्य आवश्यक मानकों की जांच की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि जो संस्था न निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करेंगे,उनके संचा लन पर रोक लगाने के साथ संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

किसी भी कोचिंग संचालकों ने अग्निसुरक्षा को लेकर विभाग से अ नापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया है।बेसमेंट में केवल भंडारण ही किया जा सकता है।बेसमेंट का पुस्त कालय के रूप में उपयोग करना मानदंडों का उल्लंघन है।अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुसार यदि किसी भवन के बेसमेंट का उपयोग कार्यालय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है,तो व हां पर्याप्त संख्या में निकास और पहुंच मार्ग होने चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है।जिला विद्यालय निरीक्षक से सूची लेकर कार्रवाई की जाएगी।रवींद्र शंकर मिश्र, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बहराइच के जन सेवा केन्द्रों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसऽ2026 के अवसर पर ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में जनपद बहराइच के विभिन्न जन सेवा केन्द्रों पर योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 07:00 बजे जन सेवा केन्द्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से हुआ। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री जी का प्रेरणादायी संबोधन सुना तथा योग कार्यक्रम का सामूहिक रूप से अवलोकन किया। इसके बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। जनपद के प्रमुख आयोजन स्थल शेख दाहिर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। जनपद के कुल 500 जन सेवा केन्द्रों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 5000 नागरिकों ने अपने-अपने केन्द्रों पर योगाभ्यास कर सहभागिता की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद के सभी वीएलई (ग्राम स्तरीय उद्यमी) ने सक्रिय भूमिका निभाई और स्थानीय स्तर पर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया। प्रातः 07:00 बजे प्रधानमंत्री जी के योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण। जन सेवा केन्द्रों पर सामूहिक योगाभ्यास एवं कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता। युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति। योग के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त समाज निर्माण का संकल्प। कार्यक्रम की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं डिजिटल रिपोर्टिंग।

इस अवसर पर जिला प्रबंधक सी एस सी बहराइच अखिलेश मिश्रा ने कहा कि जनसेवा केन्द्र केवल डिजिटल सेवाओं का माध्यम नहीं हैं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनकल्याणकारी अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जनसहभागिता का बेहतर उदाहरण है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नागरिकों ने नियमित रूप से योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। सीएससी एसपीवी उत्तर प्रदेश की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, सभी वीएलई एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों को किया गया जागरू

## गंगोत्री पौधशाला में कृषि विभाग ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। प्रदेश सरकार के खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत गंगोत्री पौधशाला, एरिया महसी में कृषि विभाग, बहराइच द्वारा गंगोत्री किसान उत्पादक संगठन के सहयोग से किसानों के लिए स्वस्थ मिट्टीऽसमृद्ध किसान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों से आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील की। एसडीओ कृषि शिशिर वर्मा ने बताया कि महसी विकासखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर बनाए गए हैं, जिसमें एरिया/करेहना ग्राम सभा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि चयनित किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



एडीओ कृषि राहुल गुप्ता ने जीवामृत, घनजीवामृत एवं जैविक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। एफपीओ अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि गंगोत्री पौधशाला में जैविक तरीके से सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है तथा किसानों को औषधीय पौधों की खेती से जोड़कर आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। नेचुरल रेमेडीज के प्रदेश प्रभारी पीयूष मिश्रा ने ब्राह्मणी, भुई आंवला एवं तुलसी जैसे औषधीय पौधों की खेती के लाभ बताए। कार्यक्रम के अंत में उप निदेशक कृषि ने एफपीओ द्वारा तैयार जैविक उत्पादों एवं बांस की खेती का निरीक्षण किया और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर एफपीओ से जुड़े लगभग 60 किसान उपस्थित रहे।

# समाजसेवी ने प्राथमिक विद्यालय को गोद लेकर इक्यावन बच्चों को प्रदान की साइकिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव रजनपुर में सोमवार को मंदिर स्थापना दिवस की वर्षगांठ पर युवा उद्यमी समाज सेवी रोहित सिंह द्वारा इक्यावन छात्र छात्राओं को साइकिल भेंट करते हुये शिक्षकों को सम्मानित किया गया और प्राथमिक विद्यालय रजनपुर को कान्वेंट विद्यालय की तरह विकसित करने की घोषणा की है जिसकी क्षेत्रीय नागरिकों ने सराहना की है।बताते चलें कि युवा उद्यमी एवं समाज सेवी रोहित सिंह ने जिस विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की उसे गोद लेते हुए अपनी निजी व्यवस्था से अत्याधुनिक सुविधाओं से विकसित करने के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनुमति लेते हुये विद्यालय का कायाकल्प के साथ सर्वांगीण विकाश करने का कार्य शुरू किया है। प्राथमिक विद्यालय रजनपुर में कक्षा एक से पांच तक कुल चौरानबे छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।विद्यालय परिसर में कराये जा रहे प्रमुख जीर्णोद्धार कार्यों में भवन की मरम्मत एवं पेंटिंग,



वि?द्यालय गेट से भवन तक सीसी रोड निर्माण, खिड़की एवं दरवाजों का नवीनीकरण, शौचालयों की वृहद मरम्मत, बच्चों एवं शिक्षकों हेतु आधुनिक फर्नीचर की व्यवस्था तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में इनडोर एवं आउटडोर प्ले ज़ोन विकसित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न खेल सामग्री, स्पोर्ट्स आइटम्स तथा बच्चों के मनोरंजन हेतु एफआरपी एनिमल्स लगाए जाएंगे, जिससे बच्चों को खेल के माध्यम से सीखने का बेहतर अवसर मिल सके।विद्यालय में बच्चों के बैठने हेतु आधुनिक फर्नीचर तथा शिक्षकों एवं आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। बच्चों के मध्याह्न भोजन को व्यवस्थित एवं स्वच्छ वातावरण में कराने हेतु विशेष डाइनिंग एरिया विकसित किया गया है।विद्यालय में स्वच्छ पेयजल हेतु समर सबमर्सिबल बोर एवं वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा रही है, जिसमें स्मार्ट स्टडी पैनल, मिको, ए आई तकनीकी तथा विद्युत बैकअप हेतु इन्वर्टर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।इसके अतिरिक्त बच्चों को सम्पूर्ण यूनिफॉर्म के दो सेट, जिसमें शर्ट-पैंट, स्कर्ट, जूते, मोजे, टाई, बेल्ट, स्कूल बैग, बोतल, कॉपियां एवं पेंसिल बॉक्स आदि वितरित किए जाएंगे। पुस्तकालय को समृद्ध करने के लिये उपयोगी पुस्तकों का दान भी किया गया है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह एवं इक्यावन छात्र छात्राओं को साइकिल भेंटकर सम्मानित किया गया। समाज सेवी रोहित सिंह ने कहा कि मेरा हमेशा यह प्रयास रहा है कि गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा, बेहतर वातावरण और आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिले। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे सहयोग और सकारात्मक प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और आने वाले समय में भी बच्चों और विद्यालय के विकास हेतु इसी प्रकार प्रयास जारी रहेंगे। युवा उद्यमी रोहित सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर रामकल्प तिवारी, राजेंद्र बहादुर सिंह, संतोष तिवारी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव सिंह,महेंद्र प्रताप सिंह, अब्दुल कयूम, राज किशोर सिंह, कन्हैया लाल त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, ओंकार बख्श सिंह, श्याम बहादुर सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद

# प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी शराब के 24 बोतल के संग एक गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ अरुण त्रिपाठी एवं सहायक सुरक्षा आयु क्त रेलवे सुरक्षा बल गोंडा,महेंद्र प्रसाद दुबे महोदय के कुशल निर्देशन में मुझ निरीक्षक अनिरुद्ध राय साथ जीआरपी इंस्पेक्टर साथ स्टाफ के द्वारा संयु क्त कार्रवाई में सुनील कुमार पुत्र राजाराम सिंह नि वासी ग्राम - जयसिंहपुर मोजे थाना-तुर्क वालिया जिला मोतिहारी को एक ट्रेवलिंग बैग एवं एक पिट्ठू बैग में अंग्रेजी शराब लेकर प्लेटफार्म नंबर दो के प श्चिमी छोर पर रोका गया एवं बैग की तलाशी में रॉ यल चैलेंजर व्हिस्की मेड इन हरियाणा का चौबीस बोतल प्रत्येक 750 एमएल कूल 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।पूछने पर बताए कि हरियाणा से लेकर मोतीहारी बिहार जा रहा था,वहां पर अ धिक दाम में मैं बेचता।उक्त बरामदगी पर आबका री अधिनियम कि धारा 63 के अंतर्गत मुकदमा पं जिकृत किया गया।चौबीस अंग्रेजी शराब की कीम त 24000/- रुपया है।उपरोक्त मामले की जांच उ पनिरीक्षक बलरामपुर मनोज कुमार यादव के द्वा रा की जाएगी।

## सूचना

मैं, अब्दुल रउफ पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम गभौरा पोस्ट धनौली तहसील तरबगंज का निवासी हूँ,मेरा इंडियन बैंक पकड़ी बाजार तरबगंज में मेरा खाता है, जिसका खाता संख्या– 50111799345 है, उसे खाते में मेरा नाम रउफ अली छप गया है,जबकि मेरा वास्तविक नाम अब्दुल रउफ है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

प्रार्थी
अब्दुल रउफ पुत्र अब्दुल रहमान
निवासी ग्राम गभौरा
पोस्ट धनौली तहसील तरबगंज
जनपद गोंडा

# राष्ट्रीय शहरी सेमिनार में सहभागिता कर लौटीं पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शहरी सेमिनार में सहभागिता करने के बाद वापस लौट आई हैं। 19 एवं 20 जून को आयोजित इस सेमिनार का विषय ‌‌सामुदायिक सहभागिता से शहरी सेवाओं को मजबूत बनाकर समावेशी शहरों का निर्माण‌ था।सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधियों एवं शहरी विकास से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश से डॉ. आस्था अग्रवाल के साथ लखनऊ के विधायक नीरज बोरा भी शामिल हुए।सेमिनार के प्रथम दिवस प्रतिभागियों ने भुवनेश्वर के एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का भ्रमण किया। यहां घर-घर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से किस प्रकार स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सकता है। द्वितीय दिवस में प्रतिभागियों को पुरी में संचालित 24 7 पेयजल आपूर्ति परियोजना का अवलोकन कराया गया। वॉटको (डइड्डएग) द्वारा संचालित इस मॉडल में जल शोधन, फिल्ट्रेशन तथा निरंतर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण कर यह जाना कि किस प्रकार पानी को शुद्ध एवं पेय योग्य बनाया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि पुरी में नागरिकों को चौबीसों घंटे सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है और लोग सीधे नल से पानी पी सकते हैं।

**भुवनेश्वर और पुरी में स्वच्छता प्रबंधन, कूड़ा निस्तारण एवं 24 7 पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का किया अवलोकन**

सेमिनार के दौरान समावेशी शहरों के विकास, शहरी गरीबों के लिए बेहतर सेवाओं की उपलब्धता, आजीविका, आवास, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा तथा सामुदायिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न शहरों के सफल अनुभव और नवाचार भी साझा किए गए।उड़ीसा से वापसी पर डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि सेमिनार में प्राप्त अनुभव एवं जानकारी पीलीभीत की स्वच्छता, जलापूर्ति एवं अन्य शहरी सेवाओं को और बेहतर बनाने में उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के सफल मॉडलों का अध्ययन कर उन्हें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों के साथ तीन युवकों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना अमेठी पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल सवार सचिन पुत्र कल्पनाथ निवासी ग्राम नोहरेपुर थाना मुंशीगंज,शिवा पुत्र पिन्टू निवासी ग्राम स्वयंवर सिंह का पुरवा मजरे जंगल रामनगर थाना व जनपद अमेठी एवं साहिल पुत्र उदयराज निवासी ग्राम नोहरेपुर थाना मुंशीगंज को गिरफ्तार किया गया। स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 एच 0133 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि यह मोटर साइकिल करीब पच्चीस दिन पहले पनियार नहर थाना क्षेत्र मुंशीगंज के पास से चोरी किये थे।वह तीनों मिलकर दो अन्य मोटरसाइकिल चोरी करके दुर्गापुर रोड पर हैलीपैड के पास छिपाकर रखे है। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर दो मोटरसाइकिल दुर्गापुर रोड पर हैलीपैड के पास से बरामद हुई।सुपर स्प्लेण्डर बिना नम्बर प्लेट को तीनों ने मिलकर प्लाजा मैरिज लान कस्बा अमेठी से व स्प्लेण्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट को थाना क्षेत्र जगदीशपुर से चोरी करके नम्बर प्लेट निकलकर फ़ेक दिये थे।

## किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किया धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन दिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने किसानों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। प्रमुख मांगों में फार्मर रजिस्ट्री में हो रही त्रुटियों का निराकरण, खतौनी में खातेदारों का अंश निर्धारण, लो वोल्टेज एवं खराब ट्रांसफार्मरों की समस्या का समाधान, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, उन्नत बीज एवं कीटनाशकों की उपलब्धता बढ़ाना तथा उपनिबंधक कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त पशु चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने, पशुओं में फैल रही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम, गौशालाओं एवं चारागाह की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, शारदा सहायक खंड-16 एवं 49 की माइनरों तथा अल्पिकाओं की सफाई कराने, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा किसानों के कथित उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा कृषि यंत्रों और कृषि ऋण उपलब्ध कराने में बैंकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।

संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी, शासन-प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन के मौके पर जिला महामंत्री कर्मराज दुबे, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सैयद बेगम, महिला प्रकोष्ठ जिला महासचिव पूजा दुबे, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र, भदैया ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार यादव, रिजवान अहमद, फहीम हाशमी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे फाटक से थाने के गेट तक चली रंजिश, धारदार हथियार से हमला,पीड़ित आईसीयू में भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।माधोटांडा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश ने रविवार को एक बार फिर खूनी रूप ले लिया मामूली विवाद से शुरू हुआ मामला पहले रेलवे क्रॉसिंग तक पहुंचा और फिर थाने के गेट के बाहर हिंसक वारदात में बदल गया धारदार हथियार से हुए हमले में अकील अली गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कर आईसीयू में रखा गया है घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है और पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले लोधीपुर निवासी मुन्ने खां धर्मंगदपुर में मजार पर लगे मेले में गए थे वहां किसी बात को लेकर अकील पक्ष से विवाद हो गया था और दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी इस मामले में माधोटांडा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था तभी से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही थी रविवार को दोनों पक्ष माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास आमने-सामने आ गए, जहां कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई इसी बीच दोनों पक्षों के परिजन भी थाने पहुंच गए अकील पक्ष का आरोप है कि जब अकील अली पानी पीने के लिए थाने के गेट के बाहर पहुंचे, तभी पहले से मौजूद विरोधी पक्ष के लोगों ने उन पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया हमले में अकील अली गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां हालत नाजुक होने पर आईसीयू में भर्ती किया गया है घायल के पुत्र हसीन अली ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि निजाकत खां, शाहीन उर्फ भूरा, नईम खां, चुन्ने खां, गन्ठे खां, अरबाज खां, कमरूद्दीन, हारून और अमान अली समेत कई लोगों ने घेरकर उनके पिता पर जानलेवा हमला किया बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई आरोप है कि मुकदमा दर्ज कराने पर परिजनों को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं वहीं दूसरे पक्ष के मुन्ने खां का भी उपचार कराया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है दोनों पक्षों की तहरीर और सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाने की तैयारी

अमेठी । वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति तथा पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को डीएफओ कार्यालय अमेठी में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने की जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा युवा समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के स्वयंसेवकों को ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया गया। ये संगठन पौधरोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता भी फैलाएंगे। व्यापार मण्डलों से बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों के किनारे हरित पट्टी विकसित करने में सहयोग की अपील की गई। वहीं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से किसानों को कृषि वानिकी (एग्रो-फॉरेस्ट्री) से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के साथ उनकी आय बढ़ाने की योजना पर भी बल दिया गया। बैठक में पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए लगाए जाने वाले पौधों की जियो-टैगिंग कर डिजिटल मॉनिटरिंग की जाएगी तथा स्थानीय स्तर पर ‘वृक्ष मित्रों’ को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस अवसर पर जनपद की विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं जैसे बाबा बैजनाथ सेवा संस्थान, सहारा जीवन जनकल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट संस्थान, लोक भारती हरियाली अभियान टोली, पर्यावरण वाला, ग्रामीण प्रगति संस्थान, कमला सेवा समिति, ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, अनिकेत सेवा संस्थान, विन्धेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान, मदन फाउंडेशन सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वन विभाग की ओर से क्षेत्रीय वन अधिकारी तिलोई अभय कुमार मल्ल, क्षेत्रीय वन अधिकारी मुसाफिरखाना ज्योर्तिमय शुक्ला, क्षेत्रीय वन अधिकारी अमेठी नागेन्द्र पटेल तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरीगंज दीपक सिंह भी मौजूद रहे।

### नवजात बच्चियों को वितरित की बेबी किट

अमेठी । महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सोमवार को मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा नवजात बच्चियों एवं उनके परिजनों को कन्या सुमंगला योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नवजात कन्याओं को कन्या सुमंगला योजना के पम्पलेट के साथ बेबी किट वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव एवं सुपरवाइजर रोशन लाल ने उपस्थित अभिभावकों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान तथा कन्या सुमंगला योजना सहित महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर रोशन लाल, स्टाफ नर्स सुधा श्रीवास्तव एवं चिकित्सालय की टीम सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर पालिका ने बदली तहसील मार्ग की सूरत, शुरू हुआ हाटमिक्स निर्माण

पूरनपुर। नगर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल तहसील रोड पर वर्षों से लोग गड्ढों, धूल और उबड़-खाबड़ रास्ते की परेशानी झेल रहे थे लंबे इंतजार के बाद अब इस मार्ग की तस्वीर बदलती दिखाई दे रही है नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के प्रयासों से नगर पालिका कार्यालय से पकड़िया चौराहा तक हाटमिक्स सड़क निर्माण का कार्य रविवार रात शुरू कराकर सड़क तैयार कराई गई, जिससे लोगों में खुशी का माहौल है पहले चरण में करीब 400 मीटर लंबाई में 30 एमएम मोटाई की हाटमिक्स सड़क बनाई जा रही है इसके बाद दूसरे चरण में तिरंगा चौक तक करीब 500 मीटर अतिरिक्त सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिससे पूरे मार्ग पर आवागमन और अधिक सुगम हो सकेगा सड़क बनने से स्थानीय व्यापारियों, अधिवक्ताओं, राहगीरों और आसपास के निवासियों को काफी राहत मिलेगी बता दें कि कोतवाली रोड से नगरपालिका चौराहे तक की सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में थी सड़क के दोनों ओर कराई गई खुदाई और उड़ती धूल के कारण राहगीर, दुकानदार और अधिवक्ता परेशान थे 24 मई की रात पुरानी सड़क उखाड़े जाने के बाद लोगों को निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी थी, जो अब पूरी होती नजर आ रही है नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि नगर के प्रमुख मार्गों को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है ताकि लोगों को लंबे समय तक बेहतर सुविधा मिल सके वहीं, मेन मार्केट की सड़क के लिए भी 29.51 लाख रुपये का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है, जिससे नगर की अन्य प्रमुख सड़कों की तस्वीर भी जल्द बदलने की उम्मीद है

### झूठी जांच आख्या से क्षुब्ध डकैती पीड़ित परिवार ने सरकार पर लगाए लीपापोती के आरोप, न्याय न मिलने पर जताई आत्महत्या की आशंका

पूरनपुर।वर्ष 2024 में हुई करोड़ों की डकैती के मामले में न्याय की आस लगाए बैठा पीड़ित परिवार अब उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली से नाराज नजर आ रहा है रामपुरा निवासी डकैती पीड़िता साधना गुप्ता ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों की जांच में वास्तविक तथ्यों को नजरअंदाज कर झूठी आख्या भेज दी गई और बिना बरामदगी के ही सभी सोने-चांदी के जेवरात व नगदी बरामद दिखाकर मामले में लीपापोती की गई पीड़िता का कहना है कि 30 जनवरी 2024 को उनके घर में करीब 32 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 26.80 लाख रुपये की नकदी की डकैती हुई थी लेकिन अब तक न तो एक भी जेवरात बरामद हुआ है और न ही अधिकांश नगदी वापस मिल सकी है उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच करने के बजाय मनमानी करते हुए आईजीआरएस पर भ्रामक रिपोर्ट भेजकर शासन स्तर पर वाहवाही लूटने का प्रयास किया मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में पीड़िता ने पूरे प्रकरण की किसी ईमानदार और स्वतंत्र एजेंसी से उच्चस्तरीय जांच कराने तथा घटना के कथित मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी की मांग की है उन्होंने आरोप लगाया कि पकड़े गए पांचों आरोपी न्यायालय से छूट चुके हैं और अब परिवार को लगातार जान-माल का खतरा बना हुआ है आरोपियों द्वारा घटना दोहराने और हमला करने की धमकी दिए जाने का भी उल्लेख किया गया है पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि वर्ष 2024 से लंबित इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय नहीं दिलाया गया तो परिवार आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी इस मामले ने एक बार फिर प्रदेश में गंभीर आपराधिक घटनाओं की जांच और पीड़ितों को न्याय दिलाने की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संजय सिंह एडवोकेट निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, पर्यवेक्षकों की निगरानी में सम्पन्न हुआ क्षत्रिय एजूकेशनल एसोसिएशन का चुनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। क्षत्रिय एजूकेशनल एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक एवं निर्वाचन कार्यक्रम क्षत्रिय भवन में नामित पर्यवेक्षकों की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत सदन ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह एडवोकेट को पुनः संस्था का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह वर्ष 1999 से लगातार क्षत्रिय एजूकेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से निर्वाचित होते आ रहे हैं। वर्ष 2026 में उनका दसवाँ कार्यकाल प्रारम्भ हुआ है, जो संस्थाओं के प्रति उनके समर्पण, सदस्यों के अटूट विश्वास तथा उनके सफल नेतृत्व का प्रमाण है। निर्वाचन में उपाध्यक्ष पद पर डॉ. आर.पी. सिंह, मंत्री/सचिव पद पर रमेश सिंह, सह सचिव पद पर अमरेंद्र प्रताप सिंह, संप्रेक्षक पद पर पवन कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर अमर बहादुर सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजय प्रताप सिंह, अनिल प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, महेश नारायण सिंह, राणा संदीप सिंह, राम गोविंद पाल, उत्कर्ष सिंह एवं गौरव सिंह का चयन किया गया। सदन के सदस्यों ने अध्यक्ष संजय सिंह को महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज की प्रबंध समिति हेतु सदस्यों के चयन का अधिकार प्रदान किया। अध्यक्ष ने प्रो. विनोद कुमार सिंह, बृजभान सिंह, राम बहादुर सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह तथा धनंजय सिंह के नाम सदस्य के रूप में घोषित किए। इसी क्रम में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रबंध समिति हेतु शुभ नारायण सिंह, बजरंग बहादुर सिंह, धनंजय प्रताप सिंह, शिव प्रसाद सिंह, बाल चंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, सुरेंद्रनाथ सिंह एवं सूर्यभान सिंह के नाम घोषित किए गए। राणा प्रताप विधि महाविद्यालय, कूरेभार की प्रबंध समिति हेतु ठाकुर प्रसाद सिंह, योगेश प्रताप सिंह, देवांश सिंह, सुनील कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, सूर्य प्रताप सिंह एवं पशुपतिनाथ सिंह को सदस्य नामित किया गया। गौरतलब है कि क्षत्रिय एजूकेशनल एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1944 में श्रद्धेय बाबू बेंचू सिंह वकील ने अपने सहयोगियों के साथ की थी। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. दिवाकर त्रिपाठी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा आनंद कुमार मौर्य, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, बुआपुर को पर्यवेक्षक नामित किया गया था। उनकी देखरेख में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षत्रिय एजूकेशनल एसोसिएशन अपने पूर्वजों के आदर्शों एवं उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए न्यूनतम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी।

### आठ वर्षीय मासूम से दरिंदगी पर राज्य महिला आयोग सख्त, पीड़ित परिवार को 3 लाख की सहायता और आवास का भरोसा

पीलीभीत। जनपद में 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की दर्दनाक घटना के बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे पीड़ित परिवार के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया उन्होंने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि 66 वर्षीय आरोपी द्वारा मासूम के साथ किया गया कृत्य अत्यंत निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाला है पुष्पा पांडे ने कहा कि वह स्वयं पूरे मामले की निगरानी कर रही हैं और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है साथ ही परिवार के पास पक्का मकान न होने के कारण उन्हें सरकारी आवास योजना के तहत आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उनका पुनर्वास बेहतर ढंग से हो सके उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और उनके पुनर्वास के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है।

## अधिवक्ता और उनके मित्रों को होटल व्यवसायी ने जमकर पीटा, मारपीट की वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शहर का रेलवे स्टेशन रोड एक बार फिर चर्चा में है। इलाके के कुछ होटलों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी और सवाल दोनों बढ़ते दिख रहे हैं। आरोप है कि कुछ प्रतिष्ठान अब सिर्फ होटल नहीं रहे बल्कि वहां ऐसे तत्वों का जमावड़ा होने लगा है जहां ग्राहक सेवा से ज्यादा दबाव और भय का माहौल महसूस करते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई जगहों पर भोजन के नाम पर मनमानी वसूली विरोध करने पर अभद्रता और कथित दबंगई की शिकायतें पहले भी उठती रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी बीच रविवार देर रात एक अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट का मामला चर्चा में आ गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित जिले के अधिवक्ता धर्मात्मा सिंह हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है लेकिन सामने आए दृश्य लोगों के बीच चिंता और नाराजगी बढ़ाने वाले हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि कानून की समझ रखने वाला व्यक्ति भी कथित तौर पर सार्वजनिक जगह पर सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा तो आम नागरिक किस भरोसे बाहर निकले। स्थानीय नागरिकों के बीच यह चर्चा भी है कि कुछ होटल संचालकों को कथित संरक्षण मिलने के कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ दिखाई देता है। लोगों का कहना है कि जहां नियमों की जगह रिश्ते और जिम्मेदारी की जगह मेहमाननवाजी के नाम पर विशेष सुविधा चलने लगे वहां कार्रवाई की धार अक्सर कुंद दिखने लगती है। यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि वर्दी का असर सिर्फ आम आदमी पर और रसूख वालों पर नरमी में बदल जाए तो कानून का डर नहीं केवल चयनात्मक सख्ती बचती है। हालांकि इन आरोपों पर संबंधित पक्ष की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## नारी शक्ति क्लब द्वारा योग दिवस एवं पितृ दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नारी शक्ति क्लब‘ पूरनपुर द्वारा आज मधुवन में पहली समीक्षा मीटिंग के साथ योग दिवस एवं फादर्स डे मनाया गया। इससे पूर्व मोनिका होड़ा ने सहर्ष एवं स्वेच्छा से अपने कोषाध्यक्ष पद को सुधा गुप्ता जी को सौंपा। पहले अध्यक्ष प्रभा गुप्ता ने योग के लाभ के विषय में चर्चा की। तत्पश्चात सुधा गुप्ता के निर्देशन में सभी ने योग एवं प्राणायाम किया। योग को और अधिक मनोरंजक बनाने हेतु डॉ नीता सुशील अग्रवाल ने योग से संबंधित एक फन गेम करवाया। जिसकी विनर संगीता गुप्ता रहीं। बाद में फादर्स डे भी मनाया गया। जिसके उपलक्ष्य में सभी सदस्य अपने घर से आम की नई-नई डिशेज बना कर लाए थे। सभी डिशेज बहुत स्वादिष्ट थीं। इसे भी एक प्रतियोगिता का रूप दिया गया। सविता खण्डेलवाल , अंजली गुप्ता जी एवं रानी चंदी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसमें मोनिका होड़ा विनर रहीं। इसके बाद डॉ नीता अग्रवाल जी ने ‘पापा - दि रियल सुपरहीरो‘ पर कुछ पंक्तियाँ सुनाईं।अंत में सभी सदस्यों की राय से क्लब के द्वारा आगे किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तय की गई। जिसमें डेंटल चेकअप, पौधारोपण एवं गर्ल्स हाइजीन अवेयरनेस के साथ पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के साथ तीज महोत्सव के आयोजन को सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही क्रोशिया क्लास एवं सेल्फ डिफेंस क्लास चलाने पर भी विचार किया गया।इस मीटिंग में नारी शक्ति क्लब की अध्यक्ष प्रभा गुप्ता जी, सचिव डॉ नीता सुशील अग्रवाल , कोषाध्यक्ष सुधा गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सविता खण्डेलवाल, अर्चना सिंघल, रानो माटा एवं अंजली गुप्ता के साथ मोनिका होड़ा , दीपिका गुप्ता , संगीता गुप्ता, रानी चंदी एवं अनुराधा गुप्ता जी आदि सदस्य शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# बारिश में सब्जी-बाड़ी की अच्छी परंपरा

बारिश का मौसम आ गया है। खेती-बाड़ी की तैयारी चल रही है। मिट्टी की सौंधी खुशबू आ रही है। सूखे पेड़ों में हरे पत्ते आने लगे हैं। धरती पर हरी चादर फैलने लगी है। सूखी नदियों में पानी बढ़ गया है। ऐसे समय मुझे याद आ रही है, बारिश के मौसम में लगने वाली सब्जियों की, जिससे ताजी हरी घर की सब्जियां मिलती हैं। हालांकि सब्जी बाड़ी की परंपरा कुछ कमजोर हुई है, पर अब भी देश के कई कोनों में यह परंपरा कायम है। आज के कॉलम में इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे हम हमारी पुरानी अच्छी परंपराओं को समझ सकें, कायम रख सकें। मुझे याद आ रही है मेरे गांव की, जहां लोग इस मौसम में घरों की मरम्मत करते थे, जिससे बारिश का पानी घर के अंदर न आए। रास्तों की मरम्मत करते थे, जिससे आने-जाने में असुविधा न हो। ईंधन के लिए लकड़ियों का इंतजाम कर लिया जाता था। मवेशियों के लिए भूसा, चारा का इंतजाम कर लिया जाता था।इसी प्रकार, बारिश के पहले बाड़ियों में देसी सब्जियां उगाई जाती थीं। हर साल सब्जियों के बीज बचाकर रख लिए जाते थे, और बारिश आते ही उन्हें बाड़ियों में बोया जाता था। कुछ ही दिनों में हरी सब्जियां आने लगती थीं। घरों की छतों पर, बागुड़ में सब्जियों की बेल फैल जाती थीं। फल आने लगते थे। उनके वजन के भार से बागुड़ भी टेढ़ी-मेढ़ी हो जाती थीं। एक समय हमारे गांव में बाड़ियों में घरों के पीछे कई तरह की हरी सब्जियां और मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न ही खाद। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। इसमें अदरक, हल्दी जैसे औषधीय पौधे भी होते थे। देशी बीजों को बचाने में लगे नरेश विश्वास तो बीजों की रिश्तेदारी नामक एक कार्यक्रम ही चला रहे हैं। इसका अर्थ है कि देसी बीजों को बचाना, और एक दूसरे को आदान-प्रदान करना। साथ ही इन अनाजों व सब्जियों से अलग अलग व्यंजन बनाना और उनकी प्रदर्शनी लगाना है, जिससे इस परंपरा को बढ़ावा मिले। और फिर से चलन में आए। नरेश विश्वास मंडला- डिंडौरी के बैगाचक के बैगा व पातालकोट के भारिया आदिवासियों के बीच जो देसी बीज लुप्त हो चुके थे, उन्हें खोजकर आदिवासियों को उपलब्ध कराते हैं। इसके तहत कई तरह के देसी सब्जियों की बीज शामिल है। बाड़ियों में सब्जियों के साथ देसी अनाज भी लगाते हैं। सिकिया ऐसा ही अनाज था, जिसे लोग भूल चुके थे। मंडला में फिर से लोग इसे बोने लगे हैं। इसी प्रकार, बाजरा, जिसे चिड़िया बहुत खाती हैं, लेकिन उनके पास ऐसी देसी किस्म है जिसमें रोएं होते हैं, जिससे चिड़िया नहीं खा पाती। जिससे फसल का नुकसान नहीं होता है। बिलासपुर जिले में जनस्वास्थ्य सहयोग नामक संस्था ने भी सब्जी बाड़ी को काफी बढ़ावा दिया है। संस्था द्वारा छोटे बच्चों के लिए फुलवारी ( झूलाघर) संचालित की जाती है। उसमें बच्चों को ताजा, गरम, पतला खाना दिया जाता है। इन फुलवारियों में सब्जी बाड़ी हैं, जिससे बच्चों को हरी सब्जियों भी मिलती हैं। फुलवारी में सब्जी बाड़ी में पालक, मैथी, लाल भाजी, धनिया पत्ती लगाई है। इन हरी भाजियों की पत्तियों को दाल-चावल की खिचड़ी में डालकर पकाया जाता है और बच्चों को खिलाया जाता है। इसे पोषण आहार में शामिल किया जाता है। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी की जरूरत नहीं होती। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती है। यह संस्था जेवनार मेले आयोजित करती है,जिसमें महिलाएं देसी व्यंजनों के तौर-तरीके बताती हैं। छत्तीसगढ़ के गांवों, कस्बों से लेकर शहरों के आसपास भी सब्जी बाड़ी देखने को मिलती है। सब्जी बाजार में भी महिलाएं सब्जियों बेचती हैं। फुटपाथ पर हरी ताजी सब्जियों की ढेरियों के साथ सजी दुकानें देखते ही बनती हैं। हरी पत्तीदार सब्जियों की खान है छत्तीसगढ़, यहां सबसे ज्यादा विविधता पाई जाती है। इस जैव विविधता के साथ संस्कृति जुड़ी है।

# बौद्ध चिंतन, सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का प्रामाणिक दस्तावेज

भारतीय बौद्धिक परंपरा में बौद्ध धम्म केवल एक धार्मिक विचारधारा नहीं, बल्कि मानवता, करुणा, तर्कशीलता और सामाजिक समानता का व्यापक आंदोलन रहा है। आज जब समाज अनेक प्रकार की वैचारिक, सामाजिक और नैतिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब बुद्ध के विचारों की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। ऐसे समय में लेखक कैलाश चन्द्रा की डायमंड पॉकेट बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक बौद्ध धम्म : उद्भव एवं विकास एक गंभीर, शोधपरक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कृति के रूप में सामने आती है। कैलाश चन्द्रा लंबे समय तक शिक्षा विभाग, दिल्ली सरकार में शिक्षक रहे हैं और सामाजिक सरोकारों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। लेखक का साहित्यिक और सामाजिक अनुभव इस पुस्तक में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने केवल ऐतिहासिक तथ्यों का संकलन नहीं किया, बल्कि बौद्ध धम्म के सामाजिक, दार्शनिक और मानवीय पक्षों को गहराई से समझने और पाठकों तक सरल भाषा में पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापक संरचना है। लगभग दस अध्यायों में विभाजित यह ग्रंथ बुद्ध के समकालीन भारतीय समाज से लेकर आधुनिक विश्व में बौद्ध धम्म की प्रासंगिकता तक का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत करता है। लेखक ने बौद्ध धम्म को केवल धार्मिक परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन, लोकतांत्रिक चेतना और मानवीय मूल्यों के विकास के संदर्भ में भी समझाया है। पुस्तक का पहला अध्याय बुद्ध के समकालीन भारतीय समाज विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें लेखक ने तत्कालीन भारतीय समाज की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट किया है कि बुद्ध का उदय केवल धार्मिक घटना नहीं था, बल्कि वह एक व्यापक सामाजिक क्रांति का परिणाम था। जातिगत असमानता, कर्मकाण्ड, सामाजिक विषमता और वैचारिक जड़ता के बीच बुद्ध ने करुणा, समता और विवेक का मार्ग प्रस्तुत किया। लेखक ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर, कार्ल मार्क्स और अन्य विद्वानों के विचारों के माध्यम से उस युग की सामाजिक चेतना को प्रभावी ढंग से सामने रखा है। लेखक की भाषा विद्वत्तापूर्ण होते हुए भी सहज और प्रवाहपूर्ण है। यह पुस्तक शोधार्थियों और गंभीर पाठकों के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ सामान्य पाठकों के लिए भी बोधगम्य बनी रहती है। पुस्तक में प्रयुक्त संदर्भ, ऐतिहासिक तथ्य और दार्शनिक विश्लेषण इसकी विश्वसनीयता को मजबूत बनाते हैं। विशेष रूप से बुद्ध के नैतिक आदर्श, संघ व्यवस्था, त्रिपिटक परंपरा और बौद्ध दर्शन की व्याख्या अत्यंत संतुलित और तथ्यपरक प्रतीत होती है। दूसरे और तीसरे अध्याय में लेखक ने सिद्धार्थ गौतम के जीवन, ज्ञान की खोज, तपस्या, बोधि प्राप्ति तथा चार आर्य सत्यों का विस्तार से विवेचन किया है। इन अध्यायों में केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय संघर्ष, वैचारिक जिज्ञासा और आत्मबोध की यात्रा को भी प्रमुखता दी गई है। लेखक यह स्थापित करने में सफल रहते हैं कि बुद्ध का दर्शन जीवन से पलायन नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं का यथार्थवादी समाधान प्रस्तुत करता है। पुस्तक का चौथा अध्याय धम्म-प्रचार विशेष महत्व रखता है। इसमें बुद्ध द्वारा उपेक्षित और निम्न वर्गों को संघ में स्थान देने, भिक्षुणी संघ की स्थापना, अंगुलिमाल जैसे व्यक्तियों के जीवन परिवर्तन तथा अशोक और कनिष्क के माध्यम से बौद्ध धम्म के प्रसार का सशक्त चित्रण किया गया है। लेखक ने यह स्पष्ट किया है कि बुद्ध का धम्म केवल व्यक्तिगत मुक्ति का मार्ग नहीं था, बल्कि सामाजिक समरसता और नैतिक पुनर्निर्माण का आंदोलन भी था। पांचवें अध्याय में त्रिपिटक और बौद्ध संगीतियों का जो विस्तारपूर्वक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है, वह इस पुस्तक को विशेष रूप से अकादमिक महत्व प्रदान करता है। विनय पिटक, सुत्त पिटक और अभिधम्म पिटक की संरचना, उद्देश्य और ऐतिहासिक महत्व का व्यवस्थित विवेचन पाठकों को बौद्ध साहित्य की गहरी समझ प्रदान करता है। यह भाग शोधार्थियों और बौद्ध अध्ययन के विद्यार्थियों के

कैलाश चन्द्रा लंबे समय तक शिक्षा विभाग, दिल्ली सरकार में शिक्षक रहे हैं और सामाजिक सरोकारों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। लेखक का साहित्यिक और सामाजिक अनुभव इस पुस्तक में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने केवल ऐतिहासिक तथ्यों का संकलन नहीं किया, बल्कि बौद्ध धम्म के सामाजिक, दार्शनिक और मानवीय पक्षों को गहराई से समझने और पाठकों तक सरल भाषा में पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापक संरचना है। लगभग दस अध्यायों में विभाजित यह ग्रंथ बुद्ध के समकालीन भारतीय समाज से लेकर आधुनिक विश्व में बौद्ध धम्म की प्रासंगिकता तक का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत करता है। लेखक ने बौद्ध धम्म को केवल धार्मिक परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन, लोकतांत्रिक चेतना और मानवीय मूल्यों के विकास के संदर्भ में भी समझाया है। पुस्तक का पहला अध्याय बुद्ध के समकालीन भारतीय समाज विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें लेखक ने तत्कालीन भारतीय समाज की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट किया है कि बुद्ध का उदय केवल धार्मिक घटना नहीं था, बल्कि वह एक व्यापक सामाजिक क्रांति का परिणाम था। जातिगत असमानता, कर्मकाण्ड, सामाजिक विषमता और वैचारिक जड़ता के बीच बुद्ध ने करुणा, समता और विवेक का मार्ग प्रस्तुत किया। लेखक ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर, कार्ल मार्क्स और अन्य विद्वानों के विचारों के माध्यम से उस युग की सामाजिक चेतना को प्रभावी ढंग से सामने रखा है। लेखक की भाषा विद्वत्तापूर्ण होते हुए भी सहज और प्रवाहपूर्ण है। यह पुस्तक शोधार्थियों और गंभीर पाठकों के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ सामान्य पाठकों के लिए भी बोधगम्य बनी रहती है। पुस्तक में प्रयुक्त संदर्भ, ऐतिहासिक तथ्य और दार्शनिक विश्लेषण इसकी विश्वसनीयता को मजबूत बनाते हैं। विशेष रूप से बुद्ध के नैतिक आदर्श, संघ व्यवस्था, त्रिपिटक परंपरा और बौद्ध दर्शन की व्याख्या अत्यंत संतुलित और तथ्यपरक प्रतीत होती है। दूसरे और तीसरे अध्याय में लेखक ने सिद्धार्थ गौतम के जीवन, ज्ञान की खोज, तपस्या, बोधि प्राप्ति तथा चार आर्य सत्यों का विस्तार से विवेचन किया है। इन अध्यायों में केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय संघर्ष, वैचारिक जिज्ञासा और आत्मबोध की यात्रा को भी प्रमुखता दी गई है।

लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। छठे और सातवें अध्याय में बौद्ध दर्शन तथा विश्व को बौद्ध धम्म की देन का गंभीर विश्लेषण किया गया है। लेखक ने अहिंसा, अनात्मवाद, प्रतीत्यसमुत्पाद, क्षणिकवाद और कर्मवाद जैसे जटिल दार्शनिक विषयों को सरल भाषा में समझाने का सराहनीय प्रयास किया है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि बौद्ध धम्म ने भारतीय संविधान, आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा, कला, स्थापत्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को किस प्रकार प्रभावित किया। पुस्तक की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि लेखक ने बौद्ध धम्म को आधुनिक संदर्भों से जोड़ने का प्रयास किया है। अंतिम अध्यायों में आधुनिक विश्व में बुद्ध की शिक्षाओं की प्रासंगिकता, सामाजिक सहिष्णुता, मानसिक शांति, नैतिक राजनीति और वैश्विक मानवता जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा की गई है। आज के तनावग्रस्त और विभाजित समाज में यह विमर्श अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है। हालांकि कुछ स्थानों पर पुस्तक का अकादमिक स्वर सामान्य पाठकों को थोड़ा गंभीर लग सकता है, लेकिन विषय की प्रकृति को देखते हुए यह स्वाभाविक भी है। पुस्तक में उद्धृत संदर्भों और ऐतिहासिक व्याख्याओं को और अधिक व्यवस्थित फुटनोट या संदर्भ सूची के साथ प्रस्तुत किया जाता, तो इसकी शोधपरक उपयोगिता और बढ़ सकती थी। फिर भी समग्र रूप से यह कृति अपने उद्देश्य में सफल दिखाई देती है। कैलाश चन्द्रा ने इस पुस्तक के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि साहित्य और समाज सेवा का संबंध अत्यंत गहरा है। उनका लेखन केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों को जागृत करने का कार्य भी करता है। पुस्तक में बुद्ध के विचारों को आधुनिक सामाजिक संदर्भों से जोड़कर प्रस्तुत करना लेखक की वैचारिक परिपक्वता को दर्शाता है। बौद्ध धम्म : उद्भव एवं विकास केवल बौद्ध धर्म पर आधारित पुस्तक नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज, इतिहास, दर्शन और मानवीय चेतना के विकास की एक गंभीर यात्रा है। यह कृति पाठकों को बुद्ध के विचारों की मूल भावना से परिचित कराती है और साथ ही यह संदेश भी देती है कि करुणा, समानता, विवेक और नैतिकता ही किसी सभ्य समाज की वास्तविक आधारशिला हो सकते हैं। निस्संदेह यह पुस्तक बौद्ध अध्ययन, भारतीय इतिहास, सामाजिक चिंतन और दर्शन में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी, संग्रहणीय और विचारोत्तेजक कृति है। यह पुस्तक केवल एक साहित्यिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों को समर्पित एक महत्वपूर्ण वैचारिक दस्तावेज है। **–उमेश कुमार सिंह**

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विशेष

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, देश के उन महानतम राजनीतिज्ञों में से एक थे ,जिन्होने राष्ट्र के बहुत ही कठिन दौर में हमारे देश के लिये बहुत ही महत्पवूर्ण योगदान किया। डा. मुखर्जी के जीवन में महत्त्वपूर्ण मोड़ 8 अप्रैल 1950 को उस समय आया जब उन्होंने पाकिस्तान के प्रति नीति के मामले मे मंत्रीगरिषद से त्यागपत्र दे दिया। वह स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे मंत्री थे, जिन्होंने नीति के सवाल पर पद से त्याग पत्र दे दिया। इस प्रकार उन्होने संसदीय लोकतंत्र की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुसार कार्य और दूसरों के सामने एक अनुसरणीय उदाहरण पेश किया। इसके बाद उन्होने सत्तारुढ कांग्रेस पार्टी के विकल्प के रुप में 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ नामक नयी राजनैतिक पार्टी का गठन किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सार्वजनिक जीवन सन् 1934 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में आरंभ हुआ था। वे विश्वविद्यालय के सबसे कम आयु के कुलपति थे। उस समय पूरा बंगाल, उड़ीसा और आसपास का पूरा क्षेत्र उस समय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता था। सन् 1942 में लार्ड लिनलिथगो ने भारत छोड़ो आंदोलन को देखते हुये आतंक फैला रखा था। कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता चूंकि जेलों में बंद कर दिये गये था। अतः उन कठिन दिनों में राष्ट्रवादी भारत का प्रवक्ता होने का भार डा. मुखर्जी को संभालना पड़ा। 1943 के प्राकृतिक आपदा के दौरान बंगाल की दुःखी मानवता के प्रति सेवाओं के कारण उनको राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई, और इसके बाद उन्हे हिन्दू महासभा का नेतत्व सौपा गया। अंग्रेजी सरकार ने देश के प्रमुख पार्टियों के समक्ष 'भारत की आजादी और विभाजन की शर्त रखी थी, जिसमें कोई भी पार्टी किसी भूभाग के लिये जोर-जबरदस्ती नहीं कर सकती थी, जो भारत के साथ नहीं मिलना चाहता। विभाजन की मूल योजना के अनुसार संपूर्ण पंजाब और बंगाल पाकिस्तान को दिये जाने थे। डा. मुखर्जी ने तब बंगाल और पंजाब के हिन्दू बहुल क्षेत्रों को बचाने में अपनी संपूर्ण शक्ति झोंक दी। 1946 में ये भारत की संविधान सभा के लिये चुने गये थे। और 15 अगस्त 1947 को गठित हुई प्रथम सरकार में उनको उद्योग तथा वाणिज्य मंत्री बनाया गया। भारत की औद्योगिक नीति की नीव उनके द्वारा ही रखी गई। स्वतंत्र भारत के प्रथम लोकसभा चुनाव में डॉ. मुखर्जी दक्षिण कलकत्ता से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में चुने गये। इसके कुछ दिनों के अंदर ही उन्होंने जनसंघ, हिन्दू महासभा, राम राज्य परिषद, गणतंत्र परिषद और कुछ निर्दलीय लोकसभा सदस्यों को एक सर्वमान्य कार्यक्रम के आधार पर मिला दिया और नेशनल डेमोक्रेटी पार्टी का गठन किया। इस पार्टी के अस्तित्व में आने के परिणामस्वरुप जो उस समय विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी थी। डॉ. मुखर्जी ने विपक्ष के प्रभावी नेता और सशक्त विकल्प के रुप में अपना स्थान बनाया। प्रशासनिक अनुभव का अथाह भंडार एवं संसदीय क्रियाकलापों पर पकड़ वाले एक महन बुद्धिवादी होने के कारण तत्कालीन सत्तापक्ष के लोग उनसे भयभीत रहते थे। डा. मुखर्जी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं के प्रति हमेशा सजग रहते थे। परंतु जिन समस्याओं की ओर उन्होने अत्यधिक ध्यान दिया, वह जम्मू कश्मीर राज्य का शेष भारत के साथ विलय, पाकिस्तान में रह गये हिन्दूओं का, भाग्य और सीमापार से आने वाले हिन्दू शरणार्थियों की हालत पर खूब मेहनत किया। वो डॉ. मुखर्जी ही थे जिन्होंने सबसे पहले इस समस्या को मुखरता प्रदान किया। जीवन के आखिरी समय में उन्होंने इस समस्या को खत्म करने के लिये बहुत ज्यादा प्रयत्न किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर राज्य को शेषभारत के साथ विलय करने पर अहम व महति भूमिका निभाई। इसी समस्या और भारत की एकता संप्रभुता के दिन रात प्रयत्नों के कारण डॉ. मुखर्जी की शारीरिक अवस्था काफी बिगड़ गई। धारा 370 के सबसे बड़े विरोधी डा. मुखर्जी ही थे जो इसे समाप्त करने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे थे ! जम्मू कश्मीर के दौरे पर भारत को अखंड रखने की प्रतिज्ञा लिए हुए हुए दोसंविधान दो झंडे और जम्मू कश्मीर राज्य के अलग कानून के के खिलाफत में अखंड भारत के लिए प्रतिज्ञाबद्ध होकर अपने स्वास्थ्य के भी चिंता ना करते हुए उन्होंने अथक प्रयत्न को मूर्त रूप देना शुरू किया और इन्हीं वजहों से उन्हें ह्रदय आघात हुआ फल स्वरुप 23 जून 1953 को जम्मू कश्मीर में उनका देहांत हो गया हालांकि कुछ इतिहास का लोग उनके देहांत को रहस्यमयी अवस्था में हुई मृत्यु मानते हैं।

## सेहत मंत्र

# मधुमेह को नियंत्रित रखने के लिए अपनाएं योगासन

भारत में आज लगभग हर घर में आपको कोई न कोई मधुमेह का रोगी मिल ही जाएगा। योग के जानकारों का कहना है कि लोग इस बीमारी को कोई खास तवज्जो नहीं देते लेकिन एक बार इस बीमारी की जद में आ जाने के बाद इससे छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साथ ही यह एक ऐसी बीमारी है कि जिसके बाद मनुष्य को बहुत सी चीजों से किनारा करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले तक जहां यह एक उम्र के बाद ही लोगों को अपनी चपेट में लेता था, वहीं गलत खान?पान व जीवनशैली के कारण वर्तमान में कम उम्र के लोग भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में यह बेहद आवश्यक है कि कुछ ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे आपका शुगर कंट्रोल में रहे। मधुमेह को नियंत्रित रखने में योग आपके काफी काम आ सकता है। इस आसन से शरीर का पाचनतंत्र मजबूत होता है और शरीर में रक्त का संचार तेजी से होता है, जिससे व्यक्ति को डायबिटीज से लड़ने में आसानी होती है। यह आसन करने के लिए पैर सीधे फैलाकर बैठ जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस भरते हुए पैरों के तलवे को पकड़ने की कोशिश करें। घुटने से माथा सटना चाहिए। फिर सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर करके सामान्य हो जाएं। इस प्रक्रिया को दो से तीन पर बार दोहराएं। यह शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। इसे करने से थॉयराइड और पैराथॉयराइड ग्रंथियों को मजबूती मिलती है। इसे करने के पहले सीधे लेट जाएं, फिर पैरों को धीरे-धीरे उठाते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। हाथों से कमर को सहारा दें। इस आसन में शरीर का सारा भार गर्दन पर पड़ना चाहिए। पैरों को सीधा रखें। यह आसन यकृत व मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। जिन लोगों के शरीर के भीतर इंसुलिन का उत्पादन नहीं होता या जिन्हें मधुमेह की बीमारी होती है, यह अभ्यास उनके शरीर में अग्नाशय को सक्रिय बनाकर इंसुलिन के उत्पादन में सहयोग देता है, इसलिए यह मधुमेह के उपचार के लिए रामबाण दवा है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सामने की ओर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब दाहिने पैर को मोड़ते हुए बाएं घुटने के बगल में बाहर की ओर रखें। इसके बाद बाएं को दाहिने ओर मोड़िए। एडी दाहिने नितम्ब के पास रहें। बाएं हाथ को दाहिने पैर के बाहर की ओर रखते हुए दाहिने पैर के टखने या अंगूठे को पकड़ें। दाहिना हाथ पीछे की ओर कमर में लपेटते हुए शरीर को दाहिनी ओर मोड़ें।

## धर्म मंत्र

# भोजपुर मंदिर जहाँ है देश का सबसे बड़ा शिवलिंग

मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग है महाकालेश्वर, उज्जैन और ओंमकारेश्वर, खंड़वा लेकिन एक शिवलिंग ऐसा भी है जो उत्तर भारत का सोमनाथ कहलाता है। यह शिवलिंग है प्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक भोजपुर गाँव में स्थापित भोजेश्वर शिव मंदिर है। यह वेत्रवती यानि बेतवा नदि के किनारे बना है। भोपाल से 30 किलोमीटर दूर रायसेन जिले के भोजपुर गाँव में बना परमार कालीन मंदिर हमेशा ही श्रृद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र रहा है। ऐसा माना जाता है कि भोजपुर में दुनियां का सबसे बड़ा शिवलिंग स्थपित है। जिसकी स्थापना धार के प्रसिद्ध परमार राजा भोज ने (1010-1053 ईसवीं) करवाई थी। अतः इसे भोजपुर मंदिर या भोजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। भोजपुर मंदिर में यू तो साल भर लोगों का आना जाना बना रहता है पर इस प्रसिद्ध स्थल पर साल में दो बार वार्षिक मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें मंकर संक्रांति व महाशिवरात्रि पर्व का पर्व शामिल है। इन दोनों पर्वो पर यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगती है। महाशिवरात्री पर यहाँ एक लाख से भी अधिक श्रृद्धालु पहुंचते हैं। जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए जाते है। प्राचीन काल में भोजपुर मंदिर ''उत्तर भारत का सोमनाथ कहलाता था। सबसे अहम बात यह है की मंदिर अब तक पूरा नहीं बना है। भोजपुर के विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग की ऊंचाई साढ़े इक्कीस फिट, पिंडी का व्यास १८ फिट आठ इंच व जलहरी का निर्माण 20x20 से हुआ है। मंदिर के पास परिसर में पत्थर पर ही मंदिर का नक्शा बना हुआ है। भारतीय मंदिरों की वास्तुकला की झलक इस नक़्शे में दिखाई देती है। इस मंदिर के विषय में कई किदवंतियां भी है जिसमें एक कितवंती है कि द्वापर युग में पांडवों द्वारा माता कुंती द्वारा भगवान शिव की पूजा के लिए इस शिवलिंग का निर्माण एक ही रात में किया गया था।

## पर्यटन



# जून में भी बर्फ की चादर

हिमाचल प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय नगर मनाली जून महीने में घूमने के लिए सबसे उपयुक्त स्थलों में गिना जाता है। गर्मियों के मौसम में जब मैदानों में तेज गर्मी पड़ती है, तब मनाली का मौसम ठंडा, सुहावना और मन को ताजगी देने वाला होता है। बर्फ से ढकी चोटियाँ, देवदार के घने जंगल, बहती नदियाँ और मनमोहक घाटियाँ मनाली को विशेष आकर्षण प्रदान करती हैं। यही कारण है कि हर वर्ष लाखों पर्यटक यहाँ छुट्टियाँ बिताने आते हैं। जून के महीने में यहाँ का तापमान सामान्यतः 10 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जिससे यह स्थान परिवार, मित्रों और नवविवाहित दंपतियों के लिए आदर्श बन जाता है। मनाली का सबसे प्रसिद्ध आकर्षण रोहतांग दर्रा है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 13,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित है और यहाँ जून में भी बर्फ देखने का अवसर मिल जाता है। पर्यटक यहाँ स्कीइंग, स्नो स्कूटर और फोटोग्राफी का आनंद लेते हैं। इसके अतिरिक्त सोलंग वैली भी रोमांचक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। पैराग्लाइडिंग, ज़ॉर्बिंग और घुड़सवारी जैसी गतिविधियाँ युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित करती हैं। मनाली में हिडिंबा देवी मंदिर भी अत्यंत प्रसिद्ध है। देवदार के पेड़ों के बीच स्थित यह प्राचीन मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है। इसके अलावा मनु मंदिर और वशिष्ठ मंदिर भी देखने योग्य स्थल हैं। वशिष्ठ के गर्म पानी के झरने पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। कहा जाता है कि इन झरनों के पानी में औषधीय गुण पाए जाते हैं। प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ मनाली स्थानीय संस्कृति और खानपान के लिए भी जाना जाता है। यहाँ के बाजारों में हिमाचली शॉल, हस्तशिल्प और ऊनी वस्त्रों की खरीदारी की जा सकती है। स्थानीय भोजन में सिड्डू, धाम और ट्राउट मछली विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। पर्यटक यहाँ कैफ़े संस्कृति का भी आनंद लेते हैं, जहाँ पहाड़ों के सुंदर दृश्य के बीच स्वादिष्ट भोजन परोसा जाता है। मनाली तक पहुँचने के लिए सड़क मार्ग सबसे सुविधाजनक माना जाता है। दिल्ली और चंडीगढ़ से नियमित बस सेवाएँ उपलब्ध हैं। निकटतम हवाई अड्डा भुंतर में स्थित है, जो मनाली से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। यहाँ ठहरने के लिए लक्ज़री होटल से लेकर बजट गेस्ट हाउस तक सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

# शहीदों की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान

## प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अवध का योगदान' का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सरदार पटेल संस्थान के तत्वावधान में आयोजित एक गरिमामय समारोह में साहित्यकार डॉ अम्बरीष 'अम्बर' की काव्य कृति 'प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अवध का योगदान' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इसे स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के शौर्य, त्याग और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण साहित्यिक कृति बताया।कृति में बाराबंकी, बहराइच, लखनऊ और कानपुर के स्वतंत्रता सेनानियों का उल्लेख विशेष रूप से किया गया है।




मुख्य अतिथि एवं हिन्दी के वरिष्ठ विद्वान प्रो. डॉ सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि डॉ अम्बरीष 'अम्बर' ने अमर शहीद राजा जयलाल सिंह सहित अनेक क्रांतिकारियों पर काव्य रचना कर इतिहास और साहित्य के समन्वय का उल्लेखनीय कार्य किया है। समाज को इन्हें पढ़ने के लिए आगे आना चाहिए। उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन डॉ उमेश 'आदित्य' के काव्यमय स्वागत भाषण के पश्चात सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता एवं साहित्यकार प्रदीप सारंग के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ श्याम सुंदर दीक्षित ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं।

मुख्य वक्ता एवं चीफ टैक्स ऑफिसर डी.एम. कटियार ने कहा कि पुस्तक में राजा जयलाल सिंह, राजा बलभद्र सिंह और राजा रज्जाक बख्श जैसे वीर नायकों के साथ-साथ बेगम हजरत महल और ऊदा देवी जैसी वीरांगनाओं की अदम्य वीरता का भी प्रभावी चित्रण किया गया है।

संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन डॉ अम्बरीष कुमार सिंह 'प्रियदर्शी' व हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादिका डॉ अमिता दूबे ने सारगर्भित विचार रखें।कहा कि यह पुस्तक अपनी गुणवत्ता, प्रासंगिकता और ऐतिहासिक महत्व के कारण विशेष स्थान रखती है। यह पाठकों को राष्ट्रनिर्माण और इतिहासबोध की दिशा में प्रेरित करती है।वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंह गुरुजी ने इसे पूर्वजों के इतिहास को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का सफल प्रयास बताया।समाजसेवी के.के. वर्मा व डॉ विनय दास ने भी अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अमर शहीद राजा जयलाल सिंह का भव्य स्मारक बनाने तथा उनके जीवन पर एक स्वतंत्र महाकाव्य की रचना किए जाने की भी आवश्यकता जताई।

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा, डीएम सख्त लक्ष्यपूर्ति और फैमिली आईडी पर जोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट लोकसभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, रैंकिंग और लक्ष्यपूर्ति की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली आईडी निर्माण में तेजी लाने तथा पात्र परिवारों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा। खराब प्रदर्शन वाले विभागों पर नाराजगी जताते हुए जवाबदेही तय करने की चेतावनी भी दी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# चांदा कांड पर कांग्रेस का हमला तेज, आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने की मांग, नफरत फैलाने वालों को सत्ता का संरक्षण, न्याय नहीं मिला तो होगा बड़ा आंदोलन : राणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। चांदा थाना क्षेत्र में मुस्लिम युवकों के साथ हुई कथित मारपीट, लूटपाट एवं (धर्म परिवर्तन) धार्मिक नारे लगाने के प्रयास के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह श्राणाश एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 4 जून 2026 को चांदा थाना क्षेत्र के बहरिया गांव स्थित साहब बंदगी आश्रम के पास मुस्लिम युवकों के साथ कथित रूप से मारपीट, लूटपाट तथा धार्मिक उन्माद फैलाने की घटना हुई थी। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि घटना के बावजूद पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ित परिवारों में भय का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। पार्टी ने मांग की कि घटना में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित युवकों को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को कठोर सजा दिलाई जाए। कांग्रेस ने समाज में भय और तनाव फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कट्टरपंथी मानसिकता के लोग खुलेआम सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। राणा ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट सहित कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। भाजपा सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और निर्दोष लोग भय के साये में जीने को मजबूर हैं। समाज में नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है और इससे कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।



## हाइवे के किनारे फार्म 6 आदि मामले में श्यामलाल ने प्रशासन को दी चेतावनी

सुलतानपुर। लम्भुआ कस्बे में हाईवे के किनारे फॉर्म 6 आदि अभिलेख कई बोरियों में झाड़ी में फेंके होने की सूचना मिलते ही सपा नेता व मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद एस.डी.एम. लम्भुआ से मिल कर फार्म 6 आदि अभिलेख रोड के किनारे कैसे गए? इसका कौन है जिम्मेदार? दोषी कब तक जायेगें जेल? आदि गंभीर सवाल किए और उप जिलाधिकारी को चेतावनी दी कि लंभुआ की जनता को जल्द जवाब न मिला तो सड़क पर उतरेंगे। सपा नेता श्यामलाल निषाद ने यह भी आशंका जाहिर की है कि ऐसा प्रतीत होता है बीजेपी नेताओं के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

## नवागत बीडीओ का स्वागत

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मसौली ब्लॉक में कार्यभार ग्रहण करने वाले नवागत खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार का सोमवार को प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों और जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत, महामंत्री नीरज कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर बीडीओ का अभिनंदन किया। बीडीओ जितेंद्र कुमार ने ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाकर गांवों में पेयजल, स्वच्छता और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड और पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए सड़क हादसे में ग्राम बिठौरा निवासी 26 वर्षीय सोहन की मौत हो गई। वह बाइक से घर लौट रहा था कि रामनगर-सहादतगंज मार्ग पर चांदामऊ गांव के पास उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल सोहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में शोक व्याप्त है।

## लोधेश्वर धाम में श्रद्धालुओं को पिलाया गया शरबत

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को श्री लोधेश्वर महादेवा परिसर में नाथ कुटी की ओर से श्रद्धालुओं को रूहअफजा युक्त शरबत वितरित किया गया। अभहरण तालाब के पास आयोजित इस सेवा कार्य में आने-जाने वाले भक्तों को श्रद्धापूर्वक शरबत पिलाया गया। नाथ कुटी के महंत बाबा रामनाथ जी महाराज एवं साध्वी माया सिंह सेंगर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बाबा बजरंग, रामआधार, हरिहर पुरी, अमरीश मिश्रा, रामकुमार मौर्य, विनय कुमार सहित अनेक साधु-संत और शिवभक्त मौजूद रहे।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । ग्राम पूरे चुरई स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचामृत एवं औषधियों से भगवान हनुमान के जलाभिषेक के साथ हुआ।इसके बाद पूरे चुरई से बाबा पूरन दास मंदिर और हनुमंत वाटिका कल्याणी तट तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ आगे बढ़ते रहे। मंदिर पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा महाआरती का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में शिव मोहन महाराज, ललित शुक्ला, शाशिकांत वर्मा, सुधाकर मिश्र, रवि कुमार रावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आकर्षक नौकरियों के मोह से दूर शुभम; चुना राष्ट्र सेवा ! रामनगर गौरवान्वित

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । ऐसे समय में जब अधिकांश युवा कम समय में अधिक धन और आकर्षक करियर विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं रामनगर के धमेड़ी मोहल्ला निवासी शुभम शर्मा ने देश सेवा को अपना लक्ष्य बनाकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारतीय सेना में उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सुभाष चंद्र शर्मा के पुत्र शुभम शर्मा लंबे समय से सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का सपना देख रहे थे। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। सेना में चयन की सूचना मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाइयां दीं। परिजनों के अनुसार शुभम बचपन से ही देशभक्ति की भावना से प्रेरित रहे हैं। उन्होंने सुविधाओं और आकर्षक विकल्पों के बजाय राष्ट्र सेवा के मार्ग को चुना। उनकी यह सफलता केवल परिवार की उपलब्धि नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है कि लगन, मेहनत और स्पष्ट उद्देश्य से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

शुभम शर्मा के भारतीय सेना में चयन को क्षेत्रवासियों ने रामनगर और बाराबंकी के लिए गौरव का क्षण बताया है। लोगों का कहना है कि उनकी सफलता युवाओं को देश सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करेगी। शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं

## सांसद जितिन प्रसाद की पहल पर कासगंज-ऐशबाग एक्सप्रेस को मंजूरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के अनुरोध पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कासगंज-ऐशबाग (लखनऊ) एक्सप्रेस के संचालन को मंजूरी दे दी है ट्रेन की समय सारणी और संचालन तिथि जल्द जारी किए जाने की तैयारी चल रही है लंबे समय से कासगंज-पीलीभीत-लखनऊ रेलखंड पर एक अतिरिक्त एक्सप्रेस ट्रेन की मांग की जा रही थी नई ट्रेन के संचालन से पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला और लखीमपुर समेत कई स्टेशनों के यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों को बड़ी सुविधा मिलेगी खासकर लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और मौजूदा ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव भी कम होगा नई ट्रेन की मंजूरी की खबर से क्षेत्र में खुशी का माहौल है केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने भी इसे क्षेत्रीय जनता के लिए बड़ी सौगात बताते हुए बेहतर रेल सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## बड़े मंगल पर स्टेशन चौराहा बनेगा आस्था का केंद्र, व्यापार मंडल करेगा सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को नगर के स्टेशन चौराहे पर धार्मिक आस्था और सेवा का विशेष संगम देखने को मिलेगा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, पूरनपुर द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है वहीं प्रेस क्लब पूरनपुर की ओर से श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए मीठे जल सेवा शिविर भी लगाया जाएगा यह धार्मिक आयोजन व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, वरिष्ठ समाजसेवी हंसराज गुलाटी के विशेष प्रयासों तथा व्यापारी बंधुओं के सहयोग से संपन्न होगा आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं हंसराज गुलाटी ने सभी श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सुंदरकांड पाठ में सहभागिता करने तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है बड़े मंगल के अवसर पर होने वाला यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सेवा भावना का भी संदेश देगा।

# जल जीवन मिशन की अधूरी परियोजनाओं पर उठे सवाल


### नल से जल नहीं, सिर्फ इंतजार; ढाई साल बाद भी अधूरी पड़ीं पानी की टंकियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता


निंदूरा, बाराबंकी। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का सपना विकासखंड निंदूरा की कई ग्राम पंचायतों में अधूरा पड़ा है। ग्राम पंचायत मोहसंड और बसारा में वर्ष 2023 में शुरू हुए पानी की टंकियों के निर्माण कार्य ढाई वर्ष बाद भी पूरे नहीं हो सके हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को नल से पानी नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर पाइप लाइनें बिछाकर छोड़ दी गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। मोहसंड में वर्ष 2005 में बनी पुरानी पानी की टंकी भी कभी सुचारु रूप से संचालित नहीं हो सकी। अब नई परियोजना भी अधूरी होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

जल जीवन मिशन के जेई ऋषभ विश्वकर्मा ने बताया कि फंड की कमी के कारण कार्य प्रभावित हुआ था। मोहसंड में टंकी के ऊपरी हिस्से का कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य जल्द कराया जाएगा। वहीं बसारा में सड़क चौड़ीकरण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से काम प्रभावित हुआ है।


मोहसंड में शोपीस बनी पुरानी टंकी।

# जनसुनवाई में बिजली समस्याओं की गूंज, एमएलसी अंगद सिंह ने दिए समाधान के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। विधानपरिषद सदस्य एवं विद्युत समिति सभापति अंगद सिंह ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में जनसुनवाई कर क्षेत्रीय समस्याएं सुनीं। अधिकांश शिकायतें लो वोल्टेज, ट्रांसफार्मर जलने और अघोषित बिजली कटौती से संबंधित रहीं। सैदनपुर के ग्रामीणों ने पावर हाउस निर्माण की मांग उठाई, जबकि बदोसराय के ग्रामीणों ने किंनतूर गांव को बदोसराय फीडर से हटाने की मांग की। एमएलसी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी से बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है, फिर भी विभाग को समयबद्ध ढंग से खराबियां दूर करनी होंगी। इस अवसर पर अमरेन्द्र सिंह बबलू, स्वतंत्रत सिंह, सत्यनाम यादव, सोनू सिंह, शैलू खजुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गृह भ्रमण में मिला गंभीर कुपोषित बच्चा, एनआरसी में कराया गया भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। ग्राम सफीपुर में गृह भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री तारा वर्मा को एक गंभीर कुपोषित बच्चा मिला। उन्होंने बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर पहुंचाया, जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह की जांच में गंभीर कुपोषण की पुष्टि हुई। इसके बाद बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) रेफर कर दिया गया।

सूचना पर बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा एनआरसी पहुंचीं और बच्चे को भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे को 14 दिनों तक विशेष पोषण आहार और चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. देव प्रताप सिंह ने बताया कि एनआरसी में गंभीर कुपोषित बच्चों का उपचार कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के साथ अभिभावकों को पोषण संबंधी प्रशिक्षण भी दिया जाता है। स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी विभाग की तत्परता से बच्चे को समय पर उपचार मिल सका।



## ई-पंजीयन विवाद पर सरकार के यू-टर्न से खत्म हुई अधिवक्ताओं की हड़ताल

पूरनपुर।भूमि बैनामों की ई-पंजीयन प्रक्रिया को निजी हाथों में सौंपे जाने की सूचना मिलते ही तहसील पूरनपुर के अधिवक्ताओं ने विरोध का बिगुल फूंक दिया था प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक में नई व्यवस्था को अधिवक्ताओं और आम जनता के हितों के विपरीत बताते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया और निजीकरण समाप्त करने की मांग की गई अधिवक्ताओं ने चेतावनी के अनुरूप कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी, जिससे तहसील परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा और न्यायिक व राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित रहे अधिवक्ताओं का कहना था कि ई-पंजीयन प्रक्रिया को निजी क्षेत्र के हवाले किए जाने से रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और बेरोजगारी बढ़ेगी उन्होंने स्पष्ट किया था कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन को और तेज किया जाएगा इसी बीच प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित व्यवस्था में संशोधन कर निर्णय वापस लिए जाने की जानकारी सामने आने के बाद अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना उर्फ संजय सक्सेना ने बताया कि सरकार द्वारा संशोधन कर निर्णय वापस लेने का स्वागत किया गया है उन्होंने कहा कि सरकार ने अधिवक्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया है ।





# यूएस ओपन सुपर 300 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे लक्ष्य सेन और तन्वी शर्मा

एजेंसी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन और युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा मंगलवार से अमेरिका के फुलर्टन में शुरू हो रहे यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के अभियान की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता में भारत के कई अनुभवी और युवा खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में चुनौती पेश करेंगे। पुरुष एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत बेल्जियम के जूलियन करागी के खिलाफ करेंगे। लक्ष्य हाल ही में इंडोनेशिया ओपन में शुरुआती दौर में बाहर हो गए थे और अब वापसी की कोशिश करेंगे। प्रतियोगिता के दूसरे हिस्से में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लक्ष्य का उनके खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 5-4 का है। पूर्व विश्व चैम्पियनशिप



रजत पदक विजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पहले दौर में चीनी ताइपे के लियाओ झुओ-फू से भिड़ेंगे। वहीं सनीत दयानंद का मुकाबला जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो से होगा। एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ करेंगे। महिला एकल वर्ग में भारत के सात खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ में शामिल हैं। इनमें पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग प्रमुख हैं। 17 वर्षीय तन्वी शर्मा ने इसी महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली से खेलेंगी। इस सत्र में थाईलैंड मास्टर्स और अजरबैजान इंटरनेशनल जीत चुकी देविका सिहाग का मुकाबला पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार से होगा। अनमोल खरब का सामना बुल्गारिया की कालोयाना नलबांतोवा से होगा। रक्षिता श्री एस क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ उतरेंगी और दूसरे दौर में उनकी संभावित भिड़ंत शीर्ष वरीयता प्राप्त मिशेल ली से हो सकती है। श्रियांशी वालिशेट्टी कनाडा की रेचल चान से खेलेंगी, जबकि तान्या हेमंत जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त रिको गुनजी से मुकाबला करेंगी। आकांक्षा कश्यप का सामना चीनी ताइपे की तुंग सिओ-टोंग से होगा। महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत की एकमात्र प्रतिनिधि होंगी। उनका पहला मुकाबला स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिगेज की जोड़ी से होगा। मिश्रित युगल में सातवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव रावत और मनीषा की जोड़ी इंडोनेशिया के विरावान इहसान आदम और सेरेना कानी के खिलाफ अभियान शुरू करेगी।

# विंबलडन के महिला एकल में वापसी करेंगी 44 साल की सेरेना

एजेंसी

लंदन। सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी। पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, ''सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है। सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने




रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, ''यह कोई 'ड्रिल' नहीं है। डब्ल्यूटीए टूर ने कहा, ''इससे अधिक यादगार वापसी (करने वाले खिलाड़ी) का नाम बताइए। हम इंतजार करेंगे। विंबलडन ने महिला एकल वर्ग में आठवें और अंतिम वाइल्ड कार्ड को तब तक बचाए रखा था जब तक कि सेरेना ने अपना फैसला नहीं कर लिया। इसी सप्ताह की शुरुआत में बर्लिन में युगल मैच हारने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस फैसले को लेकर दुविधा में हैं। सेरेना को बताया गया कि अब भी वाइल्ड कार्ड बचा है तो उन्होंने प्रतिक्रिया की, ''हे भगवान क्या अब भी कुछ सीट बची हैं। वाइल्ड कार्ड विशेष आमंत्रण होते हैं, जिन्हें आयोजक पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों या ऐसे खिलाड़ियों को देता है जो योग्य हैं लेकिन किसी कारणवश मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाते हैं। सेरेना ने आखिरी क्षणों तक संशय बनाए रखा था, क्योंकि जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि क्या वह एकल मुकाबले में वापसी करेंगी तो उन्होंने जवाब दिया था, ''क्या आपको लगता है कि मैं एकल मुकाबले के लिए तैयार हूं। सेरेना ने इसके बाद अपनी युगल जोड़ीदार कैरोलिना मुचोवा की ओर मुड़कर उनसे उनकी राय पूछी तो चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने कहा था, ''मुझे इसमें दिलचस्पी होगी।'' सेरेना ने तब कहा कि उन्हें कुछ भी पता नहीं है। सेरेना ने अपना अंतिम एकल मैच 2022 में अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में खेला था जब वह अजला टोमलजानोविच से हार गई थी। इसके बाद वह टेनिस से अलग हो गई थी।

# हम मौको को भुना नहीं पाए, अगले दो मैचों में बेहतर करने प्रयास करेंगे : हरमनप्रीत कौर

एजेंसी



मैनचेस्टर। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली छह विकेट से हार के बाद कहा कि हम मौकों को भुना नहीं पाए। लीग चरण के दो मैच शेष है और हम बेहतर करने का प्रयास करेंगे। महिला टी-20 विश्वकप में रविवार रात दक्षिण कप्तान के खिलाफ मिली हार के बाद भारतीय कप्तान ने कहा कि हमारे पास कुछ मौके आए थे लेकिन हम उन्हें भुना नहीं पाए। लेकिन अभी दो मुकाबले शेष हैं और हम बेहतर करने का प्रयास करेंगे। श्री चरणी और शेफाली ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन अन्य गेंदबाजो से उन्हें अधिक मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि हम हमेशा यह बात करते हैं कि हमें अच्छी फिल्डिंग करनी है। हालांकि हमारे पास अभी दो मुक़ाबले बचे हुए हैं और हम उन मुक़ाबले की तैयारी करेंगे। काप हमसे मुकाबले को दूर ले गईं लेकिन उन्होंने हमे मौके दिए थे। गेंद टर्न कर रही थी, शेफ़ाली और श्री चरणी ने अच्छी गेंदबाजी की, अन्य गेंदबाजो को उनसे यह सीखना होगा कि ऐसे विकेटों पर कैसे गेंदबाजी की जाती है। इस मुकाबले से बहुत सबक मिले हैं। यह समय सकारात्मक रहने और आने वाले मुकाबलों के बारे में सोचने का है और यह समय है जब मुझे अपनी टीम का हौसला बढ़ाना होगा।

# टीम की एकजुटता और ड्रेसिंग रूम का अच्छा माहौल सफलता की कुंजी : सविता

एजेंसी

नयी दिल्ली। एफआईएच नेशंस कप में मिली खिताबी जीत को विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले महत्वपूर्ण बताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने इसका श्रेय ड्रेसिंग रूम के शानदार माहौल को देते हुए कहा कि एकजुट होकर खेलने पर यह टीम किसी से कम नहीं है। भारत ने रविवार को ऑकलैंड में मेजबान न्यूज़ीलैंड को 2-0 से हराकर एफआईएच महिला नेशंस कप खिताब जीता और एफआईएच महिला प्रो लीग में वापसी की जिससे पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन के बाद टीम बाहर हो गई थी। भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली सबसे अनुभवी खिलाड़ी सविता ने आकलैंड से भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' यह जीत काफी अहम है क्योंकि अगर हमें विश्व में सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ खेलना है तो प्रो लीग में होना बहुत जरूरी है। इसके अलावा इस साल विश्व कप और



एशियाई खेल होने हैं लिहाजा यह जीत हमारे लिये मनोबल बढाने का काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि एक ईकाई के रूप में खेलने पर यह टीम किसी को भी हराने का दम रखती है और सबसे सीनियर होने के नाते उनका प्रयास रहता है कि टीम एकजुट रहे। भारत लौटने के बाद मंगलवार को पद्मश्री सम्मान लेने जा रही सविता ने कहा ,'' सबसे सीनियर और अनुभवी खिलाड़ी होने के नाते मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि मैदान के भीतर और बाहर अपनी टीम को एकजुट रखूं। मेरा मानना है कि अगर हम एकजुट रहेंगे तो एक टीम के रूप में हम किसी से कम नहीं है। उन्होंने कहा ,'' इस टूर्नामेंट में पूरी टीम बहुत अच्छा खेली। बिछू (दूसरी गोलकीपर) और मैं मिलकर एक दूसरे को सहयोग करते हैं जो टीम के माहौल के लिये काफी जरूरी है। बिछू बहुत अच्छा खेल रही है और मैं जितना संभव हो सके, उसका मार्गदर्शन करती हूं। तोक्यो ओलंपिक 2020 में टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक ले जाने वाले कोच शोर्ड मारिन की तारीफ करते हुए सविता ने कहा कि वह तब भी सर्वश्रेष्ठ थे और आज भी। उन्होंने कहा ,'' कोच शोर्ड पहले भी हमारे लिये सर्वश्रेष्ठ थे और आज भी। उनका टीम पर भरोसा, अच्छे प्रदर्शन की मांग और जीत की मानसिकता रखना ये सब टीम को और भी मजबूत बनाता है। वे हर खिलाड़ी के साथ समान व्यवहार करते हैं जो टीम के माहौल के लिये बहुत जरूरी है।''


## दर्शक बनकर उरुग्वे का निराशाजनक प्रदर्शन देख रहे हैं सुआरेज़

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। विश्व कप में उरुग्वे की शुरुआत अप्रत्याशित रही है। सऊदी अरब और केप वर्दे के खिलाफ ड्रॉ के बाद और स्पेन की मजबूत टीम के खिलाफ एक मैच बाकी होने के कारण दो बार के चैंपियन पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। केप वर्दे के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ छूटे मैच को देखने आए कई प्रशंसकों में एक ऐसा खिलाड़ी भी था जिस पर टीम 15 वर्षों से अधिक समय तक गोल करने के लिए निर्भर रही। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि लुई सुआरेज़ हैं। उसुग्वे के मैच मियामी स्टेडियम में खेले गए जो उस स्थान के पास है जहां सुआरेज़ इंटर मियामी के स्ट्राइकर के रूप में खेलते हैं। 39 वर्षीय सुआरेज़ ने स्टेडियम में दर्शक के रूप में इन मैच को देखा। सुआरेज़ ने 2024 में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त किया और राष्ट्रीय टीम के लिए 143 मैचों में 69 गोल करके सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर रहे।

# कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट, ब्रेंट क्रूड का भाव 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में हुई शांति वार्ता के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को गिरावट दर्ज हुई है। क्रूड ऑयल की सप्लाई में रुकावट की आशंका कम होने और ईरान के तेल निर्यात बढ़ने की उम्मीद के चलते कच्चे तेल की कीमतें 3 फीसदी तक की गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कारोबार के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव 0.94 डॉलर यानी 1.17 फीसदी की गिरावट के साथ 79.63 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। शुरुआत कारोबार में यह 82 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया था। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड अभी 0.11 डॉलर यानी 0.15 फीसदी की तेजी के साथ 75.96 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है




कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई यह गिरावट भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए राहत की बात है, लेकिन कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद पेट्रोल और डीजल के दामों में तुरंत कमी की संभावना कम है। इसकी वजह यह है कि तेल कंपनियां पहले अपनी लागत और पुराने नुकसान की भरपाई करेंगी। वैश्विक बाजार की नजर पश्चिम एशिया के हालात और कच्चे तेल की आपूर्ति पर रहेगी, क्योंकि आगे की दिशा भी इसी पर निर्भर करेगी।

# प्रीतम ने 10 मीटर एयर राइफल में जूनियर विश्व खिताब जीता

एजेंसी

सुहल (जर्मनी)। भारत के युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए रविवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफ़ेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्रीतम ने कहा, ''मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं। प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे। प्रीतम दूसरी सीरीज के बाद छठे स्थान पर थे, जबकि पीयूष ने बढ़त बना ली थी। प्रीतम ने हालांकि इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया। पीयूष ने भी पदक की उम्मीद बनाए रखी थी लेकिन वह चौथे एलिमिनेशन राउंड के बाद शीर्ष तीन में जगह बनाने से सिर्फ 0.1 अंक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। प्रीतम ने इसके बाद भी एकाग्रता बनाए रखी और आखिर में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय पुरुष टीम हालांकि रैंकिंग में जगह नहीं बना पाई क्योंकि टीम के तीसरे सदस्य अभिनव साव को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ 24 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 107-113 रुपये प्रति शेयर

**नई दिल्ली।** ओडिशा स्थित सरकारी आईटी समाधान प्रदाता कंपनी सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 24 जून, 2026 को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए 29 जून तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 107-113 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेश के लिए एंकर निवेशक 23 जून को बोली लागा सकेंगे। सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले इस इश्यू के लिए निवेशक कम से कम 132 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 132 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। यह आईपीओ पूरी तरह फ्रेश इश्यू है। कंपनी इस इश्यू के जरिए 1.29 करोड़ के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। इसमें कोई भी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) हिस्सा नहीं है। इस आईपीओ से जुटाई गई पूरी धनराशि कंपनी के पास जाएगी, जिसका उपयोग कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक आईपीओ से जुटाई गई धनराशि में से 53 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने में खर्च किए जाएंगे। वहीं, 25.88 करोड़ रुपये कर्ज को चुकाने में लगाए जाएंगे। इसके अलावा कुछ राशि संभावित अधिग्रहण और अन्य कॉर्पोरेट आवश्यकताों के लिए रखी जाएगी। शेयरों का अलॉटमेंट 30 जून को होने की संभावना है। इसके शेयरों की लिस्टिंग 2 जुलाई को एनएसई और बीएसई संभावित है। सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 1998 में बनी उन चुनिंदा आईटी सॉल्यूशंस कंपनियों में से एक है, जिन्होंने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर के लिए अपनी तरह के अनोखे प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। यह कंपनी सरकारी टेक सॉल्यूशंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज देने में भी माहिर है। यह माइनिंग और उससे जुड़ी सर्विसेज़, सरकारी और पब्लिक सर्विसेज़ और टूरिज़्म जैसे सेक्टर में टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस देती है।

## शाहबाज ने राढ़ टाइगर्स को बंगाल टी20 लीग का पहला खिताब दिलाया

**कोलकाता।** कप्तान शाहाबाज अहमद ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 88 रन बनाए जिससे श्रची राढ़ टाइगर्स ने सोबिस्को स्मैशर्स मालदा को बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुइस पद्धति से नौ रन से हराकर बंगाल टी20 लीग का अपना पहला खिताब जीता। मैच को दोनों टीमों के लिए 15-15 ओवरों का कर दिए जाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी राढ़ टाइगर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उसने शानदार वापसी करके चार विकेट पर 165 रन बनाए। शाहाबाज ने अपनी 46 गेंद की पारी में सात चौके और छह छक्के लगाए। गौरव सिंह चौहान ने 30 गेंदों में 55 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। बारिश के व्यवधान के कारण मालदा के सामने नौ ओवर में 107 रन का लक्ष्य रखा गया लेकिन उसकी टीम पांच विकेट पर 97 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अभिमन्यु ईश्वरन ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।

## अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में चीन का पलटवार अमेरिकी रक्षा कंपनियों को निर्यात पर रोक

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में 10 अमेरिकी सैन्य-संबंधित कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की सोमवार को घोषणा की। यह कदम अमेरिका के कुछ प्रमुख चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को रक्षा अनुबंधों से बाहर करने के निर्णय के बाद उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, चीन की कंपनियों को इन 10 कंपनियों को ''दोहरे उपयोग'' (डुअल-यूज़) की वस्तुओं के निर्यात से रोका जाएगा। इनमें सैन्य ड्रोन बनाने वाली कंपनियां और दुर्लभ खनिजों से जुड़ी कुछ कंपनियां शामिल हैं। ''दोहरे उपयोग'' से तात्पर्य ऐसे सामानों से है जिनका उपयोग सैन्य और गैर-सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात प्रतिबंध चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए और अमेरिकी सरकार द्वारा ''कथित चीनी सैन्य कंपनियों की सूची'' के गलत विस्तार के जवाब में लगाया गया है। इन 10 कंपनियों में कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित एविओएक्स; यूटा के साउथ साल्ट लेक स्थित रेड कैट होल्डिंग्स तथा टील ड्रोन्स; यूटा के स्प्रिंगविल स्थित आईएमएसएआर; रोड आइलैंड के ब्रिस्टल स्थित जाइया रोबोटिक्स; कोलोराडो के ब्रूमफील्ड स्थित बॉल एयरोस्पेस एंड टेक्नोलॉजीज; विस्कॉन्सिन के ओशकोश स्थित ओशकोश डिफेंस; वर्जीनिया के नॉरफॉक स्थित एल3हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज; लास वेगास स्थित एमपी मटेरियल्स और ओक्लाहोमा के स्टिलवॉटर स्थित यूएसए रेयर अर्थ शामिल हैं।

# मारुति सुजुकी गुजरात के पांच आईटीआई में बनाएगी मैन्युफैक्चरिंग लैब

एजेंसी

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) गुजरात के 5 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में (एडवांस्ड) उन्नत विनिर्माण प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इसके लिए कंपनी ने गुजरात सरकार के रोजगार एवं प्रशिक्षण निदेशालय (डीईटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह उन्नत विनिर्माण प्रयोगशालाएं (एएमएल) पालनपुर, भावनगर, सुरेंद्रनगर, गोधरा और दाहोद के आईटीआई में स्थापित की जाएंगी। पैसेंजर कार निर्माता कंपनी एमएसआईएल के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामलों) राहुल भारती ने कहा, ''उन्नत विनिर्माण प्रयोगशालाओं के माध्यम से हम छात्रों को




व्यावहारिक शिक्षा एवं आधुनिक उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण देंगे। इससे ऐसे पेशेवर तैयार होंगे जो विकसित हो रहे मोटर वाहन परिवेश में सहजता से काम कर सकें। मारुति सुजुकी इंडिया वर्तमान में देशभर में विनिर्माण से जुड़े 31 आईटीआई का सहयोग कर रही है। कंपनी ने देशभर में 18 एएमएल स्थापित किए हैं। एमएसआईएल गुजरात में पांच नए एएमएल जुड़ने के बाद वह गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ सहित सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 23 एएमएल संचालित करेगी।

# सोना-चांदी बाजार में हल्की गिरावट देशभर में कीमतों में नरमी का रुख

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत




1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बंगाल बजट में सरकारी कर्मचारियों का डीए 20 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने सोमवार को वर्ष 2026 के राज्य बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों, अर्ध-सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए एक बड़े राहत पैकेज की घोषणा की।

बजट की घोषणा के अनुसार, मौजूदा 18 प्रतिशत महंगाई भत्ते के अलावा अतिरिक्त 20 प्रतिशत डीए दिया जाएगा, जिससे कुल डीए 38 प्रतिशत हो जाएगा। पेंशनभोगियों को भी इसी दर पर अतिरिक्त 20 प्रतिशत महंगाई राहत (डीआर) मिलेगी। बढ़ी हुई डीए और डीआर दरें एक अक्टूबर, 2026 से लागू होंगी। सरकार ने इस घोषणा को सरकारी नीतियों और प्रशासनिक कामकाज को लागू करने में कर्मचारियों के योगदान की मान्यता के तौर पर पेश किया है। भाजपा सरकार ने पहले ही संकेत दिया था कि अपने पहले राज्य बजट में डीए में बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है। विधानसभा चुनावों से पहले, पार्टी के चुनावी घोषणा-पत्र में वादा किया गया था कि अगर वे सत्ता में आए, तो राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों को केंद्र सरकार की दरों पर डीए दिया जाएगा। सोमवार को बजट में की गई घोषणा राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाती है। बढ़ोतरी के बावजूद, राज्य और केंद्र सरकार की डीए दरों के बीच अंतर बना हुआ है। इस नई बढ़ोतरी के साथ, पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों का डीए बढ़कर 38 प्रतिशत हो जाएगा जबकि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अभी 58 प्रतिशत डीए मिलता है, जिससे 20 प्रतिशत का अंतर बना हुआ है। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए में की गई यह बढ़ोतरी अब तक की सबसे बड़ी एकमुश्त बढ़ोतरी में से एक है। रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारी संगठनों को पहले ही बढ़ोतरी की संभावना के संकेत मिल गए थे और उन्हें ऐसी घोषणा की उम्मीद थी। कर्मचारियों के संयुक्त मंच के नेताओं ने बजट पेश होने से पहले बकाया डीए का भुगतान करने, स्थायी पद सृजित करने और अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बेहतर वेतन संरचना लागू करने की मांगें भी उठाई थीं। इस ताज़ा घोषणा से पूरे पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों को बहुत राहत मिलने की उम्मीद है।

### बंगाल भर में शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों के एक किमी के भीतर शराब के नये लाइसेंस नहीं, केएमसी का दायरा 500 मीटर तय

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों के एक किलोमीटर के भीतर शराब का कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया जायेगा और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकार क्षेत्रों में 500 मीटर का छोटा दायरा तय किया गया है। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने कहा कि यह प्रतिबंध नये शराब लाइसेंसों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता की घनी शहरी बसावट और विद्यालयों, महाविद्यालयों, मंदिरों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बेहद पास-पास होने के कारण इसे अलग श्रेणी में रखा गया है। इस अंतर का सबसे बड़ा असर कोलकाता में देखने को मिल सकता है, जहां समान रूप से एक किलोमीटर का प्रतिबंध लागू करने से कई इलाकों में नये लाइसेंस की गुंजाइश बेहद कम हो जाती। शहर के बड़े हिस्से में स्कूल, कॉलेज, मंदिर और मिश्रित उपयोग वाले बाजार एक-दूसरे के पास स्थित हैं, जिससे नये आवेदनों को पूरी तरह से रोके बिना राज्य-स्तरीय मानक को लागू करना कठिन हो जाता। यह संशोधित ढांचा राज्य सरकार की उस पिछली घोषणा के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि बंगाल में विद्यालयों, महाविद्यालयों और मंदिरों के एक किलोमीटर के भीतर किसी भी नयी शराब दुकान की अनुमति नहीं दी जायेगी। सोमवार को बजट में की गयी घोषणा ने उस व्यापक नीति को तो बरकरार रखा है, लेकिन केएमसी क्षेत्र को विशेष छूट दी है, जिसके तहत इस प्रतिबंधित दायरे को आधा कर 500 मीटर कर दिया गया है।कोलकाता को मिली छूट के बावजूद, यह कदम राज्य की आबकारी व्यवस्था को काफी सख्त बनाने वाला है। पश्चिम बंगाल में कुछ खास संस्थानों के पास शराब की दुकानों को लेकर दूरी संबंधी प्रतिबंध पहले से ही लागू थे, लेकिन ताजा फैसले ने नये लाइसेंस जारी करने की शर्तों को काफी कड़ा कर दिया है और नयी दुकानों को खोलने की जगहों को लेकर सरकार के सख्त रुख का संकेत दिया है।

# पं बंगाल सरकार 'सिंडिकेट चार्ज' और ज़बरदस्ती वसूली संस्कृति के खिलाफ़ कानून बनाएगी

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को राज्य में ''सिंडिकेट चार्ज'' और ज़बरदस्ती अनुदान संस्कृति को रोकने के लिए एक कानून बनाने की घोषणा की , जिसका उद्देश्य मकसद ज़बरदस्ती की स्थनीय शुल्क से निपटना और व्यापार और निर्माण गतिविधि के लिए माहौल को बेहतर बनाना है।

प्रदेश के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने विधानसभा में वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून से स्थानीय गिरोह और संगठनों द्वारा निवासियों, व्यापारियों, बिल्डरों और ठेकेदारों पर कथित तौर पर लगाये गये बिना इजाज़त कलेक्शन पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत त्योहारों, क्लब इवेंट्स, निर्माण कार्यो और दूसरी स्थानीय गतिविधियों के दौरान लोगों, व्यापारियों और ठेकेदारों से कथित तौर पर ज़बरदस्ती ''पैसा'' लेने के तरीके पर भी रोक लगाने की कोशिश की जायेगी।

यह घोषणा इसलिए ज़रूरी है क्योंकि पिछले महीने राज्य में सत्ता में आयी भाजपा सरकार ने बार-बार कहा है कि जबरन वसूली नेटवर्क और जिसे वह मौजूदा ''थ्रेट कल्चर'' कहती है, उसे खत्म करना उसकी मुख्य सरकारी प्राथमिकताओं में से एक होगा।

श्री दासगुप्ता ने हालांकि प्रस्तावित कानून के प्रावधानों के बारे में नहीं बताया, लेकिन उम्मीद है कि इस कदम से निर्माण गतिविधि , बिल्डिंग सामग्री की आपूर्ति और ज़बरदस्ती पैसे वसूलने से जुड़े अनधिकृत शुल्कों से निपटने के लिए एक कानूनी कार्ययोजना मिलेगी। बजट भाषण में व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने के मकसद से कई उपायों के बारे में बताया गया, साथ ही अनौपचारिक रुकावटों और स्थानीय वसूली को हटाने की कोशिशों के बारे में भी बताया गया, जिन्हें अक्सर व्यापारी समुदाय के कुछ हिस्से निवेश में रुकावट के तौर पर बताते हैं। पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अक्सर बड़े पैमाने पर ज़बरदस्ती वसूली के विपक्ष के आरोपों को खारिज कर दिया था और कहा था कि कुछ घटनाओं को राजनीतिक तौर पर बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा है।

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में 17 सीटों में 16 पर भाजपा गठबंधन का कब्जा

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद की 17 सीटों पर सोमवार सुबह से हो रही मतगणना में १६ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) गठबंधन यानी महायुति ने कब्जा कर लिया है। एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की है और वह उम्मीदवार भी भाजपा गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना शिंदे समूह में शामिल होने की घोषणा की है। इस तरह विधान परिषद चुनाव में विपक्षी दलों को करारी हार का सामना करना पड़ा है।

महाराष्ट्र विधान परिषद की १७ सीटों में छह सीटों पर निर्विरोध चुनाव हो चुका था। ११ सीटों के लिए १८ जून को मतदान हुआ था और इन सीटों पर आज सुबह से मतगणना हो रही थी। इस तरह कुल १७ सीटों में भाजपा के ११ उम्मीदवार जीतने में सफल रहे हैं जबकि ३ सीटें शिवसेना शिंदे समूह को और २ सीटें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) को मिली है। जबकि नासिक की सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा किया है। नागपुर में भाजपा के उम्मीदवार डॉ. राजीव पोतदार ने कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे को पराजित कर जीत हासिल की है। धाराशिव-बीड़-लातुर सीट पर भाजपा के बसवराज पाटिल ७२१ मतों के अंतर से चुनाव जीते हैं। पाटिल के प्रतिद्वंदी महेश देशमुख को मात्र १२४ वोट मिल सके हैं। इसी तरह सांगली-सातारा सीट पर भाजपा के धैर्यशील कदम चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। कदम ने महाविकास आघाड़ी के अभय सिंह जगताप को पराजित किया है। जलगांव में भाजपा के नंदकिशोर महाजन ने मविआ के शरद तायड़े को पराजित कर जीत हासिल की है। छत्रपति संभाजीनगर -जालना सीट पर भाजपा के सुहास त्र्यंबकराव सिरसाट ने मविआ के गणेश लोखंडे को पराजित कर जीत हासिल की है। सोलापुर सीट पर भाजपा के राजेंद्र राउत ने मविआ के वसंतराव देशमुख को पराजित कर जीत हासिल की है। नांदेड़ सीट पर भाजपा के अमरनाथ राजुरकर ने मविआ के उम्मीदवार को हरा कर जीत हासिल की है। राजुरकर लगातार तीसरी बार इस सीट से चुने गए हैं। भंडारा-गोंदिया सीट पर भाजपा के अविनाश ब्राह्मणकर ने कांग्रेस के नरेश ईश्वरकर को पराजित कर जीत हासिल की है। परभणि-हिंगोली सीट पर शिवसेना शिंदे समूह के सईद खान ने मविआ के विवेक नवंदर को पराजित की जीत हासिल की है। नासिक सीट पर भाजपा गठबंधन को करारा झटका लगा है। यहां निर्दलीय उम्मीदवार गोकुल गीते ने भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार को पराजित कर जीत हासिल किया है।

# नोवा रेलवे सुरक्षा से जुड़ी नयी तकनीकों पर 100 करोड़ रुपये करेगी निवेश, साइबर सुरक्षा को बताया अहम

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय रेल इंजीनियरिंग कंपनी ई टू ई ट्रांसपोर्टेशन के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स आने वाले कुछ वर्षों में सुरक्षा से जुड़ी नयी तकनीकों के अनुसंधान एवं विकास पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश करेगी।

कंपनी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि कंपनी का ध्यान रेलवे सिग्नलिंग, ट्रेन सुरक्षा प्रणाली और परिचालन तकनीक (ओटी) साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को और मजबूत बनाने पर है। कंपनी ने कहा है कि भारतीय रेलवे तेजी से कवच प्रणाली का विस्तार कर रहा है और अपनी कार्यप्रणाली में डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। ऐसे में, साइबर सुरक्षा भी अब रेलवे सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही है।

ई2ई रेल और नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सौरजीत मुखर्जी ने कहा, ''रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कवच जैसी तकनीकों ने ट्रेन सुरक्षा को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत बनाया है, लेकिन सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण और अन्य परिचालन प्रणाली में बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ अब उद्योग की जरूरतें भी बदल रही हैं।''

उन्होंने कहा, ''साइबर सुरक्षा को अब सिर्फ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से जुड़ा एक अलग काम मानकर नहीं देखा जा सकता। इसे रेलवे सुरक्षा का एक अहम हिस्सा बनाना होगा, जो रेलवे संचालन को सुरक्षित, भरोसेमंद और बिना रुकावट के चलाने में मदद करे। जैसे-जैसे रेलवे नेटवर्क अधिक संबद्ध और डेटा आधारित होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे ऐसी व्यवस्था की जरूरत बढ़ रही है, जहाँ सुरक्षा, सिग्नलिंग और साइबर सुरक्षा एक साथ मिलकर काम करें। कंपनी के अनुसार, यह निवेश उसकी इन-हाउस आरएंडडी क्षमताओं को मजबूत करने और रेलवे सुरक्षा, सिग्नलिंग, साइबर सुरक्षा तथा डिजिटल रेलवे तकनीकों से जुड़े स्वदेशी डीप-टेक समाधान विकसित करने पर खर्च किया जाएगा। ई2ई रेल के संस्थापक अध्यक्ष विनय राव ने कहा, ''रेलवे सुरक्षा तकनीकों के क्षेत्र में भारत के पास दुनिया में बड़ी भूमिका निभाने का मौका है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए नोवा आने वाले कुछ वर्षों में अगली पीढ़ी के रेलवे सुरक्षा प्रणाली की अनुसंधान और विकास पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी। हमारी कोशिश भारत में ऐसी नई तकनीकें और विशेषज्ञता विकसित करने की है, जो रेलवे सुरक्षा को और बेहतर बनाए, देश को तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर बनाए और दुनिया के दूसरे देशों तक भी पहुँच सके। हमें भरोसा है कि भारतीय रेलवे में हो रहा बदलाव आने वाले समय में ऐसी विश्वस्तरीय रेलवे तकनीकों को जन्म देगा, जिनका इस्तेमाल दुनिया के कई देशों में किया जा सकेगा।''

उन्होंने बताया कि विस्तार की योजना के तहत नोवा रेलवे तकनीक , साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमता और अन्य नयी अभियांत्रिकी तकनीकों से जुड़ी कंपनियों के साथ साझेदारी और निवेश के अवसर तलाश रही है।

## ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में सरकार कर रही है हेराफ़ेरी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में हेराफ़ेरी से कृत्रिम वृद्धि का भ्रम पैदा कर रही है, जबकि वास्तविक मजदूरी वृद्धि पिछले चार वर्षों में सबसे कमजोर स्तर पर है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कांग्रेस ने 2024 में ही आगाह कर दिया था कि सरकार ने रिजर्व बैंक के माध्यम से रोजगार की परिभाषा बदलकर वित्त वर्ष 2018 के बाद 16.8 करोड़ नई नौकरियां सृजित होने का दावा किया था। अब सरकार ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों के साथ भी वैसा ही खेल कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सुस्ती का मूल कारण वास्तविक मजदूरी का ठहराव है, जिससे उपभोग वृद्धि घटी है और निजी निवेश प्रभावित हुआ है। इसका असर देश के श्रमिक वर्ग पर भी पड़ा है। श्री रमेश ने आरोप लगाया कि जून 2025 से मार्च 2026 के बीच ग्रामीण मजदूरी वृद्धि दर में दिखाई गई तेज बढ़ोतरी कार्यप्रणाली में बदलाव का परिणाम है। उनका यह भी कहना है कि श्रम ब्यूरो ने बिना किसी सार्वजनिक सूचना के नया सैंपलिंग ढांचा अपनाया जिसके तहत पूर्वोत्तर के कई राज्यों, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और गोवा के श्रमिकों को नमूने में शामिल किया गया। उनके अनुसार इन क्षेत्रों की औसत मजदूरी पुराने नमूने की तुलना में 50 से 55 प्रतिशत अधिक है, जिससे आंकड़ों में कृत्रिम उछाल दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि वास्तविक मजदूरी वृद्धि दर लगभग 4.3 प्रतिशत है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे कमजोर वृद्धि है और यह पूरा मामला ''आंकड़ों में हेराफ़ेरी की राजनीति'' को दर्शाता है।

# वैश्विक जहाज पुनर्चक्रण में भारत बना अग्रणी राष्ट्र : सोनोवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि समुद्री क्षेत्र के सुधारों के कारण भारत 2025 में वैश्विक जहाज पुनर्चक्रण के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बन गया है। श्री सोनोवाल ने बताया कि संयुक्तराष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक जहाज पुनर्चक्रण में भारत की हिस्सेदारी सर्वाधिक 35.4 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किये गये निरंतर नीतिगत सुधारों, उद्योग जगत के प्रयासों तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन का परिणाम है। इससे जिम्मेदार एवं टिकाऊ जहाज पुनर्चक्रण के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि 2024 में भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 30.1 प्रतिशत थी, जो 2025 में बढ़कर 35.4 प्रतिशत हो गयी है। इसी अवधि में देश में जहाज पुनर्चक्रण की मात्रा 18.6 लाख ग्रॉस टन तथा 29.9 लाख ग्रॉस टन हो गयी है। इसके साथ ही भारत ने समुद्री भारत विजन-2030 के तहत विश्व का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। मंत्रालय के अनुसार जहाज पुनर्चक्रण क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए जहाज पुनर्चक्रण अधिनियम-2019 लागू किया गया है तथा हांगकांग कन्वेंशन के अनुरूप 115 यार्डों के आधुनिकीकरण के लिए 53.5 करोड़ रुपये की सहायता दी गयी है। इसके अलावा जहाज पुनर्चक्रण क्रेडिट नोट योजना लागू की गयी है और गुजरात के अलंग शिप रिसाइक्लिंग यार्ड के विस्तार के माध्यम से देश की क्षमता को लगभग दोगुना कर नौ मिलियन लाइट डिस्प्लेसमेंट टन तक पहुंचाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

# साइबर अपराधियों को फर्जी बैंक सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली साइबर पुलिस ने देशभर में सक्रिय एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो साइबर अपराधियों को फर्जी बैंक खाते, फर्जी कंपनियों और बैंक सुविधाएं उपलब्ध कराता था।

पुलिस ने पहाड़गंज के एक होटल में छापा मारकर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक सक्रिय पीओएस मशीन, डेबिट कार्ड, चेक बुक, पार्टनरशिप डीड, कॉर्पोरेट दस्तावेज, मोबाइल फोन और बैंक सुविधाओं से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद हुई है। अब पुलिस पैसों के लेन-देन की कड़ी का पता लगाने और गिरोह के बाकी सदस्यों की पहचान करने में जुटी है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद पर्वत निवासी संजय (30), पटेल नगर निवासी कुलदीप गोले (32), हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना निवासी निर्दोष बिदलान (24) और राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी दीपक बिश्नोई (20) के रूप में हुई है।

दिल्ली मध्य के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि यह गिरोह कमीशन लेकर लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाता था या फर्जी कंपनियां बनवाता था। बाद में इन खातों का इस्तेमाल निवेश ठगी, फर्जी नौकरी के झांसे और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से ठगे गए पैसे को एक जगह से दूसरी जगह भेजने और छिपाने के लिए किया जाता था। उपायुक्त ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने पहाड़गंज के कृष्णा होटल में छापा मारा। उस समय गिरोह के चार सदस्य आगे इस्तेमाल के लिए बैंकिंग व्यवस्था तैयार कर रहे थे, तभी उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह पूरा गिरोह संगठित तरीके से काम करता था। इसमें दूसरे राज्यों के आपूर्तिकर्ता, स्थानीय समन्वयक और इन सुविधाओं का इस्तेमाल करने वाले लोग शामिल थे। जांच में पता चला कि एसजी एंटरप्राइजेज, जीएम एंटरप्राइजेज और एचएम ट्रेडर्स जैसी फर्जी कंपनियां जाली दस्तावेजों के आधार पर खोली गयी थीं, ताकि उनके नाम पर व्यावसायिक चालू खाते खोले जा सकें। साइबर ठगी से हासिल रकम इन खातों में डाली जाती थी और फिर पीओएस मशीनों तथा मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए उसे सामान्य और वैध लेन-देन का रूप दिया जाता था। पुलिस ने एक सक्रिय इंडसइंड बैंक पीओएस मशीन, एक मर्चेंट यूपीआई क्यूआर स्कैनर, पांच कमर्शियल करंट अकाउंट की चेक बुक और पासबुक, छह एटीएम और डेबिट कार्ड, तीन मूल पार्टनरशिप डीड, उनसे जुड़े कॉर्पोरेट दस्तावेज, रबर स्टैंप, पैन कार्ड, एक व्यावसायिक किराया समझौता और बैंकिंग रिकॉर्ड व डिजिटल बातचीत का डेटा रखने वाले चार मोबाइल फोन जब्त किये हैं। जांचकर्ताओं के अनुसार, तकनीकी जांच में सामने आया है कि जब्त किए गए कई बैंक खाते कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के मामलों से जुड़े हैं। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सहयोगियों और इससे जुड़े और खातों की तलाश कर रही है।

# पेज एक का शेष

### कॉलेजियम कार्यवाही...

उच्चतम न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई से इनकार के बाद याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अपनी याचिका वापस ले लेंगे। साथ ही, उन्होंने उच्च न्यायालय के सक्षम अधिकारी से प्रशासनिक स्तर पर उचित राहत मांगने या न्यायिक स्तर पर उपाय खोजने की छूट भी देने का अनुरोध किया। पीठ ने याचिकाकर्ता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने दो जून को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में तीन न्यायिक अधिकारियों- चिराग भानु सिंह, भूपेश शर्मा और योगेश जसवाल की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी थी। शीर्ष न्यायालय ने सोमवार को सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह संकेत मिले कि उच्च न्यायालय कॉलेजियम ने याचिकाकर्ता का नाम खारिज कर दिया था। पीठ ने कहा, ''इस चरण में आपकी उम्मीदवारी को अस्वीकार नहीं किया गया है। कृपया कुछ समय प्रतीक्षा करें।

### जांच में 159 दवाओं ...

मई में असम से एक नकली दवा का सैंपल भी पकड़ा गया। इसको किसी अनाधिकृत कंपनी ने दूसरी बड़ी कंपनी के ब्रांड का गलत इस्तेमाल करके बनाया था। फिलहाल इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अमेरिका-ईरान के...

और विकास योजना शुरू की गई है''। इस पोस्ट में फ्रीज हुई परिसंपत्तियों या पुनर्निर्माण कार्यक्रम के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फ़ार्स के अनुसार, ईरानी प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने वाली मीडिया समिति ने एक अलग बयान में कहा कि ईरान और कतर ने तेहरान की फ्रीज हुइर परिसंपत्तियों को छोड़ने से संबंधित एक नए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद से दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह और इज़रायल सेना के बीच लड़ाई तेज़ हो गई है और इज़रायली हवाई हमलों में दर्जनों लेबनानी नागरिक मारे गए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

### कीर स्टॉर्मर...

सुबह महाराजा चार्ल्स तृतीय से बात करके उन्हें इस फैसले के बारे में जानकारी दी। कीर स्टॉर्मर अब लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति से अपने उत्तराधिकारी के चयन की समय-सीमा तय करने का अनुरोध करेंगे। इसके तहत नौ जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश, जो 17 जुलाई से निर्धारित है, से पहले नए नेता के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। स्टॉर्मर ने कहा कि अगर मुकाबला होता है, तो इससे यह पक्का हो जाएगा कि सितंबर में संसद के फिर से शुरू होने से पहले नया नेता चुन लिया जाए। उन्होंने कहा कि नए नेता को ऐसा ब्रिटेन मिलेगा जो दो साल पहले मुझे मिले ब्रिटेन से कहीं ज्यादा मजबूत और न्यायपूर्ण है, आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है और लेबर पार्टी को लगातार दूसरी बार सत्ता में वापस लाने में भी अधिक सक्षम है। स्टॉर्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने जुलाई 2024 के आम चुनाव में भारी जीत हासिल की थी। हाल के महीनों में कुछ विवादित फैसलों की वजह से प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। भावुक दिख रहे स्टॉर्मर ने कहा कि जब मैं देश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी वाला पद छोड़ूंगा, तो मैं अपनी जिंदगी की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर अधिक समय दूंगा। मैं अपनी पत्नी विक का बेहतर पति बनने की कोशिश करूंगा, जिन्होंने अच्छे और बुरे हर दौर में मेरा मजबूती से साथ दिया है। साथ ही, मैं अपने प्यारे बच्चों का सबसे अच्छा पिता बनने का प्रयास करूंगा, जो मेरे गर्व और खुशी का सबसे बड़ा कारण हैं। ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर एंडी बर्नहैम ने इस बात की पुष्टि की है कि वह की स्टॉर्मर की जगह लेने के लिए लेबर पार्टी के नेता और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल होंगे। बर्नहैम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'वह इस प्रक्रिया के तहत अपनी दावेदारी पेश करेंगे।' एक अन्य प्रमुख दावेदार माने जाने वाले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा है कि वह बर्नहैम का समर्थन करेंगे। इससे यह संभावना बढ़ गई है कि बर्नहैम को बिना औपचारिक मुकाबले के ही चुना जा सकता है। बर्नहैम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में स्टॉर्मर को उनकी सेवा और नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्टॉर्मर के पद छोड़ने का निर्णय एक बदलाव की शुरुआत को दर्शाता है।

### उत्सव को उपद्रव...

उपहार देते हैं तो इससे उत्तर प्रदेश भी गौरवान्वित होता है। सीएम ने कहा कि 9 साल पहले विधायक मनीष असीजा मेरे पास आए और अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने तबाही मचाई हुई है, यह बंद हो तो उद्यमी-व्यापारी कुछ करें। हमने बोर्ड के छापों को बंद कराया, उद्यमियों को नई तकनीक दी और गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराई। अब फिरोजाबाद के उद्यमी बिजली से भी भट्टियों का संचालन कर उसे सोलर पैनल से जोड़कर नई तकनीक के साथ आगे बढ़ चुके हैं। आलू उत्पादक किसानों ने भी फिरोजाबाद को समृद्ध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा जनपद को पहचान दिलाते हुए सनातन धर्मावलंबियों को पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की प्रेरणा दे रही है। उनका जन्म भले ही महाराष्ट्र में हुआ, वह इंदौर की महारानी रहीं, लेकिन उनका कार्यक्षेत्र पूरा भारत था। जहां सनातन धर्म है, वहां लोकमाता की उपस्थिति है। विदेशी आक्रांताओं ने जिन धर्मस्थलों को नष्ट किया, लोकमाता ने उन सभी का पुनरुद्धार किया। जब उनकी जयंती के 300 वर्ष हुए तो पूरे देश में लोकमाता के त्रिशताब्दी कार्यक्रम को भव्यता से मनाया गया। मैं भी अनेक कार्यक्रमों से जुड़ा। हमारी सरकार ने जगह-जगह उनकी प्रतिमाओं को स्थापित किया। औरैया मेडिकल कॉलेज का नामकरण लोकमाता के नाम पर किया गया। लोकमाता ने अपने कृतित्व के माध्यम से धर्म की स्थापना व पुनरुद्धार के लिए प्रेरणा प्रदान की। सीएम ने कहा कि यहां की विकास परियोजनाएं बताती हैं कि विधायकों ने मेहनत की। उनका व्यक्तिगत परिश्रम भी रंग लाया। सीएम ने विधायक प्रेमपाल धनगर व अन्य जनप्रतिनिधियों को विकास में रुचि के लिए बधाई दी। कहा कि अब टुंडला में भी विकास दिखाई दे रहा है। सीएम ने विश्वास जताया कि जनता का आशीर्वाद भाजपा व हमारे जनप्रतिनिधियों को प्राप्त होता रहेगा। सीएम ने प्रदेशवासियों को मिलने वाली सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 15 करोड़ गरीबों को राशन, आयुष्मान भारत के तहत 10 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, 65 लाख गरीबों को आवास, दो करोड़ गरीबों को रसोई गैस कनेक्शन, लगभग डेढ़ करोड़ परिवारों को बिजली कनेक्शन और 16 लाख किसानों के निजी ट्यूबवेल के बिल माफ कर मुफ्त बिजली दी जा रही है। किसानों को सरकार क्रय केंद्रों व सॉइल हेल्थ कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराती है। पीएम मोदी ने शनिवार को किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजी, जिसमें यूपी के किसानों के खाते में 4300 करोड़ रुपये से अधिक आए। सीएम ने स्पष्ट कहा कि यह हमारी कार्य संस्कृति है कि अब किसी कार्यालय में बाबू के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। नीयत जब साफ होती है तो नीति व नियंता मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही डबल इंजन सरकार की पहचान है। जनता के आशीर्वाद की बदौलत भाजपा सरकार विकास व विरासत की यात्रा को बढ़ा रही है। यूपी अब पर्यटन केंद्रों के विकास, अच्छी कानून व्यवस्था, विकास परियोजनाओं, दिव्य-भव्य महाकुंभ, अयोध्या में राम मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम, मथुरा-वृंदावन के वृहद स्वरूप के लिए पहचाना जा रहा है। इस दौरान पर्यटन/संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर कामिनी राठौर, विधायक मनीष असीजा, प्रेमपाल सिंह धनगर, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सुमित प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# पंजाब में उद्योगपतियों की समस्या का समाधान कर देंगे बेहतर औद्योगिक माहौल : नितिन नवीन

■ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लुधियाना में किया उद्योगपतियों से मंथन पूछी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लुधियाना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लुधियाना में उद्योग जगत से जुड़े प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में पंजाब में उद्योगों को बढ़ावा देने, नए निवेश लाने, रोजगार सृजन और उद्योगपतियों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ लुधियाना के कई प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने पंजाब में उद्योगों के सामने आ रही चुनौतियों को भाजपा नेतृत्व के सामने रखा। उन्होंने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित औद्योगिक माहौल, आसान व्यापारिक नीतियों, बिजली, टैक्स व्यवस्था, कुशल श्रमिकों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की मांग की। नितिन नवीन ने कहा कि पंजाब में उद्योगों को बेहतर और सुरक्षित माहौल देने के लिए भाजपा विशेष योजना लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब कभी उद्योगों के लिए देश के सबसे मजबूत राज्यों में गिना जाता था, लेकिन आज उद्योगपति कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। भाजपा इन समस्याओं को गंभीरता से सुनेगी और उनके समाधान के लिए ठोस नीति तैयार करेगी। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर पंजाब में इंडस्ट्री को नई रफ्तार मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मजबूत किए बिना पंजाब की आर्थिक तरक्की संभव नहीं है, इसलिए उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि भाजपा पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज जैसा सुशासन, भाईचारा, अमन-शांति और खुशहाली वापस लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब को दोबारा औद्योगिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार, उद्योग जगत और समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा।

# कृषि अर्थशास्त्री एसएस जौहल से मिले नितिन नवीन, फसल विविधीकरण पर हुई चर्चा

■ पंजाब की कृषि व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और खेती के विकास को लेकर किया विस्तृत विचार-विमर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लुधियाना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंजाब दौरे के आखिरी दिन सोमवार को लुधियाना में प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री और पद्म भूषण अवॉर्डी डॉ. सरदारा सिंह जौहल से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पंजाब की कृषि व्यवस्था, किसानों से जुड़े मुद्दों, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तीन दिवसीय पंजाब दौरे पर आए नितिन नवीन ने आज डॉ. सरदारा सिंह जौहल से मुलाकात कर कृषि क्षेत्र से जुड़े अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया। नितिन नवीन ने कहा कि डॉ. सरदारा सिंह जौहल देश के प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों में से एक हैं। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर और कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के चेयरमैन के रूप में उन्होंने देश की कृषि नीति को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने फसल विविधीकरण और कृषि सुधारों को लेकर भी अहम योगदान दिया है। बैठक के दौरान पंजाब में किसानों के सामने आ रही चुनौतियों, पारंपरिक खेती पर बढ़ते दबाव, फसल विविधीकरण की जरूरत और कृषि क्षेत्र को अधिक मजबूत बनाने के मुद्दों पर चर्चा हुई। नितिन नबीन ने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था में कृषि की अहम भूमिका है और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीति और दूरदर्शी सोच की जरूरत है।

# बठिंडा थर्मल प्लांट की चारों यूनिट बंद बिजली उत्पादन को लेकर बढ़ी चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बठिंडा। भीषण गर्मी और धान की रोपाई के सीजन के बीच बठिंडा जिले के लहरा मोहब्बत स्थित 920 मेगावाट क्षमता वाले गुरु हरगोबिंद थर्मल प्लांट (जीएचटीपी) की चारों यूनिट बंद हो गई हैं। इससे राज्य में बिजली उत्पादन को लेकर चिंता बढ़ गई है। जीएचटीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्लांट में करीब 500 नियमित कर्मचारी हैं, जिनमें से लगभग आधे कर्मचारी क्लेरिकल काम से जुड़े हुए हैं। एक यूनिट 17 जून को बंद हुई थी, जबकि दो अन्य यूनिट 19 जून को बंद की गईं। रविवार को चौथी यूनिट भी फ्लाई ऐश के भारी जमाव के कारण बंद करनी पड़ी। थर्मल प्लांट में करीब 1,800 ठेका कर्मचारी इस समय हड़ताल पर हैं। सभी यूनिट बंद होने के बाद प्लांट प्रबंधन ने फ्लाई ऐश हटाने और संचालन दोबारा शुरू करने के लिए अतिरिक्त मैनपावर की मांग की है। जीएचटीपी के चीफ इंजीनियर तेज बंसल ने बताया कि 210 मेगावाट क्षमता वाली एक यूनिट को शाम तक चालू करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह समस्या ठेका कर्मचारियों की हड़ताल के कारण पैदा हुई है। ठेका कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि उन्हें ठेकेदारों के माध्यम से रखने के बजाय सीधे पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधीन नियुक्त किया जाए। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का आंदोलन 9 जून से शुरू हुआ था, जबकि 16 जून से सभी ठेका कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। तेज बंसल के अनुसार 250 मेगावाट क्षमता वाली चौथी यूनिट को रविवार को इसलिए बंद करना पड़ा, क्योंकि यूनिट बंद किए बिना फ्लाई ऐश हटाना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि टीमें संचालन बहाल करने में जुटी हुई हैं और उम्मीद है कि एक और यूनिट शाम तक चालू हो जाएगी।

# 'पंच परिवर्तन' को जीवन में अपनाकर ही सशक्त समाज का निर्माण संभव : हरिश्चंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के उत्तर क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हरिश्चंद्र ने स्वयंसेवकों और समाज के सभी वर्गों से अपने जीवन में 'पंच परिवर्तन' को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, नागरिक कर्तव्यों का पालन और स्वदेशी के प्रति प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों को व्यवहार में उतारकर ही सशक्त, संस्कारित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण किया जा सकता है। हरिश्चंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दिल्ली प्रांत द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य) महाविद्यालयीन विद्यार्थी एवं तरुण व्यवसायी वर्ग के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार स्थित ललित महाजन विद्यालय में आयोजित इस समारोह में इंडसेपी की मुख्य परियोजना निदेशक डॉ. शैलजा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इन्द्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, पिछले 15 दिनों से संचालित इस प्रशिक्षण वर्ग में दिल्ली प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों से आए 159 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता, मानसिक सुदृढ़ता, वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर व्यावहारिक एवं वैचारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपने संबोधन में हरिश्चंद्र ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, राष्ट्रचिंतन और संगठनात्मक दृष्टि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार का राष्ट्रीय जीवन विविध अनुभवों से समृद्ध था। कलकत्ता (अब कोलकाता) में एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान वे अनुशीलन समिति जैसे क्रांतिकारी संगठनों के संपर्क में रहे और स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न धाराओं को निकटता से समझा। साथ ही वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों से भी जुड़े रहे। इन अनुभवों ने उनके राष्ट्रवादी चिंतन को व्यापक दृष्टि प्रदान की और उन्हें इस निष्कर्ष तक पहुंचाया कि राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम व्यक्ति निर्माण है। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना से ही व्यक्तित्व निर्माण और समाज संगठन उसके कार्य का मूल आधार रहा है। संघ का विश्वास है कि जब व्यक्ति में चरित्र, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है, तभी समाज संगठित और राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ चरित्र, उच्च नैतिक मूल्यों और राष्ट्रनिष्ठा से युक्त व्यक्तियों का निर्माण ही राष्ट्र की प्रगति और उत्थान का वास्तविक आधार है। संघ के वर्तमान कार्य विस्तार का उल्लेख करते हुए हरिश्चंद्र ने कहा कि आज देशभर में 83 हजार से अधिक शाखाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में 1.77 लाख से अधिक सेवा परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संघ के विभिन्न प्रशिक्षण वर्गों में 21 हजार से अधिक शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जो संगठन के बढ़ते विस्तार और सामाजिक स्वीकार्यता को दर्शाता है।

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा अब 30 जून से

सारण। जयप्रकाश विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग ने पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2023-25 की परीक्षा का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक में बताया कि अब यह परीक्षा 25 जून के बजाय 30 जून से शुरू होकर 7 जुलाई तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। दरअसल, 25 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा होने के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन ने उस दिन होने वाली कोर कोर्स-10 की परीक्षा को अब 7 जुलाई को कराने का निर्णय लिया है। शेष अन्य विषयों की परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय और तारीख पर ही होंगी। परीक्षा के लिए विषयों को दो ग्रुपों में बांटा गया है। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगी, जिसमें ग्रुप ए गणित, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, उर्दू, संस्कृत, कॉमर्स की परीक्षा होगी। दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी, जिसमें ग्रुप बी भौतिकी, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी की परीक्षा ली जाएगी।

# प्रीत विहार में ड्रग्स सप्लाई चेन का भंडाफोड़, नाइजीरियाई और केन्याई नागरिक समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन वाली एक ड्रग्स सप्लाई चेन का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक नाइजीरियाई और एक केन्याई नागरिक समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से करीब 11 ग्राम एमडीएमए, 61 ग्राम गांजा, 1.37 लाख रुपये नकद और दो स्कूटर बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पूर्वी जिले में नशा तस्करी पर रोक लगाने के लिए प्रीत विहार थाना पुलिस लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी क्रम में एसआई क्रांतिवीर, एसआई शिवम, हेड कांस्टेबल रविंदर, हेड कांस्टेबल नवीन और कांस्टेबल अनुभव की टीम का गठन किया गया। टीम ने स्थानीय खुफिया जानकारी और निगरानी के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया।

# बिहार में चीनी उद्योग के पुनरुद्धार पर सरकार का फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ बंद चीनी मिलों को फिर से चालू करने की तैयारी तेज




पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में गन्ना उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने राज्य में चीनी उद्योग के पुनरुद्धार, निवेश को प्रोत्साहन देने और गन्ना किसानों की आय में वृद्धि के लिए व्यापक एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गन्ना आधारित उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं। राज्य की कई चीनी मिलें वर्षों से बंद पड़ी हैं, जिनके पुनर्जीवन से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, बल्कि लाखों किसानों और श्रमिकों को भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगा। उन्होंने अधिकारियों से बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनरुद्धार तथा नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए ठोस एवं समयबद्ध रणनीति तैयार करने को कहा।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से रैयाम, सकरी, सासामुसा, मधौरा, मोतीपुर, समस्तीपुर, चकिया, चनपटिया और मोतिहारी स्थित बंद चीनी मिलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए तेजी से कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इन परियोजनाओं के शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और गन्ना उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य तथा सुलभ बाजार उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्रों के रूप में विकसित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाने, प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में सुधार लाने, आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने तथा किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयास किए जाने चाहिए। इससे राज्य में गन्ना उत्पादन बढ़ेगा और चीनी उद्योग को भी पर्याप्त कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा। बैठक में बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना, उद्यमियों को प्रोत्साहन देना तथा चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने, आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने तथा निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण और औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गन्ना क्षेत्र के समग्र विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों को पूरा करने का भी निर्देश दिया, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों और उद्योग जगत तक पहुंच सके।

# अयोध्या राम मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे अरविंद केजरीवाल, एक्स पर दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आगामी शक्रवार को अयोध्या स्थित राम मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि वह आगामी शुक्रवार को अयोध्या स्थित राम मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि 'अयोध्या श्री राम मंदिर में चढ़ावा चोरी से हर सनातनी बेहद दुखी है।' उन्होंने आगे कहा कि वह शुक्रवार को श्री राम मंदिर जाकर दर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान और चंदे में कथित हेराफ़ेरी का मामला जून महीने के शुरुआती दिनों में तब सामने आया, जब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आंतरिक ऑडिट में भारी विसंगतियां मिलने के आरोप लगे। ऑडिट में गड़बड़ी मिलने के आरोप के बाद जब मंदिर परिसर और दानपात्रों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो वहां तैनात कर्मचारियों की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध नजर आई। इसके तुरंत बाद मंदिर के दो संविदा कर्मियों को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उनके पास से लाखों रुपये की नकदी बरामद हुई, जिसे उन्होंने पकड़े जाने के डर से परिसर के पास गोबर के ढेर में छिपाकर रखा था। इस शुरुआती खुलासे के बाद ट्रस्ट की मांग पर उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया और मामले की तह तक जाने के लिए 13 जून को 3 सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया।

# पौड़ी के कंडोलिया में इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। बहुप्रतीक्षित कंडोलिया इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ सोमवार को स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला खेल अधिकारी जयबीर रावत ने बताया कि स्टेडियम में वुडन फ्लोर मैटिंग, पॉलिशिंग, वॉल पेंटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत कार्य कराए गए हैं। इससे खिलाड़ियों को अब बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण में अभ्यास और प्रतियोगिताओं की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक ने जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि पौड़ी नगर को नई पहचान देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिला पुस्तकालय, जिला विज्ञान संग्रहालय सहित अनेक जनोपयोगी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि इंडोर स्टेडियम का सौंदर्यीकरण अत्यंत आकर्षक एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता का है, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण किया गया। उन्होंने नागरिकों एवं खिलाड़ियों से स्टेडियम के संरक्षण एवं रखरखाव में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि गत सप्ताह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्टेडियम का लोकार्पण किया गया था, जिसके बाद अब यह सुविधा खिलाड़ियों के उपयोग के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध हो गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में खिलाड़ियों को खेल अभ्यास के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। निरीक्षण के दौरान इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधार कार्य कराए गए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को उच्च मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, जो पौड़ी नगर के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा। उन्होंने बताया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैडमिंटन कोच की भी नियुक्ति की गई है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को बचपन से ही आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक एवं जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। खिलाड़ियों ने भी स्टेडियम के नए स्वरूप पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात, डीएसटीओ राम सलोने, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, परियोजना प्रबंधक ग्रामोत्थान कुलदीप बिष्ट आदि शामिल रहे।

# संत सम्मेलन में शामिल हुए धामी, कुंभ को दिव्य और भव्य बनाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददददाता



हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हरिद्वार पहुंचे, जहां उन्होंने हरिसेवा आश्रम में आयोजित स्थापना दिवस समारोह एवं संत सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में देशभर से आए संत-महात्माओं के साथ कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संतों के मार्गदर्शन और सहयोग से कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाला कुंभ मेला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होगा। इसके लिए सड़क, पेयजल, यातायात, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से विकसित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल ही में सामने आए गुरुद्वारा विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर सिख गुरुओं का विशेष योगदान रहा है और राज्य सरकार सभी धर्मों एवं संप्रदायों का सम्मान करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063